राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शनिवार, 05 जुलाई 2025
वर्ष 06, अंक 272, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

स्कूल बस पलटी एक की हुई मौत घर में मचा कोहराम, बस में सवार दस बच्चे घायल,...03

उत्तर भारत में बारिश के कहर से सब्जियों के दाम आसमान पर, रसोई का बिगड़ा बजट.....12

# 903 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग का खुलासा..
# चीनी ऐप निवेश घोटाले में ईडी का बड़ा एक्शन

**● मास्टरमाइंड रोहित विज गिरफ्तार**

**प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चीनी ऐप निवेश धोखाधड़ी मामले में मुख्य आरोपी रोहित विज को गिरफ्तार किया है. दिल्ली में 5 ठिकानों पर छापेमारी के दौरान अपराध की आय (क्व्ह्रष्ट) का पता चला है, जिसमें 903 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग का खुलासा हुआ है. इसके साथ ही कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए गए है.**




प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चीनी ऐप 'LOXAM' से जुड़े निवेश धोखाधड़ी मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए मास्टरमाइंड रोहित विज को 30 जून को गिरफ्तार किया था. मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम (PMLA), 2002 के तहत दिल्ली में रोहित विज, उनकी व्यावसायिक इकाइयों और सहयोगियों से जुड़े 5 ठिकानों पर तलाशी ली गई है. इस कार्रवाई में 903 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग का खुलासा हुआ है, साथ ही इस मामले में कई आपत्तिजनक दस्तावेज और सबूत भी जब्त किए गए हैं।

इस कार्रवाई में अपराध की आय (Proceeds of Crime) का भी पता चला है. ईडी के अनुसार, यह मामला चीनी ऐप 'LOXAM' के जरिए निवेश के नाम पर लोगों से ठगी करने से जुड़ा है.यह ऐप फ्रांस की एक प्रतिष्ठित स्ह्रष्ट के नाम का दुरुपयोग कर बनाया गया था. रोहित विज और उनके सहयोगियों ने कथित तौर पर निवेशकों को झूठे वादों के जरिए लुभाया और उनसे बड़ी रकम हड़प ली है. छापेमारी के दौरान मिले दस्तावेज में इस घोटाले की गहराई और इसके नेटवर्क को उजागर करने में अहम साबित हो सकते है।

**जांच में क्या-क्या बरामद हुआ?**

बता दें कि ईडी की जांच में रोहित विज के ठिकानों से उसकी अपराधिक मामलों से जुड़ी आय का पता चला है. रोहित विज ने मेसर्स शिंदाई टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के बैंक खाते में 171.47 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की रकम जमा की थी. इस रकम को 38 खच्चर खातों के जरिए मेसर्स रंजन मनी कॉर्प प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स केडीएस फॉरेक्स प्राइवेट लिमिटेड जैसे शेल मनी चेंजरों के माध्यम से विदेशी मुद्रा (मुख्य रूप से स्ठ्ठ और ्रश्व दिरहम) में बदला गया था. 7 महीनों में रोहित विज की इन संस्थाओं ने 903 करोड़ रुपये की काली कमाई को विदेशी मुद्रा में परिवर्तित किया और हवाला चैनलों के जरिए चीनी अपराधियों तक पहुंचाया है।

**ईडी की कार्रवाई क्यों अहम है?**

यह कार्रवाई डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर बढ़ते साइबर अपराधों और मनी लॉन्ड्रिंग पर नकेल कसने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. चीनी ऐप्स के जरिए निवेशकों को ठगने वाले इस तरह के नेटवर्क देश की आर्थिक सुरक्षा के लिए खतरा माना जा रहा है. रोहित विज को 5 दिनों की ईडी हिरासत में भेजा गया है, और जांच एजेंसी इस घोटाले के अन्य सदस्यों तक पहुंचने के लिए गहन जांच कर रही है.

**पूरे मामले की जांच की जा रही है-ईडी**

रोहित विज से पूछताछ के आधार पर ईडी इस नेटवर्क के अन्य सदस्यों और इस घोटाले के पीछे के बड़े चेहरों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है. जांच एजेंसी यह भी पता लगाने में जुटी है कि इस धोखाधड़ी से अर्जित रकम का इस्तेमाल कहां-कहां किया गया है? इसके साथ-साथ ही उन पैसों को किस तरह के कामों में लाया गया है? जिससे ईडी इस पूरे मामले की तह तक जा सके और दोषियों को सजा मिल सके।

**पैसा कैसे घुमाया गया?**

जांच में सामने आया कि धोखाधड़ी से जुटाया गया पैसा एक फर्जी भारतीय कंपनी M/s Xindai Technologies Pvt. Ltd. के खाते में जमा किया गया। ये कंपनी एक भारतीय मूल के शख्स के नाम पर बनाई गई थी, लेकिन असल में इसे एक चीनी नागरिक 'जैक' चला रहा था. उसने इंटरनेट बैंकिंग का पूरा कंट्रोल अपने पास रखकर ये पैसा 38 फर्जी खातों में ट्रांसफर किया. इसके बाद रोहित विज और उसके साथियों ने लोगों से फ्रॉड कर इकट्ठा किया ये काला धन दिल्ली की दो शेल मनी चेंजर कंपनियों (M/s Ranjan Money Corp Pvt Ltd और M/s KDS Fore& Pvt Ltd) के जरिए विदेशी करेंसी (अमेरिकी डॉलर और UAE दिरहम) में बदल दिया और हवाला नेटवर्क के जरिए इसे चीन तक पहुंचाया।

**कितनी बड़ी है रकम?**

सिर्फ Xindai Technologies के जरिए करीब 171.47 करोड़ रुपए को विदेशी मुद्रा में बदला गया, लेकिन गहराई से जांच करने पर पता चला कि रोहित विज की कंपनियों ने 7 महीनों के भीतर करीब 903 करोड़ रुपए का ऐसा ही संदिग्ध पैसा विदेशी मुद्रा में बदला और चीन के आरोपियों तक पहुंचाया।

**गिरफ्तारी और रिमांड**

श्वष्ठ ने रोहित विज को 30 जून 2025 को गिरफ्तार किया और उसे 5 दिन की रिमांड पर लिया गया है. जांच एजेंसी का मानना है कि रोहित विज इस फर्जीवाड़े के पीछे का मुख्य खिलाड़ी है, जिसने जिसने चीनी नेटवर्क के साथ मिलकर भारत के लोगों की गाढ़ी कमाई का पैसा ठग कर चीन तक पहुंचाया।

# शिंदे ने लगाया 'जय महाराष्ट्र, जय गुजरात' का नारा, विपक्ष ने घेरा तो फडणवीस ने दिलाई कर्नाटक की याद



पुणे में एक कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के "जय गुजरात" नारे से महाराष्ट्र की राजनीति गरमा गई है. कांग्रेस और शिवसेना (उद्धव गुट) ने इसे मराठी अस्मिता का अपमान बताया, जबकि मुख्यमंत्री फडणवीस ने शिंदे का बचाव किया. फडणवीस ने कहा कि यह नारा कार्यक्रम की भावना और समुदाय के सम्मान में था, न कि राज्य के प्रति प्रेम को दर्शाता है. शरद पवार के पुराने उदाहरण का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि यह भारत की विविधता का प्रतीक है, मराठी अस्मिता का अपमान नहीं. पुणे में आयोजित एक कार्यक्रम में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा जय गुजरात का नारा लगाए जाने को लेकर महाराष्ट्र की राजनीति में नया बवाल खड़ा हो गया है, जहां कांग्रेस और शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) ने इसे महाराष्ट्र और मराठी अस्मिता का अपमान बताया, वहीं मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस खुलकर शिंदे के बचाव में आ गए हैं।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एकनाथ शिंदे का बचाव करते हुए कहा कि यह नारा किसी राज्य या भाषा के प्रेम को कम या ज्यादा दिखाने का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह कार्यक्रम की भावना और समुदाय के सम्मान में कहा गया था. फडणवीस ने कहा, सिर्फ इसलिए कि शिंदे ने जय गुजरात कहा, इसका ये मतलब निकाल लेना कि उन्हें महाराष्ट्र से कम और गुजरात से ज्यादा प्रेम है. यह संकीर्ण मानसिकता का परिचायक है, और मराठी मानुष को ऐसी सोच शोभा नहीं देती।

**शरद पवार को दिलाई 'जय कर्नाटक' की याद**

फडणवीस ने विपक्ष पर भी हमला करते हुए कहा कि विपक्ष के पास अब कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है. उन्होंने कहा, विपक्ष अब जनता से कट चुका है. उन्हें ये भी नहीं पता कि जनता के मन में क्या है. इसलिए वे ऐसे मुद्दे उठा रहे हैं, जिनका जनमानस से कोई लेना-देना नहीं है. मुख्यमंत्री ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के प्रमुख शरद पवार का एक पुराना उदाहरण भी दिया. उन्होंने याद दिलाया कि जब पवार ने कर्नाटक के चिकोडी में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर भाषण दिया था, तब उन्होंने भी मंच से जय महाराष्ट्र, जय कर्नाटक का नारा दिया था।

फडणवीस ने सवाल उठाया, क्या इसका मतलब यह है कि शरद पवार को कर्नाटक से ज्यादा प्रेम है और महाराष्ट्र से कम? ऐसा नहीं है. हम जिस राज्य में जाते हैं, वहां की जनता की भावना के अनुसार सम्मान जताते हैं. उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी राजनीतिक नेता देश के अलग-अलग हिस्सों में जाते हैं और वहां की भाषा, संस्कृति और लोगों का आदर करते हैं. यह भारत की विविधता और एकता का प्रतीक है, न कि किसी क्षेत्र के प्रति वफादारी की परीक्षा।

फडणवीस ने कहा, हम सबसे पहले भारतीय हैं. कोई भी नेता जब किसी विशेष समुदाय या राज्य के लोगों के बीच भाषण देता है, तो वहां की सांस्कृतिक भावना का सम्मान करता है. इसे मराठी अस्मिता से जोड़ना बिल्कुल अनुचित है।

**शिंदे के नारे पर मचा घमासान**

दरअसल, पुणे के जयराज स्पोर्ट्स एंड कन्वेंशन सेंटर के उद्घाटन कार्यक्रम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में शिंदे ने अपने भाषण के अंत में कहा जय हिंद, जय महाराष्ट्र, जय गुजरात. चूंकि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गुजराती समुदाय के लोग मौजूद थे और अमित शाह स्वयं गुजरात से हैं, इसलिए शिंदे ने यह नारा लगाया।

## जमीनी विवाद में बुजुर्ग दम्पति को पीटा, मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल



**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के काशीदीन का पुरवा मजरे शोभवापुर गांव में बृहस्पतिवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। करीब आधा दर्जन लोगों ने बुजुर्ग दंपति की पिटाई कर दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मारपीट का यह वीडियो सोशल मीडिया में वायरल है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर दी है। गांव निवासिनी राजवती ने गांव के ही आठ लोगों के विरुद्ध शिकायती पत्र देकर बताया कि बुधवार को उसके घर के निर्माण के लिए की नींव खोदी जा रही थी। तभी गांव निवासी आशीष यादव, सुरेश बहादुर, रिंकू, राकेश, अंकित, राजेश व बृजेश उसके पति संतराम को लाठी डंडों और लात घूसों से पीटने लगे। जब वह बचाने पहुंची तो आरोपी ने उसे भी गिरा कर मारा और जान से मार डालने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि विवाद को लेकर पुलिस की मौजूदगी में एक दिन पहले ही समझौता हुआ था। इसके बावजूद आरोपी समझौते को नहीं माने और मारपीट करने पर आमादा हो गए। मारपीट का यह वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में कुछ लोग बुजुर्ग दंपत्ति को पीटते हुए दिखाई दे रहे हैं। इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई होगी।

## शारदा सहायक नहर में रिसाव से हड़कंप बिसवां में नहर की लाइनिंग टूटी मची अफरातफरी



**● प्रशासन और नहर विभाग ने बोरिया डालकर बंद किया रिसाव**

स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के बिसवां कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम को शारदा सहाय नहर की लाइनिंग का हिस्सा कट जाने से अफरातफरी मच गई कस्बे के सेठगंज से सटी नहर के पुल के पास बारिश के चलते नहर की लाइनिंग का कुछ भाग अचानक कट गया जिससे तेज़ी से पानी रिसने लगा आसपास के लोगों ने जब नहर से पानी बहता देखा तो भय का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। सूचना मिलते ही प्रशासन और नहर विभाग हरकत में आ गए उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला, तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी, अवर अभियंता कुलदीप सिंह समेत नहर विभाग की टीम ने तत्काल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। बोरियों से कटे हिस्से को बंद करने का कार्य युद्धस्तर पर शुरू किया गया कुछ ही देर में रिसाव को नियंत्रण में कर लिया गया उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला ने बताया कि नहर की लाइनिंग का हिस्सा बारिश से क्षतिग्रस्त हुआ था। नहर विभाग ने मौके पर बोरिया डालकर रिसाव पूरी तरह बंद कर दिया है किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए क्षेत्र में राजस्व विभाग और नहर विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को तैनात कर दिया गया है। तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी, लेखपाल नितेश यादव, शिवम सिंह, अवर अभियंता कुलदीप सिंह तथा नहर विभाग की टीम लगातार मौके पर डटी रही प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील की कि किसी तरह की अफवाह न फैलाएं स्थिति पूरी तरह नियंत्रित है अधिकारी और कर्मचारी पूरी निगरानी में जुटे हैं घटना के बाद नहर के किनारे रहने वाले लोगों में भय का माहौल रहा लेकिन राहत कार्य के बाद धीरे-धीरे स्थिति सामान्य हो गई!!

## संक्षिप्त ख़बरें

### यमुना की सफाई को एमवीडीए व नगर निगम की संयुक्त पहल

**एमवीडीए की आर्थिक मदद से नगर निगम खरीदेगा ट्रेस स्केमर मशीन**

**विप्रा देगा नगर निगम को मशीन खरीदने को 2.75 करोड़ रुपये की सहायता**



**मथुरा।** अब मथुरा वृंदावन में यमुना में अब गंदगी नजर नहीं आएगी। यमुना जल की ऊपरी सतह की नियमित सफाई होगी। जल की सतह पर आने वाली गंदगी को साफ करने के लिए दो मशीन की खरीद होने जा रही है। इसके लिए मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण 2.75 करोड़ रुपये नगर निगम को दे रहा है। यह जानकारी देते हुए मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि मथुरा वृंदावन में धार्मिक नगरी है। यह एक मात्र धार्मिक शहर है, जो यमुना के किनारे स्थित है। यहाँ बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से जुड़े मंदिर दर्शन और यमुना पूजन के लिए आते है।यहाँ यम द्वितीया पर यमुना में स्नान का बड़ा आध्यात्मिक महत्व है। लाखों श्रद्धालु इस दिन यमुना में डुबकी लगाते है। अनेक मंदिरों में ठाकुर जी को स्नान आज भी यमुना जल से कराया जाता है। उन्होंने बताया कि यमुना को प्रदूषण मुक्त करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार के प्रयास जारी है। इसी प्रक्रिया में मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण द्वारा यमुना की नियमित सफाई के लिए 2.75 करोड़ रुपये दिए जा रहे है। इस राशि का 50 प्रतिशत भुगतान नगर निगम को दिया है। नगर निगम निगम के स्तर से ट्रेस स्केमर की खरीद की जाएगी, जिससे जल पर सफाई का कार्य होगा। नगर आयुक्त जग प्रवेश ने बताया कि नगर निगम को विकास प्राधिकरण द्वारा धनराशि उपलब्ध करा दी गई है। अब जल्द ही यमुना सफाई के लिए ट्रेस स्केमर की खरीद की प्रक्रिया शुरु होगी। इससे यमुना जल की ऊपरी सतह पर कूड़ा जमा नहीं हो सकेगा। यमुना के घाटों पर स्वच्छता रहेगी।

# जर्जर भवन में चल रहा है श्री देवता प्रसाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय

**● कभी भी गिर सकता है पुराना धर्मशाला का भवन**

**जर्जर भवन में विद्यालय चलाने का जिम्मेदार कौन है? प्रबंधक या प्रधानाध्यापक?**

स्वतंत्र प्रभात

**हलिया, मीरजापुर।** ड्रमडगज स्थानीय बाजार ड्रमंडगंज स्थित श्री देवता प्रसाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की हालत लगातार बदतर होती चली जा रही है। वर्षो से जर्जर भवन में कक्षा -6-10तक की कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। लोगों का कहना है कि श्री देवता प्रसाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का वर्षो पुराना भवन कभी भी धराशायी हो सकता है जिससे बड़ा हादशा होने का भय हमेशा बना रहता है। जर्जर भवन में विद्यालय चलाने का जिम्मेदार कौन है? प्रबंधक या प्रधानाध्यापक?

बताया जाता है कि सितंबर 2018में तत्कालीन बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी तथा प्रबंधक के मौजुदगी मे तीन अध्यापकों की नियुक्ति की गई थी जिसमें से एक विज्ञान के अध्यापक अपना ट्रांसफर करवाकर अन्यत्र चले गए। वर्तमान में कक्षा -6-10तक की कक्षाओं के पठन-पाठन का दायित्व दो अध्यापकों के जिम्मे है।

ज्ञात हो कि श्री देवता प्रसाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की स्थापना सन् 1972में देवहट -ड्रमंडगंज के तत्कालीन प्रधान श्री दयासागर गुप्त ने की थी।और धर्मशाला के भवन में विद्यालय चलाने की जिम्मेदारी तत्कालीन प्रधानाचार्य श्री हरदत्त मिश्र को दे दिया गया था। तत्कालीन ग्राम प्रधान ने श्री देवता प्रसाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नाम से लगभग दस बीघा जमीन भी पट्टा किया था। श्री देवता प्रसाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सन् 1984 में



एडेड हो गया और सभी अध्यापक सरकार द्वारा वेतन पाने लगे। स्थापना काल के सभी अध्यापक, लिपिक व परिचारक सेवानिवृत्त हो चुके हैं।इस समय सितंबर 2018में नियुक्त अध्यापक उसी धर्मशाला के पुराने भवन में विद्यालय का संचालन कर रहे हैं। ईश्वर न करें कोई हादशा हो किन्तु जर्जर भवन गिरने का आशंका हमेशा बना हुआ है।

## स्कूल विलय का विरोध 54 बच्चों वाले स्कूल को दूसरी जगह दर्ज किया ग्रामीणों का हंगामा



स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर** के मछरेहटा क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय गोपरामऊ को अनोगी में विलय किए जाने पर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया शुक्रवार को जब इंचार्ज प्रधानाध्यापिका विद्यालय में ताला लगाने पहुंचीं तो ग्रामीणों ने उनका घेराव कर दिया। विद्यालय में वर्तमान में 54 बच्चे पंजीकृत हैं ग्रामीणों का कहना है कि विलय के बाद बच्चों को दो किलोमीटर दूर अनोगी विद्यालय जाना होगा क्षेत्र में बाघ और अन्य जंगली जानवरों की मौजूदगी के कारण छोटे बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता है ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राणा प्रताप सिंह ने बताया कि वे जिला अधिकारी और बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देंगे ग्रामीणों ने कहा कि अगर विलय नहीं रोका गया तो वे पैदल लखनऊ और दिल्ली तक जाकर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री से मिलेंगे ग्रामीणों ने विद्यालय परिसर में ही बच्चों की पढ़ाई शुरू कर दी है उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर अपने खर्च पर निजी शिक्षक की व्यवस्था करेंगे। उनका मानना है कि प्रशासन को निर्णय लेते समय ग्रामीण क्षेत्र की वास्तविक परिस्थितियों पर विचार करना चाहिए ताकि बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा दोनों सुनिश्चित हो सके!!

## अपराधियों का हौसला बुलंद दिनदहाड़े कर रहे हत्या



**प्रयागराज।** नैनी थाना क्षेत्र के एग्रीकल्चर पुलिस चौकी के अंतर्गत में रहने वाले मोहम्मद सीबू उम्र 40 साल की धारदार हत्या हथियार से हुई हत्या। हत्या का कारण ई रिक्शा की खरीद के पैसे को लेनदेन को लेकर हुई है। बताया जा रहा है कि मोहम्मद शाबू अपना ई रिक्शा किसी अज्ञात व्यक्ति को ?50000 में बेच दिया था और इस खरीद फरोख्त का पैसा लेने वह प्रयागराज रीवा हाईवे पर स्थित राजपूत ढाबे पर पहुंचा।जहां पर पहले से ही घात लगाकर बैठे हत्यारे ने धारदार हथियार से उसे पर हमला कर दिया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई इसके बाद परिवार वालों ने शव को राष्ट्रीय राजमार्ग पर रखकर जाम लगा दिया घरवालों का कहना है कि हत्या करने वाले व्यक्ति की गिरफ्तारी हो मृतक के आश्रितों को 50000 नगद एवं अन्य सहायता दी जाए इसके बाद ही यह जाम हटाया जाएगा मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद है और लगातार परिवार से बातचीत कर रही है ताकि यह जाम हटाया जा सके लेकिन परिवार वाले मानने को तैयार नहीं है।

## मुडिया मेला: दो जुलाई 1962 के वो दो मिनट, यमुना जल हो गया था लाल

**● इस घटना के बाद देशभर में रेलवे ने उठाये थे कई कदम**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** यमुना के कैंची पुल पर 2 मिनट में पुल से कटे थे 400 परिक्रमार्थी, ट्रेन की छत पर बैठे थे। हर साल मुड़िया पूर्णिमा मेला के दौरान लाखों श्रद्धालु गोवर्धन की परिक्रमा को निकलते हैं, लेकिन इसी दौरान एक भयावह स्मृति मन में उभर आती है। दो जुलाई 1962 की वह भीषण त्रासदी, जिसने मथुरा के कैंची पुल को मौत के प्रतीक के रूप में दर्ज कर दिया। यह हादसा न केवल मथुरा, बल्कि भारतीय रेलवे के इतिहास की सबसे हृदय विदारक दुर्घटनाओं में से एक है, जिसमें एक अनुमान के मुंताबिक 400 से अधिक श्रद्धालु तीर्थयात्रियों की जानें चली गई थीं। यह हादसा उत्तर रेलवे की मीटर गेज लाइन पर चलने वाली एक आठ बोगियों वाली पैसेंजर ट्रेन के साथ हुआ, जो कासगंज से चलकर अछनेरा की ओर जा रही थी। कासगंज, हाथरस और मुरसान स्टेशनों से भारी संख्या में श्रद्धालु इस ट्रेन में सवार हो चुके थे। ये श्रद्धालु गोवर्धन में मुडिया मेला पर गोवर्धन परिक्रमा लगाने जा रहे थे। जब ट्रेन राया स्टेशन पहुंची, वहां पहले से ही करीब दो हजार यात्री और प्रतीक्षा में खड़े हुए थे। ट्रेन पहले ही भरी हुई थी, लेकिन भीड़ ने डिब्बों की छतों पर चढ़कर अपना स्थान बना लिया। ट्रेन की स्थिति इतनी भयावह थी कि गार्ड और ड्राइवर ने ट्रेन को आगे ले जाने से मना कर दिया। कहा जाता है कि इस पर श्रद्धालुओं ने उन्हें पीट दिया था। श्रद्धालुओं के दबाव में आकर चालक ने ट्रेन को आगे बढ़ा दिया। मानसिक रूप से आहत और डर के साये में उसने भाप इंजन को अत्यधिक गति से चलाना शुरू कर दिया। रेल विभाग की उस समय की अनिवार्य चेतावनी 'पुल पार करते समय गति धीमी करें' की भी ड्राइवर ने अनदेखी कर दी। परिणामस्वरूप, मथुरा में यमुना पर कैंची के आकार में बने पुल पर ट्रेन असंतुलित हो गई। जैसे जैसे ट्रेन आगे बढी, लोग कटते चले और यमुना में गिरने लगे थे। हालत यह हो गई थी कि यमुना का जल खून से लाल हो गया। रेल की छत पर बैठे लोगों की आवाज दब गयी। तभी से इसे



मौत का पुल कहा जाने लगा। अनुमान लगाया जाता है कि इस भीषण त्रासदी में 400 से अधिक श्रद्धालुओं की जान चली गई। पद्म श्री वरिष्ठ पत्रकार मोहन स्वरूप भाटिया, जो उस समय रिपोर्टिंग कर रहे थे बताते हैं कि यह हादसा एक मानव भूल, भीड़ का दबाव और रेलवे की लापरवाही का घातक परिणाम था, जिसने सैकड़ों परिवारों को उजाड़ दिया। इस हृदयविदारक घटना के बाद भारतीय रेलवे ने देश भर में नदियों पर बने कैंची आकार के पुलों को हटाने का निर्णय लिया और उन्हें समाप्त कर दिया गया। साथ ही, मथुरा में मुडिया पूनों जैसे पर्वों पर आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए विशेष इंतज़ाम किए जाने लगे।

## संक्षिप्त खबरें

### असर एग्रो के चौकीदार की हत्या के आरोप में बदमाश गिरफ्तार

**–मथुरा, आगरा में एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले हैं दर्ज**

मथुरा। 23 मई की रात को छाता क्षेत्र में असर एग्रो कंपनी के चौकीदार की हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हत्यारोपी के खिलाफ आगरा और मथुरा जनपदों के विभिन्न थानों में पहले से ही एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस की कई टीम में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगी गई थी। पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को मध्य प्रदेश से मथुरा लेकर आई और पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया लोहे का रॉड भी बरामद किया है। आरोपी अनिल (27) ग्वालियर के संजय नगर थाना हजीरा स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया। अनिल 23 मई को असर इको फैक्टरी में गेटमैन की हत्या के मामले में वांछित था। बताया गया कि आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड काफी लंबा है। उसके खिलाफ मथुरा और आगरा के विभिन्न थानों में कुल 13 मामले दर्ज हैं। इनमें हत्या का प्रयास, डकैती, चोरी, बलात्कार, अवैध हथियार रखने और गैंगस्टर एक्ट के मामले शामिल हैं।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है।

### 15 जुलाई तक स्कूली वाहनों को लेकर विशेष अभियान



मथुरा। नया सत्र षुरू हो गया है। स्कूली वाहन सड़कों पर आ गये हैं। वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राजेश राजपूत ने अवगत कराया है कि परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा एक से 15 जुलाई तक स्कूली वाहनों के विरूद्ध विशेष चौकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिये गये है। अनुपालन में तीन जुलाई को वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) राजेश राजपूत द्वारा अभियान चलाते हुए आठ चालान तथा तीन स्कूली वाहनों को बंद किया गया। जिसमें एक वाहन अंपजीकृत तथा बिना वैध परमिट के संचालित हो रहे थे। इसी क्रम में सुश्री पूजा सिंह यात्रीकर अधिकारी मथुरा द्वारा 12 स्कूली वाहनों के चालान किये गये। साथ ही समस्त स्कूल प्रबंधको से यह भी अपील की उत्तर प्रदेश मोटर यान नियमों में गठित विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक अभिभावकों, स्कूल प्रबंधन एवं स्थानीय प्रशासन का सहयोग लेकर अवश्य कराली जाए। इसके अतिरिक्त समस्त स्कूली वाहनों की शत-प्रतिशत फिटनेस कराने के पश्चात ही संचालित किया जाये तथा जीर्णक्षीण अवस्था वाले वाहनों का संचालन तत्काल रोकते हुए, उनके स्थान पर अन्य स्कूली वाहनों का प्रयोग किया जाये। अन्यथा की दशा में कड़ी प्रवर्तन कार्यवाही की जायेगी और मान्यता रद् करने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्र प्रेषित किया जायेगा, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### भाई, भतीजी की हत्या कर फरार हुआ युवक मुठभेड़ में दबोचा

**–मुठभेड़ के दौरान लगी पैर में गोली**

मथुरा। गोविन्दनगर क्षेत्र में भाई और भतीजी की हत्या कर फरार हुए आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी है। घायल अवस्था में गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने उसे जिला चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया है। इसके कब्जे से एक छुरा आलाकत्ल, एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस व तीन खोखा कारतूस बरामद हुए हैं। 27 जून को मृतक संजय की पत्नी भगवती निवासी टी पॉइंट वाली गली कटरा केशव देव थाना गोविंद नगर मथुरा द्वारा लिखित तहरीर के आधार पर पति एवं पुत्री अंजली के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की नियत के छुरा से घायल करना एवं उपचार के दौरान दोनो की मृत्यु हो जाने के संबंध में अभियोग पंजीकृत कराया था। अभियुक्त फरार चल रहा था। खिल्लन पुत्र शंकरलाल निवासी कटरा केशव देव थाना गोविन्दनगर मथुरा को मुखबिर की सूचना पर माहेश्वरी चौराहे पर बने जयसिंहपुरा बस स्टैण्ड के पास (गोकुल रेस्टोरेंट के पास) वांछित अपराधी खिल्लन को पुलिस मुठभेड़ के दौरान दाहिने पैर में गोली लगने से घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राजकमल सिंह थाना गोविन्द नगर, एसआई संतोष कुमार, एसआई महेन्द्र सिंह, एसआई गौरव तोमर, एसआई नकुल तोमर, एसआई अंशुमान सिंह, एसआई सूरज कुमार तेवतिया थाना गोविन्द नगर आदि पुलिसकर्मी थे।

# पुलिसिया चूक से हो रहे अपराध जिले के अधिकारी नाकाम साबित हो रहे है

**●थानेदार और राजस्व को खुली छूट मिलने के कारण सरकारी जमीन तो कब्जा हो रहे हैं गरीबों के आशियाने और खेत भी कब्जा हो रहे हैं जिसके कारण अपराध बढ़ रहे हैं हत्याएं बढ़ रही है**

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में हो रहे अपराधों में पुलिस की भागीदारी 50त्न है शेष भागीदारी जिले के जिम्मेदार अधिकारी राजस्व विभाग के अधिकारी की निष्क्रियता साबित होती है सच्चाई को छुपाना पुलिस का काम हो गया फर्जी का जाटों पर किसी का जमीन कब्जा करना पुलिस की भूमिका मुख्य हो गई है ताजा मामला बेलसड गांव का जो कप्तानगंज थाना अध्यक्ष द्वारा स्वयं कब्जा कर रहे हैं इनका वीडियो फोटो सीसी फुटेज में साफ दिख रहे हैं दबंग के साथ थाना अध्यक्ष कप्तानगंज गरीब का पुराना आशियाना कब्जा करवा दिए शिकायतों की अंबार लगा दी गरीब ने लेकिन फिर भी सारे शिकायत पत्र किसके यहां जाम पड़े हुए हैं उसे पर कोई रिपोर्ट कोई कार्रवाई आज तक नहीं हुई50 फीसदी अपराधों की वजह पुलिस स्वयं है। ज्यादातर आपराधिक मामलों में मुकदमा दर्ज करने में पुलिस हीलाहवाली करती है, पीड़ित थक हारकर बैठ जाते हैं। बडी मशक्कत के बाद मुकदमा दर्ज हो जाता है तो आरोपियों का नाम केस डायरी से निकालने का खेल शुरू हो जाता है। इसमें पुलिस की मोटी आमदनी हो जाती है। एक दो आरोपियों को जेल भेजकर मामले की इतिश्री कर देते हैं। कई मामले ऐसे प्रकाश में आते हैं जिसमे आरोपी पक्ष बहुत मजबूत होता है, इसमे पुलिस को अच्छी खासी रकम मिलती है और पीड़ित के लिये न्याय एक दिवास्वप्न बनकर रह जाता है। नजीर के लिये हमे दूर जाने की जरूरत नही है। बस्ती जनपद में विगत दिनों हुई घटनाओं में पुलिस की भूमिका विवादित रही है। शहर के बैरिहवां और पैकोलिया थाने के जीतीपुर के जमीनी विवाद ने पुलिस पर गंभीर सवाल खड़ा किया है। अभी ये मामले चर्चा में थे सोनहा थाना क्षेत्र के बेइली (रेहरवा) गांव में मामूली विवाद को लेकर दबंग पड़ोसियों ने सुषमा शर्मा, उनके पति रामकेश शर्मा, सास को लाठी डंडे और सरिया से मारकर अधमरा कर दिया। बीच बचाव



करने पहुंची बेटी, बहू और नाती को भी चोट लगी। रामकेश के सिर में आठ टांके लगे हैं, दादी मरणासन्न हैं और सुषमा का हाथ टूट गया है। स्थानीय पुलिस ने इस मामले में राम औतार, मोनू, मोहित और राहुल के खिलाफ बीएनएस की धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

घटना 25 जून की है, एफआईआर 26 को दर्ज हुई है। लेकिन एक सप्ताह बाद भी पुलिस ने किसी को गिरफ्तार नही किया है। जाहिर है आरोपियों का मनोबल ऊंचा होगा। सुषमा शर्मा का बेटा सुबाष मुंबई में रहकर मेहनत मजदूरी करके परिवार चलाता है। घटना की जानकारी होने पर वह गांव आया है। दबंग पड़ोसियों ने उसे जान से मारने की धमकी दिया है। कहते हैं पूरो परिवार को खत्म कर देंगे। पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। इस मामले में पुलिस किस बात का इंतजार कर रही है। क्या इससे बड़ी वारदात होने पर पुलिस के हाथ खुलेंगे।

इतना ही नही मीडिया में खबर छपने या किसी से फोन करने पर सोनहा के दरोगा जी पीड़ितों पर आगबबूला हो रहे हैं। एकदम स्पष्ट है, बस्ती पुलिस ने जीतीपुर की घटना से कोई सबक नही लिया। नतीजा ये हुआ कि महीने भीतर दो किशोरों की निर्मम हत्या हो गई। दुबौलिया की घटना पुलिस की इसी चूक का नतीजा है। यहां प्रधान और सेक्रेटरी के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत करने की कीमत इकलौते बेटे को खो कर चुकानी पड़ी। हैरानी इस बात की है पीड़ित पक्ष ने स्थानीय पुलिस, पुलिस कप्तान से लेकर डीजीपी मुख्यमंत्री तक को पत्र भेजकर हत्या की आशंका जताई थी। लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से नही लिया और इतनी बड़ी वारदात हो गई। धमकी देने वाले समय से जेल गये होते तो आपराधिक गतिविधियां हतोत्साहित होतीं और संभव था इतनी संगीन वारदात नही होती। ऐसी ही लापरवाही सोनहा पुलिस कर रही है। समय रहते पुलिस कप्तान को सावधान होना होगा। बहुत बेहतर होगा छोटे मामलों की अनदेखी न की जाये वरना जनपद में हो रही आपराधिक गतिविधियों पर लगाम कसना संभव नही होगा और रोज कोई परी श्रीवास्तव या अशोक यादव अपनी जान देकर पुलिसिया चूक की कीमत चुकाते रहेंगे।

## संविधान के मूल्यों के हनन को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा - प्रमोद

**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता सांसद प्रमोद तिवारी लीला पैलेस, मीराभवन में जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों के पदग्रहण एवं संकल्प समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी व संचालन जिला प्रवक्ता सुरेश मिश्रा ने किया।विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कोऑर्डिनेटर हरिकेश मिश्रा, जिला कोऑर्डिनेटर प्रमोद मिश्र सम्मिलित हुए।कार्यक्रम की शुरुवात कांग्रेस सेवादल के साथियों ने वंदे मातरम गीत गाकर शुरू किया गया। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों को अंगवस्त्र व नियुक्ति पत्र देकर स्वागत सम्मान व संकल्प दिलाया गया।मुख्य अतिथि प्रमोद तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन को गतिशील बनाने के लिए पूरी ऊर्जा और पूरी ताकत के साथ बूथ स्तर पर 25-25 कार्यकर्ताओं को जोड़ने का कार्य करें।हम आप सभी के साथ पूरी तन्मयता से रहेगे द्य उन्होंने कहा कि संवैधानिक मूल्यों का भारतीय जनता पार्टी द्वारा हनन किया जा रहा है जिसको विरोध में कांग्रेस का हर कार्यकर्ता पूरी मजबूती से कटिबद्ध है ।उन्होंने आगे कहा कि अभी हाल में देश की जनता की भावनाओं के साथ मोदी जी ने जो खिलवाड़ किया है उसका खामियाजा भारत की जनता मोदी जी को दे कर रहेगी,जो ट्रंप ने युद्ध विराम की घोषणा की उससे भारत की जनता बहुत आहत है।जिला कोऑर्डिनेटर हरिकेश त्रिपाठी व प्रमोद मिश्र ने संयुक्त रूप से कहा कि पूरे प्रदेश में संगठन सृजन अभियान पूरे जोर शोर से चल रहा है। आज जिला कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों के पद ग्रहण व संकल्प समारोह से पहले चरण पूर्ण हुआ है।कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी ने कहा कि आज भाजपा शासनकाल में जिस तरह से समाज में नफरत फैलाई जा रही है, संविधान को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है, ऐसे दौर में कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और गांधीवादी सिद्धान्तों को अपनाकर ही हम लड़ेंगे।कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान गाकर सभा की समाप्ति की घोषणा की है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से भगौती प्रसाद तिवारी, कोऑर्डिनेटर मिर्जापुर बृजेन्द्र मिश्रा, कोऑर्डिनेटर सुल्तानपुर उज्ज्वल शुक्ला व संदीप त्रिपाठी, अभय प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, सोशल मीडिया प्रभारी प्रवीण द्विवेदी, राम रतन तिवारी, सुधांशु शुक्ल0पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ.लालजी त्रिपाठी, हलीम खान, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरोज कश्यप, शुभम मिश्रा, मकरंद शुक्ला, राजेंद्र वर्मा, डॉ प्रशांत देव शुक्ला, इंद्रानंद तिवारी, इरफान अली, राम लवत यादव ,मौलाना वहीद ,सुनीता सिंह पटेल, प्रशांत सिंह प्रिंशु, योगेश यादव, मुन्ना लाल यादव राकेश गौतम, विवेक पांडे, सुभाष तिवारी मोनू मिश्रा, महेंद्र मिश्रा,आशीष शुक्ला, मोहम्मद वसीम, मीरा देवी, रुक्मणि विश्वकर्मा, सोनी तिवारी, अंजली उपाध्याय, दृगपाल यादव, राम कृपाल पासी , माता फेर पाल, चंद्रनाथ शुक्ला,प्रदीप द्विवेदी, रामकुमार पटेल, चरण सिंह यादव, उपस्थित रहे।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान सीएचसी में जन्मे बच्चों को मिला ग्रीन गोल्ड कार्ड और पौधे

**सीतापुर** – जनपद सीतापुर के लहरपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को एक अनूठी पहल की शुरुआत हुई है एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत सीएचसी में जन्मे पांच बच्चों को ग्रीन गोल्ड कार्ड सर्टिफिकेट और पौधे दिए गए पौधरोपण महा अभियान के अंतर्गत प्रत्येक नवजात को आम और सागौन का एक-एक पौधा वितरित किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. अरविंद वाजपेई ने कहा कि ये पौधे परिवार में खुशी और समृद्धि के प्रतीक हैं उन्होंने परिजनों से आग्रह किया कि वे इन पौधों की देखभाल अपने बच्चों की तरह करें उप वन क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि वन विभाग और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। 1 से 7 जुलाई के बीच जन्मे सभी बच्चों के परिवारों को ग्रीन गोल्ड कार्ड सर्टिफिकेट और पौधे दिए जा रहे हैं कार्यक्रम में डॉ. गोविंद गुप्ता, डॉ. आदित्य सिंह, बीसीपीएम मनोज कुमार वर्मा, धर्मेंद्र मौर्य, वन दरोगा अरविंद गिरी और रविकांत सहित स्वास्थ्य एवं वन विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे!!

## जानलेवा हमले के मामले में हाथ पर हाथ धरे बैठी है सोनहा पुलिस, फिर मारने की धमकी दे रहे दबंग

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले के सोनहा थाना क्षेत्र के बेइली (रेहरवा) गांव में माममूली बात को लेकर दबंग पडोसियों ने जानलेवा हमला कर एक परिवार के कई लोगों को लहूलुहान कर दिया। घटना 25 जून शाम करीब 7.00 बजे की है। इस मामले में स्थानीय पुलिस ने मुकदमा दर्ज तो किया है लेकिन सभी आरोपी आजाद घूम रहे हैं और पीड़ितों को दोबारा मारने पीटने की धमकी दे रहे हैं। बेइली (रेहरवा) गांव निवासी सुषमा शर्मा पत्नी रामकेश शर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके मकान की सीढ़ी से चढ़कर किसी की बकरी पड़ोसी के छत पर चली गई, इससे पड़ोसी आगबबूला हो गये और एक राय होकर लाठी डंडा, सरिया लेकर हमला बोल दिये। घर में घुसकर स्वयं मुझे, पति रामकेश शर्मा, 75 वर्षीय बुजुर्ग सास शिवपाती, बहू कृष्णा देवी, लड़की कुसुम तथा विकास को बुरी तरह मारा पीटा। सांस गंभीर हैं, पति के सिर में 8 टांके लगे हैं, स्वयं मेरा हाथ टूट गया है



और सभी को लाठी डंडे, सरिया और लात घूसों की चोट लगी है। इस मामले में स्थानीय पुलिस ने बीएनएस की धारा 115 (2), 352 तथा 351 (3) के तहत मुकदमा पंजीकृत है। लेकिन कार्यवाही शून्य है। पीड़िता का बेटा सुबाष शर्मा मुंबई में मेहनत मजदूरी कर परिवार का खर्चा चलाता है। मांता पिता, पत्नी, बहन, दादी के गंभीर रूप से घायल होने की खबर सुनकर गांव आया है। उसे भी जान से मारने की धमकी दी जा रही है। थानाध्यक्ष का कहना है पीड़ित हमारे पास नही आ रहे हैं, इधर उधर से फोन करवा रहे हैं। पीड़ितों ने आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग किया है जिससे वे भयमुक्त होकर अपना जीवनयापन कर सकें।

## गौशाला, निर्माणाधीन कल्याण मण्डप भवन, संचारी रोग नियंत्रण अभियान का डीएम ने किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने विकास खण्ड-सदर के ग्राम पंचायत ओठगनपुर में संचारी रोग नियंत्रण अभियान, ग्राम पंचायत कोइलपुरा गौशाला तथा नगर पंचायत, गनेशपुर क्षेत्रान्तर्गत निर्माणाधीन कल्याण मण्डप भवन का आकस्मिक निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत ओठगनपुर में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, जिला सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), आदि व ग्राम प्रधान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। झाड़ियों की कटाई की जा चुकी थी। ग्राम पंचायत में एन्टी लार्वा का छिड़काव हो रहा था। ग्राम प्रधान व सचिव से कचरा कलेक्शन, आर0आर0सी0 संचालन और कचरा निस्ताण के सम्बन्ध में सवाल पूछे गये। सफाई व्यवस्था में असहयोग करने वाले लोगों को नोटिस जारी करने व समझा-बुझाकर सफाई में सहयोग के लिए तैयार करने का निर्देश दिया गया। साथ ही एक नियमित अन्तराल पर फागिंग कराये जाने का भी निर्देश दिया गया। ग्राम पंचायत की सफाई व्यवस्था ठीक पायी गयी। ग्राम पंचायत कोइलपुरा गौशाला के निरीक्षण मे उन्होंने दैनिक पंजिका को चेक किया, गौआश्रय स्थल में कुल 218 गौवंश संरक्षित हैं। गौशाला स्थल पर उपस्थित सुविधाओं का जायजा लिया गया। ग्राम प्रधान द्वारा बताया गया कि पशुओं को नियमित रूप से दाना-भूसा और हरा चारा दिया जाता है। ग्राम प्रधान को समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा सुरक्षा की दृष्टि से ग्राम निधि से सी0सी0टी0वी0 कैमरा लगाये जाने का निर्देश दिया गया। नगर पंचायत, गनेशपुर, क्षेत्रान्तर्गत निर्माणाधीन कल्याण मण्डप भवन के निरीक्षण मे उन्होंने पाया कि कल्याण मण्डप भवन का निर्माण कार्य कार्यदायी संस्था कंस्ट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज उत्तर प्रदेश, जल निगम नगरीय, यूनिट 34, बस्ती द्वारा कराया जा रहा है। निर्माण कार्य अन्तिम चरण में था। निर्माण कार्य में विलम्ब के सम्बन्ध में ठेकेदार को कड़े निर्देश दिये गये। कार्यदायी संस्था द्वारा दो माह के अन्दर निर्माण कार्य करने का आश्वासन दिया गया।

## प्रधान पर विकास कार्यो में बदरबांट, शिकायत करने वालों को धमकी देने का आरोप

**●ग्रामीणों ने डीएम से किया मामलों के जांच, धन के रिकबरी की मांग**

**ग्रामीणों का कहना जिला अधिकारी को कई शिकायत पत्र देने के बावजूद भी कार्रवाई न होना एक गंभीर मुद्दा बन गया है**

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में भ्रष्टाचार इस कदर पांव जमा लिया है जिले की जिम्मेदार अधिकारी भी इस भ्रष्टाचार की गंगा में डुबकी लगाने से नहीं चूक रहे हैं बस्ती जिले की यह दुर्दशा किसी सरकार में नहीं हुई थी जो आज पुलिस और राजस्व और विकास विभाग मिलकर कर रहा है गरीबों की रोटी छीन रहा है गरीबों के घर कब्जे हो रहे हैं गरीबों का खेत खलियान कब्जा हो रहा है सबसे बड़ी कमी राजस्व और पुलिस और विकास विभाग की है जो मुख्यमंत्री मामले को ध्यान नहीं दे रहे हैं ऐसे फर्स्ट अफसर को तत्काल जिले से हटाया जाए ग्राम पंचायतों में घटिया विकास कार्य, मनमानी, सरकारी धन के बंदरबांट के



मामले लगातार बढते जा रहे हैं। शिकायतों के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर कार्यवाही न होने के कारण लोगों का गुस्सा बढता जा रहा है। इसी कड़ी में गुरूवार को बनकटी विकास खण्ड के थरौली निवासी अभयदेव शुक्ल के नेतृत्व में ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और सचिव के साथ ही विकास खण्ड स्तर पर सहयोग से की जा रही धांधली, मनरेगा में भ्रष्टाचार, घटिया सी.सी. रोड निर्माण के सवाल को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन के बाद डीएम को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। मांग किया कि विकास कार्यो का भौतिक सत्यापन कराकर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई के साथ ही धन के बंदरबाट मामले में धन की रिकबरी कराया जाय।ज्ञापन देने के बाद अभयदेव शुक्ल ने कहा कि थरौली ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान पार्वती देवी पत्नी स्व. महेश और उनके प्रतिनिधि सुनील पाण्डेय, और पूर्व सचिव, खण्ड विकास अधिकारी भवानी प्रसाद शुक्ल की मिलीभगत से विकास कार्यो में खुलकर बंदरबांट किया गया। अनेकों बार मुख्यमंत्री से लेकर जिलाधिकारी तक शिकायत करने के बावजूद जब कोई कार्रवाई न हुई तो विवश होकर धरना देना पड़ा। चेतावनी दिया कि यदि प्रभावी कार्यवाही न हुई तो आन्दोलन को जन सहयोग से और तेज किया जायेगा। ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम प्रधान, उनके प्रतिनिधि और पालतू गुण्डे विरोध करने वालों को धमकियां देने के साथ मारते पीटते हैं और थाने पर शिकायत भी सुनी नहीं जाती। ग्रामीणों को अन्देशा है कि धरना और ज्ञापन देने वालों के विरूद्ध ग्राम प्रधान और उनके प्रतिनिधि द्वारा कोई भी अनहोनी करायी जा सकती है। मांग किया कि जांच के साथ ही सुरक्षा के भी प्रबन्ध कराये जाय। धरना प्रदर्शन और ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से अनुराग शुक्ल, विनय देव, डा. संजीव शुक्ल, आनन्द शुक्ल, रवीश शुक्ल, संतबली, राकेश यादव, तीर्थराज चौधरी, धर्मराज चौधरी, अम्बिका यादव, गीता देवी, सावित्री, सुधा, गायत्री, श्यामादेवी, राजेश्वरी के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

## मानकों की खुली अनदेखी कर रहे हैं अधिकारी- उदयशंकर शुक्ल

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक षिक्षक संघ की आकस्मिक बैठक प्रेस क्लब सभागार में जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विद्यालयों को मर्ज किये जाने का मामला छाया रहा। निर्णय लिया गया कि 5 जुलाई को सभी ब्लाकों के बीआरसी पर शिक्षक बैठक कर भावी आन्दोलन पर विचार करेंगे और 7 जुलाई सोमवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्रदर्शन करते हुये जिलाधिकारी कार्यालय पर आकर ज्ञापन दिया जायेगा। 7 जुलाई के बाद ब्लाक स्तरीय संगठन के पदाधिकारी मर्जर हुये या होने वाले विद्यालयों पर पहुंचकर विद्यालय प्रबन्ध समिति और ग्राम प्रधानों से आग्रह करेंगे कि वे मर्जर के निर्णय पर अपनी सहमति न दे। इसी कड़ी में सर्व सम्मत से नन्द किशोर चौधरी को जनपदीय प्रचार मंत्री घोषित किया गया।

संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने कहा कि सरकार 50 छात्रों से कम संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों को युग्मित किये जाने का अपना निर्णय वापस ले। सरकार स्पष्ट करे कि मर्जर का मानक क्या है। कहीं 10, कहीं 20 तो



कहीं 35, 40 और पचास छात्र संध्या के आधार पर विद्यालय मर्जर किये जा रहे हैं। बस्ती में बिना प्रबन्ध समिति की सहमति के विद्यालय मर्जर किये जा रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। यह पूरी तरह से गरीबों, वंचितों के पाल्यों के साथ विश्वासघात जैसा है। कहा कि प्राइमरी स्कूलों में प्री प्राइमरी शुरू कराया जाय। यदि सरकार ने अपना निर्णय वापस न लिया और अध्यापकों को सर प्लस दिखाकर समायोजन प्रक्रिया बंद न हुई तो बस्ती समेत प्रदेश के शिक्षक चुप नहीं बैठेंगे और निर्णायक आन्दोलन छेड़ा जायेगा।

संघ के जिला मंत्री राघवेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष अभय सिंह यादव ने कहा कि सरकार शिक्षा विरोधी अपने निर्णय को तत्काल वापस ले। कहा कि एक तरफ तो सरकार सबको शिक्षा देने की बात करती हैं दूसरी ओर परिषदीय विद्यालयों को बंद किये जाने का निर्णय लिया जाता है। यह गरीबों के बच्चों को शिक्षा से वंचित करने जैसा है। शिक्षक, अभिभावक, छात्र और ग्राम प्रधान मिलकर शिक्षा विरोधी मंसूबे को सफल नहीं होने देंगे। संघ संरक्षक शिव कुमार तिवारी, वाल्मीक सिंह ने कहा कि बहुत संघर्ष करके शिक्षकों को अधिकार मिला है। नयी पीढी इसे समझे और संघर्ष की धार को तेज करे।

बैठक में मुख्य रूप से राजकुमार सिंह, राम प्रकाश शुक्ल, देवेन्द्र वर्मा, दिवाकर सिंह, चन्द्रभान चौरसिया, रामपाल चौधरी, रीता शुक्ला, अभिषेक कुमार जायसवाल, त्रिलोकीनाथ, ओम प्रकाश पाण्डेय, शिवम शुक्ला, शोभाराम वर्मा, उपेन्द्र पाण्डेय, विनय कुमार, सौरभ कुमार, अरूण शुक्ल, नवीन कुमार, कन्हैयालाल विश्वकर्मा, राजकुमार, मंजेश राजभर, रवि प्रताप सिंह, आदित्यनाथ त्रिपाठी, अरविन्द कुमार पाण्डेय, रक्षाराम वर्मा, राजेश कुमार, विवेक कुमार, रघुवर दयाल, चन्द्रशेखर शर्मा, रजनीश कुमार मिश्र, नन्दकिशोर चौधरी, अभिषेक यादव, उमाशंकर तिवारी, शिवाकान्त पाण्डेय, मुकेश कुमार, सत्य प्रकाश के साथ ही संघ के अनेक पदाधिकारी और शिक्षक शामिल रहे।

## हेलमेट पहनिए, जीवन बचाइए- गुलाब फूल देकर चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

स्वतंत्र प्रभात

**सुल्तानपुर।** लक्ष्य सेवा समर्पण फाउंडेशन और कटका क्लब सामाजिक संस्था के संयुक्त प्रयास से शुक्रवार को सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जनजागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। यह अभियान बस स्टॉप और जीआईसी गेट पर चलाया गया, जहां बाइक सवारों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया गया। हेलमेट पहनने वालों को गुलाब के फूल भेंट किए गए, जबकि बिना हेलमेट वालों को सड़क सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने की चेतावनी दी गई। ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर नरेंद्र बहादुर सिंह



और छोटे लाल ने खुद मोर्चा संभालते हुए वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि एक छोटा सा प्रयास किसी की जान बचा सकता है।

कटका क्लब के अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने बताया कि यह अभियान जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं, खासकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हो रही घटनाओं को रोकने के लिए चलाया जा रहा है। वहीं, लक्ष्य सेवा समर्पण फाउंडेशन के अध्यक्ष अनमोल अग्रहरि ने कहा कि हेलमेट पहनना सिर्फ कानूनी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का साधन है। इस अभियान में डॉक्टर अनूप मिश्र (यूनिक फाउंडेशन), बृजेंद्र मिश्र, संतोष मिश्र, सतीश मिश्र और प्रज्वल मिश्र ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। ट्रैफिक विभाग सुल्तानपुर ने इस अभियान की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय बताया।

## विकासखंडवार मेडिकल कैंप लगाकर बनाए जाएंगे दिव्यांगता प्रमाण पत्र

**●डीएम के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक हुई संपन्न , सीडीओ ने स्कूलों में पढ़ रहे सभी दिव्यांग बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी बनाए जाने के दिए निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात



**बलरामपुर-** जनपद में समग्र शिक्षा के अंतर्गत समेकित शिक्षा के तहत विशिष्ट आवश्यकता वाले (दिव्यांग) बच्चों की दिव्यांगता का आकलन कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से सभी विकास खंडों 03 दिन मेडिकल असेसमेंट कैंप आयोजित किया जाएगा। डीएम पवन अग्रवाल के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय , आंगनवाड़ी केंद्रों एवं माध्यमिक विद्यालयों में विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों का चिन्हांकन कर लिया जाए एवं संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक की जिम्मेदारी होगी कि चिन्हांकित बच्चों का विकास खंड में आयोजित कैंप में परीक्षण कराए।

उन्होंने कहा कि विशिष्ट आवश्यकता वाले (दिव्यांग) सभी बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किया जाना सुनिश्चित किया जाए। विशेष अभियान के तहत सभी विकास खंड में 03 दिवसीय मेडिकल असेसमेंट कैंप आयोजित किया जाएगा तथा जिन बच्चों को सहायक उपकरण / यंत्र या करेक्टिव सर्जरी की आवश्यकता हैं , उनकी सूची तैयार करते हुए लाभान्वित किए जाने की कार्यवाही की जाएगी। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ल , जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया उपाध्याय , जिला कार्यक्रम अधिकारी , जिला समन्वयक समग्र शिक्षा व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त खबरें

### बाबू त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज में वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में "एक पेड़ मां के नाम" के स्लोगन के साथ यूपी सरकार द्वारा चलाए जा रहे वन महोत्सव अभियान के अंतर्गत बाबू त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज काकोरी में आज दिनांक 4 जुलाई 2025 को वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन वन रेंजर सोनम दीक्षित के द्वारा किया गया। वन महोत्सव कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ0 आर0के0 सिंह, वरिष्ठ प्रवक्ता सुनील कुमार, विद्यालय के इको क्लब के अध्यक्ष विनोद कुमार वर्मा, वन रेंजर सोनम दीक्षित, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी राजीव कुमार गौतम, वन दरोगा मंगतू प्रसाद चौधरी, वन दरोगा आशीष कुमार वर्मा, प्रीति पांडे, वनरक्षक अंशु यादव सहित अन्य स्टाफ व स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नीम, जामुन, कनक, चंपा आदि पौधे रोप कर छात्रों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

### डीएम एसपी ने मोहर्रम के जुलूस मार्ग का लिया जायजा



**सिद्धार्थनगर।** डीएम डॉ राजा गणपति आर व पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन ने मोहर्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने और लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाने के लिए गुरूवार की सायं नगर पंचायत क्षेत्र शोहरतगढ़ व बढ़नी में जवानों साथ फ्लैग मार्च निकाला।डीएम ने कहा कि पर्व की आड़ में सुरक्षा के साथ खिलवाड़ व उपद्रव मचाने वालों को सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा। मोहर्रम का जुलुस निर्धारित मार्ग से ही निकालेंगे।किसी नई परम्परा की शुरुआत नहीं करेंगे।किसी ने तेज आवाज में बाजा बजाकर हुड़दंगई करने की कोशिश की तो उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज होगा।डीएम ने दोनों समुदाय के लोगों से अपील करते हुए कहा कि मोहर्रम के पर्व को संपन्न कराने के लिए आपसी भाईचारा व एक दूसरे का सहयोग करते हुए संपन्न कराएं। एसपी डा अभिषेक महाजन ने कहा कि पुलिस की कड़ी सुरक्षा में मोहर्रम का जुलूस संपन्न होगा। जुलुस के आसपास सादे वर्दी में जवान हर गतिविधि पर नजर रखेंगे।सभी थाना प्रभारियों को निरंतर गस्त करने का निर्देश दिया गया है।आसामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया गया है। कहा कि कोई भी बड़ी घटना छोटी छोटी बातों को नजरंदाज करने से घटती है। फ्लैग मार्च में अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार, एसडीएम राहुल सिंह,सीओ सुजीत कुमार राय, थाना प्रभारी बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी, गौरव सिंह,अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, उप निरीक्षक सुधीर कुमार त्रिपाठी, प्रदीप कुमार चौहान आदि मौजूद रहें। उधर कस्बा बर्डपुर में क्षेत्राधिकारी सदर व थानाध्यक्ष मोहाना रोहित कुमार उपाध्याय पुलिस टीम द्वारा बलवा ड्रिल किया गया तथा मोहर्रम के जुलूस की दृष्टिगत ब्रीफिंग की गई।

### ननिहाल आये छः वर्षीय मासूम की पोखरे में डूबने से मौत



मृतक फाइल फ़ोटो

**सिद्धार्थनगर।** थाना क्षेत्र शोहरतगढ़ के लुचुईयां गावं के टोला नरौड़ा के उत्तर पोखरे में एक छः वर्षीय मासूम के पोखरा में डूब जाने से मौत हो गयी। मासूम बच्चे का नाम पीयूष पुत्र रिंकू शर्मा है। वह सदर थाना क्षेत्र के मधुकरपुर का रहने वाला था। वह अपने ननिहाल नरौड़ा परिवार के साथ आया हुआ था। नरौड़ा निवासी छेदी शर्मा का मासूम पोता गुरुवार शाम पांच बजे घर से अचानक गायब हो गया था। ग्रामीणों व परिवार के लोगों ने बहुत खोजबीन किया। लेकिन पूरी रात पीयूष नहीं मिला। शुक्रवार सुबह दोबारा खोजबीन के दौरान गांव के उत्तर स्थित पोखरे में उसका शव उतराया हुआ मिला है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि मासूम की पोखरे में डूबने से मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# स्कूल बस पलटी एक की हुई मौत घर में मचा कोहराम, बस में सवार दस बच्चे घायल, चरवाहे को बचाने में हुआ हादसा

स्वतंत्र प्रभात



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में थानगांव थाना इलाके में सदरपुर-थानगांव मार्ग पर शुक्रवार दोपहर दर्दनाक हादसे में राहगीर एक मासूम बच्चे की मौत हो गई वह घटना के दौरान बकरियों को चरा रहा था वहीं हादसे में बस में सवार 10 बच्चे घायल हो गए घटना उस समय हुई जब सरदार वल्लभ पटेल स्कूल गोडैचा की बस छुट्टी के बाद बच्चों को लेकर हलीमनगर की ओर जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस जैसे ही रामपुर मथुरा के पास पहुंची तो चालक ने स्टेयरिंग से नियंत्रण खो दिया और बस सड़क किनारे पलट गई। हादसे में बकरी चरा रहे झुडिया ललकपुरवा निवासी 8 साल के सरताज पुत्र जावेद की मौत हो गई हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग और राहगीर मदद के लिए दौड़ पड़े करीब 10 घायल बच्चों को तत्काल बस से बाहर निकाला एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेउसा पहुंचाया गया। सभी बच्चों का उपचार किया जा रहा है कुछ बच्चों को सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोट आई हैं घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया परिजन अस्पताल पहुंचकर बच्चों का हाल जानने में जुटे हैं पुलिस ने मृतक बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है

चरवाहे को बचाने में बस अनियंत्रित होकर पलट गई ग्रामीणों ने प्रशासन से स्कूल बसों की फिटनेस और चालकों की जांच की मांग की है घायलों में अनुप्रिया पुत्री डबलेश शुक्ला, आंशिका पुत्री मनोज कुमार, जानवी पुत्र सुनील कुमार, आयुष पुत्र बंसीधर, शुभम पुत्र रामप्रताप, क्रांति पुत्री शिवराम, सारिका पुत्र आरिफ, अभिनव पुरवाल पुत्र संजय पोरवाल, अंजनी पुत्री अशोक कुमार और अर्पिता गुप्ता पुत्री शिवम गुप्ता शामिल हैं सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी रेउसा में भर्ती कराया गया, जहां क्रांति की हालत गंभीर होने पर उसे ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्कूल के प्रधानाचार्य दिलीप सिंह अस्पताल पहुंचे और घायल बच्चों का हालचाल जाना उन्होंने परिजनों से भी मुलाकात कर हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया!!

## वृक्षारोपण करो, धरती को स्वर्ग बनाओ - ठा0 ज्ञानेंद्र सिंह चौहान

**अलीगढ़।** अखिल भारतीय करणी सेना ने वरिष्ठ करणी सैनिक एवं कार्यक्रम संयोजक ओ पी लाला के नेतृत्व में नुमाइश मैदान स्थित मुक्तिधाम पर वृक्षारोपण किया। अखिल भारतीय करणी सेना के पदाधिकारियों ने मुक्तिधाम पर 11 अशोक के पेड़ लगाकर वृक्षारोपण की शुरुआत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठा0 ज्ञानेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि पेड़, पौधे प्रकृति का अद्भुत उपहार हैं जो शुद्ध हवा देने के साथ-साथ जीवन का संतुलन भी बनाए रखते हैं पेड़ धरती का श्रृंगार हैं जिससे मनुष्य को फल, फूल, छाया तथा विभिन्न प्रकार की औषधियां भी मिलती है लेकिन आज के समय में पेड़ों की बढ़ती हुई कटाई से पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है प्रत्येक मनुष्य को पेड़ पौधे के महत्व को समझना चाहिए और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए। वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठा0 ज्ञानेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि अखिल भारतीय करणी सेना द्वारा प्रत्येक वर्ष वृक्षारोपण किया जाता है और इसी क्रम में आज मुक्तिधाम से वृक्षारोपण की शुरुआत की गई है।

## नकली फोन-पे एप से ज्वैलर्स को किया पेमेंट उत्तराखंड के दो आरोपी पकड़े गए, लखीमपुर और बाराबंकी में भी वारदात

स्वतंत्र प्रभात



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में साइबर क्राइम थाना पुलिस टीम ने बड़ी सफलता प्राप्त की है थाना साइबर में पंजीकृत आईटी एक्ट के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त मंजीत सिंह और प्रभजोत सिंह, दोनों निवासी शांति कालोनी रुद्रपुर, उत्तराखंड के रहने वाले हैं पुलिस का कहना है कि पीड़ित सूरज रस्तोगी ने शिकायत दी थी कि उनकी दुकान केदारनाथ ज्वैलर्स, महमूदाबाद रोड पर दो व्यक्ति आए और सोने की अंगूठी व टॉप्स देखने के बाद 85,300 रुपये का ऑनलाइन भुगतान करने का दावा किया। आरोपियों ने नकली फोन पे एप का इस्तेमाल कर भुगतान का फर्जी स्क्रीनशॉट दिखाया और आभूषण लेकर चले गए बाद में खाते की जांच करने पर कोई पैसा नहीं मिला पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने टेलीग्राम चैनल से नकली एप डाउनलोड किया था जो असली फोन पे जैसा दिखता था और उसी की तरह साउंड अलर्ट भी देता था शक होने पर आरोपी आईसीआईसीआई बैंक के नकली आई मोबाइल एप से 'इंस्टा बैंकिंग' का संदेश दुकानदार के मोबाइल पर भेज देते थे। आरोपी लग्जरी कार और फर्जी नंबर प्लेट का इस्तेमाल कर वारदात को अंजाम देते थे ताकि गाड़ी नंबर में सीसीटीवी में उनकी पहचान न हो सके एएसपी आलोक सिंह ने बताया कि अब तक उनकी संलिप्तता लखीमपुर खीरी और बाराबंकी में भी सामने आई है। पुलिस इन मामलों की जांच कर रही है दोनों अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्यवाही जारी है!!

# छोटे स्कूलों को बंद करने पर शिक्षक संगठन ने की आपत्ति

● ....गांवों की शिक्षा व्यवस्था पर पड़ेगा असर, सरकार से की पुनर्विचार की मांग......

स्वतंत्र प्रभात



**मोहानलालगंज।** लखनऊ, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश भर में कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों को बंद कर उन्हें एक ही परिसर में समायोजित करने की योजना पर अब विरोध शुरू हो गया है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई मोहनलालगंज ने इस फैसले को गांवों की प्राथमिक शिक्षा प्रणाली पर कुठाराघात बताते हुए इसे अव्यवहारिक और शिक्षा विरोधी कदम कहा है।शिक्षक संघ की ओर से ब्लॉक अध्यक्ष अनिल शुक्ल और मंत्री प्रवीण कुमार द्वारा एक संयुक्त ज्ञापन स्थानीय जनप्रतिनिधियों को सौंपा गया है, जिसमें इस योजना को तत्काल प्रभाव से रोकने की मांग की गई है।

ज्ञापन में कहा गया है कि शासन द्वारा 150 से कम छात्र संख्या वाले उच्च प्राथमिक विद्यालयों और 100 से कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक विद्यालयों को बंद कर उन्हें पास के किसी अन्य विद्यालय में समायोजित करने का निर्णय लिया गया है। इससे न केवल सैकड़ों विद्यालयों पर ताले लगेंगे, बल्कि वर्षों से सेवा दे रहे हजारों स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति भी प्रभावित होगी।संघ ने आरोप लगाया है कि यह पूरा निर्णय केवल कागज़ों पर आधारित है, जिसमें जमीनी हकीकत की अनदेखी की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे कई विद्यालय हैं जहाँ कम संख्या के बावजूद बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है और यह विद्यालय उनके लिए पहुंच के लिहाज़ से भी बेहद उपयुक्त हैं।ज्ञापन के अनुसार, बीते 30 जून 2025 से प्रदेश के 822 विकास खंडों में इस योजना की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कई स्कूलों को बंद कर वहां कार्यरत प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों को अन्यत्र समायोजित किया जा रहा है। इससे न केवल शिक्षकों में असंतोष व्याप्त है, बल्कि बच्चों और अभिभावकों की शिक्षा में भी व्यवधान उत्पन्न हो रहा है।

शिक्षक संघ ने मोहनलालगंज लोकसभा के सांसद विधायक और जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वे हस्तक्षेप कर सरकार को इस निर्णय पर पुनर्विचार के लिए बाध्य करें। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि 150 से कम छात्र संख्या वाले उच्च प्राथमिक विद्यालय और 100 से कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक विद्यालयों को बंद किया गया, तो गांवों की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाएगी।संघ ने चेतावनी दी है कि यदि इस निर्णय को वापस नहीं लिया गया, तो शिक्षकों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# प्रेरणा की उड़ान- स्वामी विवेकानंद सामाजिक सेवा संस्थान में आयोजित मोटिवेशन शिविर

● सफलता अनायास नहीं मिलती, बल्कि उसे अर्जित करना पड़ता है- प्रोफेसर सुनील कुमार

स्वतंत्र प्रभात



**सिधौली, सीतापुर** आज सिधौली कस्बे की प्रतिष्ठित संस्था स्वामी विवेकानंद सामाजिक सेवा संस्थान के प्रांगण में एक प्रेरणादायक मोटिवेशन शिविर का आयोजन किया गया, जो विशेष रूप से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ। इस अवसर पर आचार्य नरेंद्र देव टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के प्रख्यात प्रोफेसर सुनील कुमार ने मुख्य वक्ता के रूप में छात्रों को संबोधित किया। अपने प्रभावशाली वक्तव्य में प्रो. सुनील कुमार ने विद्यार्थियों को सफलता प्राप्त करने के सूत्रों से अवगत कराते हुए एक अत्यंत रोचक और प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि "जिस प्रकार आपातकालीन स्थिति में आकाश में उड़ान भर रहे किसी व्यक्ति को अपनी जान बचाने के लिए पैराशूट की आवश्यकता होती है, और वह पैराशूट धीरे-धीरे खुलते हुए सुरक्षित रूप से उसे भूमि पर उतार देता है, उसी प्रकार मनुष्य का मस्तिष्क भी एक 'पैराशूट' है, जो हर विषम परिस्थिति में सोच-विचार और विवेक के माध्यम से समाधान का मार्ग प्रशस्त करता है।"

उन्होंने विशेष रूप से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं को निरंतर संघर्ष, अनुशासित दिनचर्या, गुणवत्तापूर्ण अध्ययन, समय प्रबंधन और मानसिक तनाव से मुक्ति पाने की रणनीतियों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। साथ ही यह भी कहा कि "सफल व्यक्तियों की जीवन यात्रा से प्रेरणा लेना चाहिए और स्वयं का एक निश्चित लक्ष्य तय करके उसी दिशा में केंद्रित प्रयास करते रहना चाहिए। सफलता अनायास नहीं मिलती, बल्कि उसे अर्जित करना पड़ता है।"इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष, शिक्षाविद् आर. डी. वर्मा के कार्यो की सराहना करते हुए प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि "वर्मा जी जैसी विभूतियों के कारण ही आज समाज के पिछड़े व ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन और सशक्त मंच प्राप्त हो पा रहा है।" शिविर में उपस्थित डॉ. राजवीर ने भी विद्यार्थियों को जीवन में सकारात्मक सोच, धैर्य और आत्म-विश्वास की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस सफल संगोष्ठी का कुशल संचालन प्रवक्ता व समाजसेवी चंद्रशेखर प्रजापति द्वारा किया गया, जिनकी प्रभावशाली वाणी और सजग संचालन शैली ने पूरे कार्यक्रम में एक विशेष ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक शिक्षाविद्, समाजसेवी, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावकगण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह शिविर विद्यार्थियों के लिए न सिर्फ एक दिशा-दर्शक रहा, बल्कि उनके भीतर छिपी संभावनाओं को प्रज्वलित करने वाला एक सशक्त मंच भी सिद्ध हुआ।

# ट्रक ने कार को 1 किमी तक घसीटा, लोग चिल्लाते रहे लेकिंन ट्रक ड्राइवर ने नहीं रोका ट्रक, दो कारोबारी दोस्तों की हुई मौत

स्वतंत्र प्रभात



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में भीषण सड़क हादसे में दो कारोबारियों की मौत हो गई तीन लोग घायल हैं ट्रक कार को करीब 1 किमी तक घसीटते हुए ले गया सड़क पर चल रहे दूसरे कार चालकों और राहगीरों ने ट्रक ड्राइवर को रोकने का बहुत प्रयास किया लेकिन ड्राइवर नहीं रुका जब कार का अगला हिस्सा ट्रक के पहियों में फंस गया और ट्रक जाम हो गया तब ड्राइवर ट्रक छोड़कर भागने लगा लोगों ने ड्राइवर को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। हादसा गुरुवार शाम का है इसका वीडियो आज सुबह सामने आया है घटना कोतवाली इलाके के ह्वा-30 की है वीडियो में दिख रहा है कि हाईवे पर ट्रक वैगनआर कार को घसीटते हुए ले जा रहा है कार ट्रक के अगले हिस्से में फंसी है हाईवे पर चल रहे कुछ वाहन चालक ट्रक को रुकवाने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन ड्राइवर ट्रक नहीं रोक रहा है लगभग एक किमी बाद का कार ट्रक के आगे के पहिए में फंस जाती है फिर ट्रक आगे नहीं बढ़ पाता है इसके बाद ड्राइवर ट्रक को छोड़कर भागने लगता है राहगीर उसे दौड़ाकर पकड़ लेते हैं। महोली कस्बे के विकास नगर निवासी अध्यापक सुनील मिश्रा अपने साथी अवस्थी टोला निवासी संजीव गुप्ता, राम अवतार सिंह, विपुल मिश्रा के साथ महोली बायपास पर जमीन देखने जा रहे थे अढ़ौरी मोड़ के पास सीतापुर से शाहजहांपुर जा रहे ट्रक ने कार को टक्कर मार दी टक्कर के बाद कार ट्रक में फंस गई ट्रक चालक कार को घसीटते हुए एक किलोमीटर दूर बड़ागांव ओवरब्रिज तक ले गया इस दौरान ट्रक ने साइकिल सवार सरोज (42) को भी टक्कर मार दी रास्ते से गुजर रहे थार सवारों ने ट्रक को रोकने का प्रयास किया लेकिन चालक नहीं रुका जब कार क्षतिग्रस्त होकर ट्रक के पहिए में फंस गई और ट्रक आगे नहीं बढ़ सका तब ड्राइवर उतर कर भागने लगा भीड़ ने ड्राइवर को दौड़ाकर पकड़ लिया सूचना पर पहुंची पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने कार व साइकिल सवार घायलों को महोली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया यहां चिकित्सकों ने संजीव उर्फ संजय गुप्ता और राम अवतार सिंह को मृत घोषित कर दिया जबकि तीनों घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कार में सवार सभी घायल महोली कस्बे के ही निवासी थे संजय की मोबाइल की दुकान है वहीं राम अवतार सिंह प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता है इंस्पेक्टर दिलीप कुमार चौबे ने बताया- ट्रक जब्त कर लिया गया है। ड्राइवर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है इधर कस्बे के दो व्यापारियों की मौत होने और तीन के घायल होने से मातम का माहौल है!!!

# शराबियों ने सामान लेन देन में की गाली गलौज तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज जांच में जुटी पुलिस

स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज/ रायबरेली-** महराजगंज पुलिस ने न्यायालय के आदेश के अनुपालन में पिछले दिनों शराब के ठेका पर शराबियों और रेडी पर टिकिया पकौड़ी लगाने वाले के बीच सामान को लेनदेन को लेकर हुए विवाद में एक अन्य पक्ष द्वारा दोनों पक्षों को समझाने बुझाने पर पकोड़ा टिकिया व्यवसायी द्वारा समझने वाले व्यक्ति के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने के मामले में तीन लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस मामले की विवेचना में जुट गई।

आपको बता दें कि, यूपी के रायबरेली में महराजगंज थाना क्षेत्र के नाथगंज मजरे हलोर गांव के रहने वाले सत्य नाम पुत्र राम अधार ने न्यायालय को बताया कि, विपक्षीगणों रामसेवक पुत्र बदल, राम भजन पुत्र रामसेवक और श्यामलाल पुत्र श्रीपाल निवासी नाथगंज मजरे हलोर द्वारा शराब के ठेके के बाहर ठेले पर टिकिया पकड़ा लगाने का काम करते हैं। घटना वाले दिन विपक्षियों पकोड़ा टिकिया व्यवसायी और शराबियों के बीच खाने पीने के समान के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। दोनों पक्षों के बीच हो रहे झगड़े को उनके द्वारा दोनों पक्षों को समझाने पर उपर्युक्त विपक्षियों द्वारा उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की गई।

उसके विरोध करने पर विपक्षियों द्वारा एक राय होकर उसे जान से मारने की धमकी दी गई का आरोप लगाया है। न्यायालय द्वारा वादी पक्ष की दलीले सुनने उपरांत महराजगंज पुलिस को आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश के अनुपालन में महराजगंज पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया है। पुलिस मामले की विवेचना में जुट गई है। मामले में कोतवाल जगदीश यादव का कहना है कि, न्यायालय के आदेश के अनुपालन में तीन लोगों पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। आगे की कार्यवाही करी जा रही है।

# मऊ में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात



**चंदापुर/रायबरेली-** थाना क्षेत्र के राजकीय बालिका हाई स्कूल मऊ में गुरुवार को थानाध्यक्ष प्रशांत दुवेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय की छात्राओं को जागरूक किया गया। इस दौरान एसएसआई रवि पवार, महिला आरक्षी सीमा यादव, आरक्षी पवन कुमार आदि मौजूद रहे। आपको बता दे कि, आज गुरुवार को थाना क्षेत्र के मऊ गांव स्थित राजकीय बालिका हाई स्कूल में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत पुलिस ने छात्राओं को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कोतवाल प्रशांत द्विवेदी ने छात्राओं को आत्मरक्षा के तरीके, साइबर अपराधों से बचने के उपाय और महिला सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त उन्होंने छात्रों को अच्छे स्पर्श और बुरे स्पर्श के बीच का अंतर भी समझाया।

कोतवाल ने छात्राओं को अच्छे स्पर्श और बुरे स्पर्श के बीच का अंतर समझाया, कहा कि, छात्राएं शारीरिक शोषण को पहचान कर उसका विरोध करें, आवश्यकता पड़ने पर पुलिस की मदद भी लें। उन्होंने कार्यक्रम का उद्देश्य समझते हुए कहा कि, छात्राओं को सशक्त बनाना और उन्हें सुरक्षित महसूस करना था। पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को यह भी बताया कि, वह किसी भी समस्या के लिए उन पर भरोसा कर सकती हैं और अपनी बात उन तक पहुंचा सकती हैं।

कार्यक्रम में मौजूद महिला आरक्षी सीमा यादव ने महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत मौजूद छात्राओं को विभिन्न विषयों पर जागरूक किया। उनके द्वारा आत्मरक्षा के तरीके बताएं गए और छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए कुछ सरल और प्रभावी तकनीकें भी सिखाई गई, ताकि वह किसी भी अप्रिय स्थिति का सामना कर सके। एसएसआई रवि पवार ने छात्राओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी, सोशल मीडिया पर उत्पीड़न और अन्य साइबर अपराधों से बचने के उपाय बताएं। उन्होंने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 112 और चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 जैसे आवश्यक हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। ताकि वह जरूरत पड़ने पर तुरंत पुलिस की सहायता मांग सके।

इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा सिंह, शिक्षिका अर्चना सिंह, सत्यवती समेत छात्र-छात्राएं एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। इसके अलावा विद्यालय परिवार द्वारा 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को जागरूक भी किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओं को बताया कि, सभी बच्चे खुद जागरूक होकर अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करें। आसपास के वातावरण में पानी जमा ना होने दें, और साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाय, ताकि संचारी रोगों से बचा जा सके।

# ग्राम प्रधान के घर पर दबंगों का हमला, महिलाओं से अभद्रता और परिजनों की बेरहमी से पिटाई

● ......पीड़ित प्रधान ने मोहनलालगंज थाने में दी तहरीर, सुरक्षा और न्याय की लगाई गुहार।

स्वतंत्र प्रभात

**मोहनलालगंज। लखनऊ,** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के कल्ली पूरब गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब मौजूदा ग्राम प्रधान रामबली के घर पर गांव के ही दबंगों ने धावा बोल दिया। घटना 15 जून की सुबह लगभग 9-30 बजे की है, जब ग्राम प्रधान रामबली पुत्र देवकृपाल अपने घर पर मौजूद थे। पीड़ित प्रधान ने मोहनलालगंज थाने में तहरीर देकर बताया कि करीब दो दर्जन से अधिक लोग उनके घर पर लाठी-डंडों से लैस होकर पहुंचे और पूरे परिवार पर हमला बोल दिया।तहरीर के अनुसार, आरोपितों में केसर, ध्रुवी, रामसिंघान, गुड्डीनंदू, नन्हू, रामसिंह, चंदेश्वर, विशाल, जमालू, गट्टू, शेरसिंह, रामकुमार, रामसुमेर, सुंदरलाल, टिल्लन, राहुल, महेंद्र समेत अन्य शामिल थे। इन लोगों ने घर के भीतर घुसकर गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुए तोड़फोड़ मचानी शुरू कर दी।

घटना के दौरान प्रधान रामबली के बेटे टिंकू और रमाकांत को लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा गया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हमलावरों ने न केवल घर की ईंट व निर्माण सामग्री को नुकसान पहुंचाया, बल्कि महिलाओं से अभद्र व्यवहार करते हुए मकान पर जबरन कब्जा करने की कोशिश भी की।रामबली ने बताया कि हमला इतनी तेजी से हुआ कि पूरा परिवार जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने को मजबूर हो गया। उन्होंने कहा कि इस घटना से न केवल उन्हें शारीरिक और मानसिक पीड़ा पहुंची है, बल्कि परिवार आर्थिक रूप से भी क्षतिग्रस्त हुआ है।घटना के बाद पीड़ित ग्राम प्रधान ने मोहनलालगंज थाने में तहरीर दी है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, थाना प्रभारी दिलेश सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।इस घटना के बाद ग्रामीणों में भय और रोष का माहौल है। लोगों का कहना है कि यदि एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि पर इस प्रकार हमला हो सकता है, तो आम नागरिक कैसे सुरक्षित रह सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को सुरक्षा दी जाए।

## पंचायत भवन में ग्राम चौपाल का हुआ आयोजन, अधिकारियों ने दिया जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी



**सिद्धार्थनगर।** नौगढ़ विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत मधुबनी में शुक्रवार को गांव की समस्या, गांव में समाधान चौपाल कार्यक्रम आयोजित हुआ। ग्राम पंचायत सचिव प्रशांत कुमार त्रिपाठी ने ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जानकारी के अभाव में कई पात्र लोग सरकारी योजनाओं से वंचित रह जाते हैं। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना और स्वच्छ भारत मिशन की जानकारी दी गई। वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, मनरेगा, आयुष्मान भारत योजना और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के बारे में भी बताया गया।ग्रामीणों को योजनाओं की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया से अवगत कराया गया। उन्हें बताया गया कि मोबाइल या जन सेवा केंद्र के माध्यम से इन योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। सचिव ने योजनाओं से जुड़ी आवश्यक शर्तें और दस्तावेजों की जानकारी दी। साथ ही आवेदन की सही प्रक्रिया भी समझाई।ग्रामीणों ने अपनी स्थानीय समस्याएं रखीं। सचिव ने संबंधित विभागों को अवगत कराकर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान रवि सिन्हा वित्तीय सलाहकार एसबीआई सिद्धार्थनगर ने चौपाल में मौजूद ग्रामीणों को बैंक से सम्बंधित जानकारी दी। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान अमजद अली, ओम प्रकाश गुप्ता, वजीहुद्दीन, शमीम अहमद सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# भारतीय महिलाओं में बढ़ती अपराध प्रवृत्ति -सामाजिक चेतना के लिए एक संकेत

भारतीय समाज में नारी को अब तक करुणा, सहनशीलता, नैतिकता, त्याग, ममता और मर्यादा की मूर्ति के रूप में देखा गया है। 'जननी', 'गृहलक्ष्मी' और 'संस्कारों की संरक्षिका' जैसे विशेषण सदियों से भारतीय नारी को परिभाषित करते रहे हैं। लेकिन आधुनिक तकनीकी सदी में जहाँ महिलाएँ शिक्षा, राजनीति, विज्ञान, सेना, व्यवसाय और नेतृत्व के उच्च शिखरों को छू रही हैं, वहीं एक चिंताजनक पहलू यह भी है कि कुछ महिलाएँ अब अपराध की दुनिया में भी प्रवेश कर रही हैं। यह प्रवृत्ति केवल व्यक्तिगत नहीं, अपितु सामाजिक, सांस्कृतिक और मनोवैज्ञानिक संकेत भी देती है कि हमारे मूल्यों और तंत्रों में कहीं न कहीं कोई असंतुलन उत्पन्न हो रहा है।

**महिला अपराध के क्षेत्र (विविध और चिंताजनक विस्तार)**

यद्यपि महिलाओं द्वारा किए जाने वाले अपराधों की संख्या पुरुषों की तुलना में बहुत कम है, लेकिन इनकी प्रकृति अब जघन्य अपराधों तक पहुँचने लगी है। कुछ महिलाएँ अब व्यभिचार, आर्थिक अपराध, घरेलू हिंसा, मानव तस्करी, साइबर अपराध और यौन शोषण जैसे गंभीर अपराधों में संलिप्त पाई गई हैं।दहेज कानून का दुरुपयोग कर पुरुषों और उनके परिवार को झूठे मामलों में फँसाना अब आम बात हो गई है।विवाहेत्तर संबंधों के चलते ब्लैकमेलिंग, आत्महत्या के लिए उकसाना और हत्या जैसे अपराधों में भी महिलाओं की संलिप्तता देखी गई है।सोशल मीडिया पर फेक प्रोफाइल, ब्लैकमेलिंग, ÷इमोशनल फ्रॉड÷, ÷लव स्कैम÷ और हनी ट्रैप जैसे संगठित अपराधों में भी कुछ महिलाएँ सक्रिय हैं।कामकाजी महिलाओं द्वारा घरेलू नौकरों, बच्चों और बुजुर्गों के प्रति दुर्व्यवहार, उपेक्षा और मानसिक प्रताड़ना की घटनाएँ सामने आ रही हैं।मानव तस्करी और वेश्यावृत्ति में महिलाएँ दलाल या एजेंट के रूप में कार्य करती पकड़ी गई हैं।फर्जी बैंक खाता, क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी और जासूसी जैसी गतिविधियों में भी महिलाओं की संलिप्तता पाई गई है।

**अपराध की ओर झुकाव के कारण(मनोवैज्ञानिक और सामाजिक विश्लेषण)**

महिलाओं के अपराध में लिप्त होने के पीछे कई व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक कारण उभरकर सामने आते हैं जैसे - फिल्मों, वेब सीरीज और सोशल मीडिया ने आधुनिकता को उच्छृंखलता से जोड़ दिया है, जिससे नैतिक मूल्यों का ह्रास हुआ है।संयुक्त परिवारों का विघटन, तलाक, असफल प्रेम संबंध, एकल मातृत्व जैसी स्थितियाँ मानसिक तनाव को बढ़ा रही हैं। दहेज निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम जैसे महिला हितैषी कानूनों का कभी-कभी गलत उपयोग कर 'कानूनी अपराध' की एक नई परिभाषा गढ़ी जा रही है। आत्मसम्मान की कुंठा, बदले की भावना, गुस्सा या अवसाद जैसी मनोवैज्ञानिक स्थितियाँ महिलाओं को अपराध की दुनिया में जाने के लिए उकसा रही हैं।

**महिला अपराध के सामाजिक संकेत( नैतिकता की चुनौतियाँ)**

जब वे महिलाएँ, जिन्हें समाज नैतिकता की प्रतीक मानता था, अपराध में संलिप्त होने लगती हैं, तो यह समाज के नैतिक ढाँचे को झकझोरता है।इससे नारी सशक्तिकरण की अवधारणा पर आंच आती है और महिला-विरोधी पूर्वग्रह को बल मिलता है। वास्तविक पीड़ितों को न्याय मिलना कठिन हो जाता है क्योंकि न्याय प्रणाली झूठे मामलों के बोझ से दब जाती है।समाज में एक अनैतिक सामान्यीकरण पनपने लगता है - जहाँ संदेह, अविश्वास और सामाजिक अस्थिरता जन्म लेने लगती है।

**सशक्तिकरण का संतुलित और नैतिक दृष्टिकोण**

भारतीय महिलाओं में बढ़ती आपराधिक प्रवृत्तियाँ केवल आँकड़ों का विषय नहीं हैं, यह समाज की नैतिक संरचना, पारिवारिक संतुलन और वैचारिक दिशा के लिए एक गंभीर चेतावनी हैं। आधुनिकता, स्वतंत्रता और अधिकारों की यह यात्रा यदि उत्तरदायित्व, संवेदना और विवेक से वंचित रह जाए, तो नारी का व्यक्तित्व सशक्तिकरण के स्थान पर विकृति की ओर मुड़ सकता है। हमें यह भी स्वीकार करना होगा कि केवल महिलाएँ ही नहीं, पुरुष और समाज भी इस विकृति के लिए आंशिक रूप से उत्तरदायी हैं। कई बार पुरुषों की उपेक्षा, शोषण, धोखा, हिंसा या भावनात्मक बेरुखी महिलाओं को अवसाद, क्रोध या प्रतिशोध की ओर ले जाती है, जो आगे चलकर आपराधिक व्यवहार का कारण बन सकती है। इसलिए –पुरुषों को चाहिए कि वे महिलाओं के साथ समानता, सम्मान और सहयोग का व्यवहार करें, न कि स्वामित्व, उपयोग या दमन का;विवाह, प्रेम और पारिवारिक रिश्तों में पारदर्शिता और ईमानदारी को बनाए रखें, जिससे महिलाएँ धोखा, तिरस्कार या अन्याय के कारण अपराध की ओर न बढ़ें। अतः पुरुषों को भी आत्मचिंतन करना चाहिए कि क्या उनका व्यवहार किसी महिला को नैतिक या मानसिक रूप से उस सीमा तक ले जा रहा है जहाँ वह स्वयं को अपराध में उलझा पाती है।

महिला सशक्तिकरण की परिभाषा को केवल बाह्य उपलब्धियों तक सीमित नहीं रखा जा सकता। उसे आंतरिक शुचिता, विवेक, उत्तरदायित्व और समाज के प्रति प्रतिबद्धता से जोड़ना होगा। नारी यदि निर्माणकर्ता है, तो उसके विचार, आचरण और दिशा भी उतनी ही पवित्र और प्रबुद्ध होनी चाहिए। समाधान और सुझाव- महिला अपराधों की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम के रूप में नैतिक शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य को स्कूली और महाविद्यालयीन पाठ्यक्रम में अनिवार्य किया जाए;सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर नियंत्रण पर विचार हो, साइबर जागरूकता और डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा दिया जाए;महिला केंद्रित कानूनों की समीक्षा की जाए ताकि उनके दुरुपयोग की गुंजाइश न्यूनतम हो;महिला अपराधियों के पुनर्वास कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे वे समाज की मुख्यधारा में लौट सकें;परिवार और मीडिया दोनों को चाहिए कि वे महिलाओं में संवेदनशीलता, आत्मनियंत्रण और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करें;पुरुषों और लड़कों को भी 'सम्मान आधारित व्यवहार' की शिक्षा दी जाए, जिससे लैंगिक संतुलन और समझ बेहतर हो। सारांश में हम कह सकते हैं कि समाज तभी विकसित होगा जब नारी - सशक्त होकर भी संयमित और पुरुष - स्वतंत्र होकर भी मर्यादित रहेगा।

**डॉ मनमोहन प्रकाश**

# सड़क पर बढ़ती मॉब जस्टिस की घटनाएँ क़ानून की हार या समाज की पीड़ा?

भारत की सड़कों पर न्याय अब गवाही, सुनवाई और कानून की बारीकियों से तय नहीं होता, बल्कि भीड़ के शोर, संदेह और सनक से तय होने लगा है। मॉब जस्टिस या कहें भीड़तंत्र, वह त्रासद दृश्य बन गया है जो किसी दुर्घटना की तरह नहीं, बल्कि एक सामाजिक महामारी की तरह देश के कोने-कोने में फैल रहा है। जिस देश की न्याय-व्यवस्था दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक की विरासत है, वहां अब खुलेआम इंसाफ की बागडोर भीड़ के हाथों में सौंप दी जा रही है। कभी गोमांस के शक पर, कभी चोरी के संदेह में, कभी बच्चा चोरी की अफवाहों के बीच, तो कभी जातीय या धार्मिक भ्रामकता के आधार पर भीड़ एक निर्णय लेती है, एक सज़ा तय करती है, और बिना अदालत, बिना गवाही, बिना किसी कानून के पालन के किसी व्यक्ति को मौत के घाट उतार देती है। वह इंसान कौन था, क्या सचमुच दोषी था, उसका पक्ष क्या था यह सब सवाल पीछे छूट जाते हैं। जो रह जाता है वह है सड़कों पर पड़ी लाशें, वीडियो क्लिप्स, वायरल हो रही हिंसा और एक गूंगी होती संवेदना। जिस न्याय प्रणाली की बुनियाद इस सिद्धांत पर टिकी है कि सौ अपराधी छूट जाएँ, पर एक निर्दोष को सज़ा न हो, उस व्यवस्था के भीतर अब एक उल्टा दर्शन पनप रहा है यदि संदेह है तो दंडित करो, भले ही निर्दोष हो। यह केवल विधिक विफलता नहीं है, बल्कि एक सामाजिक, नैतिक और संवैधानिक संकट है। भारत का संविधान स्पष्ट रूप से यह कहता है कि हर नागरिक को न्याय पाने का समान अधिकार है। अनुच्छेद 21 यह सुनिश्चित करता है कि किसी भी नागरिक से उसकी स्वतंत्रता या जीवन, बिना विधिसम्मत प्रक्रिया के, नहीं छीना जा सकता। मॉब जस्टिस इन मूलभूत संवैधानिक मूल्यों का खुला उल्लंघन है। भीड़तंत्र दरअसल न्याय नहीं, अधिनायकवाद है। यह वह मानसिकता है जो समाज के भीतर पल रही हताशा, डर, कुंठा और बदले की भावना से जन्म लेती है। जब न्यायालयों में वर्षों तक फैसले नहीं आते, जब पुलिस जांच के नाम पर चुप्पी साध लेती है, जब सत्ता पक्ष अपराधियों को संरक्षण देता है, तब नागरिकों के भीतर यह धारणा बनती है कि न्याय अब उनके हाथ में लेना ज़रूरी हो गया है। यही वह क्षण होता है जब संवैधानिक लोकतंत्र की आत्मा कराह उठती है। यह खतरा केवल कानून की अक्षमता से नहीं, समाज की चुप्पी और सहमति से भी जन्म लेता है। जब लोग वीडियो बनाते हैं, पर मदद नहीं करते, जब सोशल मीडिया पर हिंसा की प्रशंसा होती है, जब धर्म और जाति के नाम पर हत्याएं न्याय में बदल दी जाती हैं, तब यह स्पष्ट हो जाता है कि यह केवल अपराध नहीं, एक सामाजिक स्वीकृति बन गई है। संविधान किसी भी भीड़ को न्याय करने का अधिकार नहीं देता। कानून का राज और भीड़ का राज दोनों में बुनियादी अंतर है। पहला न्याय पर आधारित होता है, दूसरा भावनाओं पर। पहले में सबूत, दलील, अपील और सुनवाई होती है, दूसरे में अफवाह, उत्तेजना और हत्या। मॉब लिंचिंग केवल किसी एक समूह या वर्ग की समस्या नहीं है, यह पूरे समाज की आत्मा पर लगा कलंक है। इसने न केवल निर्दोषों की जान ली है, बल्कि हमारे सामाजिक विश्वास, संस्थागत ढांचे और लोकतांत्रिक चेतना को भी गहरा आघात पहुंचाया है। यह विडंबना है कि हम उस देश में रह रहे हैं जहाँ संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर ने कानून को समाजिक परिवर्तन का उपकरण माना था, लेकिन आज उसी समाज में कानून को ठोकर मार कर भीड़ खुद को जज, जूरी और जल्लाद घोषित कर रही है। यह गिरावट मात्र किसी विधायी दोष का परिणाम नहीं, बल्कि हमारी नैतिक पराजय का संकेत है। कई राज्यों ने मॉब लिंचिंग के विरुद्ध कड़े कानून बनाए हैं, लेकिन इनका क्रियान्वयन अक्सर राजनीतिक इच्छाशक्ति और प्रशासनिक निष्क्रियता के सामने बौना साबित होता है। सिर्फ कानून बना देना काफी नहीं होता, जब तक न्याय प्रणाली में आम जनता का भरोसा बहाल न हो, जब तक पीड़ितों को सुरक्षा, गवाहों को संरक्षण और आरोपियों को निष्पक्ष दंड न मिले । तब तक भीड़ का यह तांडव चलता रहेगा। मीडिया की भूमिका भी इस उन्माद को बढ़ावा देती है। जब टीआरपी की भूख में समाचार चैनल हत्या के दृश्यों को सनसनी बनाकर परोसते हैं, जब वे पीड़ित की जगह आरोपी को नायक बना देते हैं, तब यह हिंसा सिर्फ एक घटना नहीं, एक विचारधारा बन जाती है जिसे भीड़ आत्मसात कर लेती है। समाधान केवल कानून के कठोर दंड में नहीं, बल्कि समाज की आत्मा के पुनर्निर्माण में है। हमें स्कूलों, विश्वविद्यालयों, पंचायतों, धार्मिक संस्थानों और सामाजिक संगठनों में संवैधानिक मूल्यों पर संवाद की आवश्यकता है। हमें यह सिखाना होगा कि न्याय का अर्थ बदला नहीं होता, और कानून को अपने हाथ में लेना दरअसल अपनी ही सुरक्षा को खतरे में डालना है। लोकतंत्र में असहमति की जगह होती है, लेकिन अराजकता की नहीं। समाज को यह तय करना होगा कि वह कानून के राज में विश्वास करता है या भावनात्मक अंधता के उस तंत्र में जहाँ संदेह ही सज़ा बन जाता है। यदि आज हमने इस सवाल का उत्तर नहीं खोजा, यदि हमने भीड़ की मानसिकता को चुनौती नहीं दी, तो कल हर नागरिक भय की परछाई में जीने को मजबूर होगा। मॉब जस्टिस की घटनाएँ हमें यह बताती हैं कि भारत केवल आर्थिक, तकनीकी या राजनीतिक रूप से ही नहीं, बल्कि नैतिक रूप से भी एक गहरे संकट से गुजर रहा है। यह संकट केवल सरकार या न्यायपालिका का नहीं, यह संकट हम सबका है उस समाज का जिसने आँखें मूंद रखी हैं, उस वर्ग का जो चुप है, और उस भीड़ का जो तय करती है कि किसे जीने का हक़ है और किसे नहीं। आज ज़रूरत इस बात की है कि हम इस भयावह प्रवृत्ति के विरुद्ध आवाज़ उठाएँ। एकजुट होकर संविधान, कानून, नैतिकता और मानवीय गरिमा के पक्ष में खड़े हों। क्योंकि यदि हम चुप रहे, तो आने वाला समय न केवल असुरक्षित होगा, बल्कि अन्यायी भी।भीड़ के हाथों न्याय नहीं होता केवल विध्वंस होता है। और विध्वंस की राख से कभी कोई सभ्यता नहीं उगती।

**हंसराज चौरसिया**

# संपादकीय

## पैरेंटिंग 2.0- तकनीक और ममता के बीच पुल बनते माता-पिता

**[ डिजिटल चुनौतियों में घिरा बचपन- पथ-प्रदर्शक बनते अभिभावक ]**

जब एक बच्चे की मासूम आँखों में दुनिया की पहली किरण झलकती है, तो उसकी नजरें माता-पिता का चेहरा नहीं, बल्कि उनके अथाह प्यार, उनकी गर्माहट और उनकी अनंत उम्मीदों का सागर देखती हैं। यह वह पल है, जब एक नन्हा दिल धड़कना शुरू करता है, और माता-पिता का हर शब्द, हर स्पर्श, उस कोरे मन की किताब पर अमिट स्याही बनकर उतरता है। लेकिन आज का दौर वह नहीं, जहाँ केवल लोरियों की मिठास या परियों की कहानियों का जादू बच्चे का भविष्य संवार सकता है। यह युग डिजिटल चमक, सूचनाओं के तूफान और जटिल रिश्तों का है। यहाँ पेरेंटिंग अब सिर्फ़ पालन-पोषण नहीं, बल्कि एक ऐसी कला है, जो बच्चों को तकनीक की चकाचौंध और मानवीय संवेदनाओं के बीच संतुलन का पाठ पढ़ाती है। यह एक अनमोल सफ़र है, जहाँ माता-पिता न केवल मार्गदर्शक, बल्कि सहयात्री बनकर बच्चों के साथ कदम मिलाते हैं–सीखते, समझते और एक नई दुनिया को गढ़ते हुए। आज के बच्चे डिजिटल युग के सच्चे सिपाही हैं, जिनका जन्म ही स्क्रीनों की चमक और सूचनाओं के सैलाब के बीच हुआ है। यूनिसेफ इंडिया (2023) के एक अध्ययन के अनुसार, भारत में 6-14 वर्ष के 71% बच्चे रोज़ाना स्मार्टफोन से जुड़े रहते हैं, औसतन 3-4 घंटे स्क्रीन की दुनिया में खोए रहते हैं। यूट्यूब उनकी पाठशाला है, सोशल मीडिया उनका मंच, और वर्चुअल दुनिया उनकी पहचान का आईना। लेकिन इस चकाचौंध के पीछे छुपा है एक अदृश्य खतरा–साइबरबुलिंग, ऑनलाइन शोषण, और स्क्रीन की लत का जाल। नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इन्फॉर्मेशन (एनसीबीआई, 2024) के शोध के अनुसार, 10-18 वर्ष के 28व्र किशोरों ने ऑनलाइन उत्पीड़न का दंश झेला है, और 35% स्क्रीन की अतिशयता से तनाव और चिंता के शिकार हुए हैं। ऐसे में माता-पिता की भूमिका अब केवल नियमों की चौकीदारी तक सीमित नहीं। उन्हें एक भावनात्मक पथप्रदर्शक बनना है–जो स्क्रीन की ठंडी चमक के पीछे छुपे बच्चे के डर, असुरक्षा और अनकहे सपनों को न केवल समझे, बल्कि उनके साथ कदम से कदम मिलाकर एक सुरक्षित और प्रेरणादायक भविष्य का निर्माण करे। पेरेंटिंग अब आदेशों का शोर नहीं, बल्कि संवाद का सौम्य संगीत है। वह दौर लद गया, जब डाँट और नसीहत से बच्चे का रास्ता बन जाता था। आज का बच्चा भरोसे की गर्माहट और खुले दिल की तलाश में है। प्यू रिसर्च सेंटर (2024) के एक सर्वे में 62% किशोरों ने खुलासा किया कि वे अपने माता-पिता के साथ दिल खोलकर बात करना चाहते हैं, मगर केवल 29व्र को लगता है कि उनकी भावनाओं को सही मायने में समझा जाता है। यह आँकड़ा एक गहरी सच्चाई को उघाड़ता है–बच्चों को सुनने और समझने की ज़रूरत अब पहले से कहीं ज़्यादा है। माता-पिता को हर सवाल का जवाब थोपने के बजाय, बच्चों को सवाल उठाने की हिम्मत देनी होगी। उदाहरण के लिए, अगर बच्चा सोशल मीडिया के किसी ट्रेंड के पीछे भागना चाहता है, तो उसे डाँटने के बजाय, प्यार से समझाना होगा कि वह ट्रेंड क्यों भटकाने वाला हो सकता है। यह प्रक्रिया न सिर्फ़ बच्चे की तार्किक सोच को जागृत करती है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी आसमान की ऊँचाइयों तक उड़ान देती है। डिजिटल साक्षरता अब पेरेंटिंग का अभिन्न अंग है, एक ऐसी कला जो आज के युग में अपरिहार्य है। बच्चे एआई से सवाल पूछते हैं, गेमिंग प्लेटफॉर्म पर दोस्त बनाते हैं, और ऑनलाइन अपनी पहचान की तलाश में भटकते हैं। मगर इस चमकती वर्चुअल दुनिया में वे अक्सर अकेलेपन, तुलना के दबाव, और आत्मसम्मान की चुनौतियों के भँवर में फँस जाते हैं। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी (2023) के एक अध्ययन ने खुलासा किया कि सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से किशोरों में आत्मसम्मान 20व्र तक घट जाता है। ऐसे में माता-पिता को बच्चों को न केवल डिजिटल साक्षरता, बल्कि भावनात्मक परिपक्वता का पाठ भी पढ़ाना होगा। इसका अर्थ है–ऑनलाइन सामग्री की सत्यता को परखना, साइबर सुरक्षा के गुर सिखाना, और स्क्रीन टाइम का संतुलन बनाना। माता-पिता को बच्चों की ऑनलाइन दुनिया में सहयात्री बनना होगा, खुली चर्चा के ज़रिए उनके अनुभवों को समझना होगा। मिसाल के तौर पर, अगर बच्चा यूट्यूब पर कोई वीडियो देख रहा है, तो माता-पिता उस कंटेंट पर बात शुरू कर सकते हैं, यह पूछते हुए कि उसने उससे क्या सीखा। यह न सिर्फ़ बच्चे की आलोचनात्मक सोच को निखारता है, बल्कि माता-पिता के साथ उनके रिश्ते को भी अटूट विश्वास की डोर से बाँधता है। आज के माता-पिता को एक सखा की तरह होना होगा–वह साथी, जो बच्चे को न केवल चलना सिखाए, बल्कि गिरकर उठने का साहस भी दे। उन्हें हर सवाल का जवाब थोपने के बजाय, सही सवाल पूछने की कला सिखानी होगी। पेरेंटिंग अब महज़ मार्गदर्शन नहीं, बल्कि एक जीवंत संवाद है, जहाँ माता-पिता और बच्चा कंधे से कंधा मिलाकर सीखते हैं–तकनीक की रफ्तार को गले लगाते हुए, संवेदनाओं की गर्माहट को सहेजते हुए, और भविष्य को सुनहरे सपनों से संवारते हुए। ऐसे युग में, जहाँ बच्चे एक कमरे में बैठकर हजारों लोगों से जुड़ सकते हैं, यह अनिवार्य है कि वे अपने माता-पिता के साथ भावनात्मक बंधन में बंधे रहें। क्योंकि अगर माता-पिता ने उन्हें समय, समझ, और प्यार की छाँव नहीं दी, तो दुनिया का तूफ़ान उन्हें भटकाने को तैयार बैठा है। आज के माता-पिता को अपनी भूमिका को नए सिरे से गढ़ना होगा। वे अब केवल पालनकर्ता नहीं, बल्कि प्रेरणा के स्रोत, मार्गदर्शक और डिजिटल युग के जीवन गुरु हैं। उन्हें बच्चों को न सिर्फ़ ज्ञान की रोशनी देनी है, बल्कि संवेदना, सहिष्णुता और आत्मनियंत्रण जैसे अमूल्य रत्न भी सौंपने हैं। जब बच्चे की आँखों में यह अटूट विश्वास चमकेगा कि "मेरे माता-पिता मेरे साथ हैं, मेरे दिल को समझते हैं, और हर तूफ़ान में मेरी ढाल हैं,"तभी हम गर्व से कह सकेंगे कि हमने न केवल एक बेहतर इंसान, बल्कि एक उज्ज्वल, मानवीय युग का निर्माण किया है।

**प्रो. आरके जैन**

# पर्यावरण के रचनात्मक प्रशासन के जरिए हरित बदलाव

पर्यावरण कुजनेट्स वक्र (एनवायरनमेंट कुजनेट्स कर्व) से हासिल पर्यावरण के प्रशासन से जुड़ा पारंपरिक ज्ञान यह मानता है कि देश पहले विकास करते हैं और बाद में सफाई में जुटते हैं। यह अनुभवजन्य अंतर्दृष्टि अब विकसित हो चुके उन देशों के अनुभवों से प्रेरित है, जिन्होंने विकास की प्रक्रिया में संसाधन संबंधी जरूरतों को पूरा करने हेतु देश और विदेश में प्राकृतिक पर्यावरण का दोहन किया लेकिन ऐसी सुविधा भारत जैसे देशों को नसीब नहीं है, जिन्हें अपनी विशाल आबादी की विकास संबंधी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अभी भी तेज गति से विकास करने की जरूरत है। जब 2014 में एनडीए सत्ता में आई तो चुनौती हमारे दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मूल सिद्धांतों- "सुधार, प्रदर्शन और बदलाव" पर आधारित विकास एवं प्रगति को गति देने की थी। इन सिद्धांतों में जरूरत के हिसाब से पर्यावरण की सुरक्षा के सख्त उपायों से समझौता किए बिना 'व्यवसाय करने में आसानी' की सुविधा प्रदान करते हुए तेज गति से विकास करना शामिल था। आज 2025 में हम न सिर्फ इस चुनौती से निपट पाने में सफल रहे हैं, बल्कि हमने शासन का एक ऐसा मॉडल तैयार किया है जिसे सारी दुनिया ने माना है। प्रधानमंत्री मोदी का दृष्टिकोण बिल्कुल साफ था, इस प्रणाली को एक ऐसी प्रणाली में बदला जाए जो ÷इकोलॉजी और अर्थव्यवस्था÷ दोनों के लिए फायदेमंद हो। वर्ष 2014 में 'स्वच्छ भारत मिशन' की शुरूआत हमारी पहली बड़ी पहल थी। यह पहल स्वच्छता से आगे बढ़कर कचरे के प्रबंधन व पर्यावरण के संरक्षण के लिए एक व्यापक ढांचा स्थापित करने तक जा पहुंची। इस मिशन ने पर्यावरण से जुड़ी चिंताओं को सामाजिक विकास के साथ जोड़ने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाया।

वर्ष 2014 में शुरू की गई 'मेक इन इंडिया' पहल में भी कड़े पर्यावरण अनुपालन मानकों को शामिल किया गया। इससे यह साबित हुआ कि हम इकोलॉजी की स्थिरता को बनाए रखते हुए मैन्यूफैक्चरिंग को अपेक्षाकृत बड़े पैमाने पर और तेज गति से बढ़ावा दे सकते हैं। ऊर्जा संबंधी दक्षता को बढ़ावा देने और ऊर्जा पर आधारित अधिक संख्या में उद्योगों को शामिल करने के उद्देश्य से 2015 में प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (पीएटी) योजना का विस्तार किया गया। इससे ऊर्जा संबंधी दक्षता के लिए एक बाजार-आधारित तंत्र का निर्माण हुआ।

कचरे के कारगर प्रबंधन, संसाधन संबंधी दक्षता में बढ़ौतरी और चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 2016 से कचरे के प्रबंधन के सभी प्रमुख नियमों को नियमित रूप से अद्यतन किया जा रहा है। इस दृष्टिकोण का बुनियादी सिद्धांत बाजार आधारित तंत्र और ÷प्रदूषक द्वारा भुगतान के सिद्धांत÷ पर आधारित विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व से जुड़े ढांचे पर निर्भरता में निहित है। प्लास्टिक कचरा प्रबंधन नियम, ई-कचरा प्रबंधन नियम तथा टायर, बैटरी एवं प्रयुक्त तेल अपशिष्ट प्रबंधन नियम आदि इन्हीं सिद्धांतों के आधार पर तैयार किए गए थे। इससे एक ऐसे इकोसिस्टम का निर्माण हुआ, जिसके तहत विभिन्न सामग्रियों के लगभग 4,000 पुनर्चक्रणकर्ताओं को पंजीकृत पुनर्चक्रणकर्ताओं के रूप में अनौपचारिक क्षेत्र से हटाकर औपचारिक क्षेत्र में लाया गया है। इस कदम से वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 1600 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। वर्ष 2022 में शुरू किए गए विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) पोर्टल चक्रीय अर्थव्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान, कुल 61,055 उत्पादकों ने प्लास्टिक पैकेजिंग, ई-कचरा, बेकार टायर, बैटरी के कचरे और प्रयुक्त तेल के क्षेत्र में काम करने हेतु ईपीआर पोर्टल पर पंजीकरण कराया है। अपशिष्ट नियम, 2022 के प्रकाशन और ईपीआर पोर्टल की शुरूआत के बाद शोधित अपशिष्ट की मात्रा वित्तीय वर्ष 2024-25 में इन नियमों के प्रकाशन से पहले 3.6 एमएमटी प्रति वर्ष की तुलना में बढ़कर 127.48 एमएमटी प्रति वर्ष हो गई है। यह सभी हितधारकों के सहयोग एवं समर्थन से संभव हुआ है। 'परिवेश' ने पर्यावरण संबंधी मंजूरी की बोझिल एवं कागज-आधारित प्रक्रिया को एक सुव्यवस्थित एवं मजबूत डिजिटल अनुभव में बदल दिया है। इस दृष्टिकोण ने जहां पर्यावरण से जुड़े सख्त मूल्यांकन को बनाए रखा है, वहीं इस प्रक्रिया में लगने वाले समय में काफी कमी ला दी है और पारदर्शिता को बढ़ाया है। वर्ष 2019 में शहरों पर केन्द्रित कार्य योजनाओं से लैस 'राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम' (एनसीएपी) के आधिकारिक शुभारंभ ने हमें नीति निर्माता एवं नियामक से बदलकर अमल करने वाला बना दिया है। एनसीएपी का लक्ष्य 2025-26 तक पीएम10 सांद्रता में 40 प्रतिशत की कमी लाना या आधार वर्ष 2017-18 की तुलना में 60 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर के राष्ट्रीय मानक को हासिल करना है। एनसीएपी के साथ-साथ सीपीसीबी ने एनसीएपी के तहत आने वाले 131 शहरों में वायु की गुणवत्ता के रुझान की बारीकी से निगरानी करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

1 जुलाई, 2022 से एकल उपयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध और 31 दिसंबर 2022 से 120 माइक्रोन से अधिक मोटाई वाली प्लास्टिक शीट पर प्रतिबंध ने जहां पर्यावरण के क्षेत्र में साहसिक नेतृत्व का परिचय दिया, वहीं उसी वर्ष शुरू किए गए 'जल जीवन मिशन' ने पानी की सुलभता को पर्यावरणीय स्थिरता के साथ जोड़ा। एक व्यापक 'भारत शीतलन कार्य योजना' विकसित करके भारत दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल हो गया है। इस कार्य योजना में विभिन्न क्षेत्रों की शीतलन संबंधी जरूरतों को पूरा करने वाले एक दीर्घकालिक दृष्टिकोण समावेश है तथा इसमें ऐसे कार्यों की सूची दी गई है जो शीतलन से जुड़ी मांग को कम करने में सहायक हो सकते हैं। भारत ने हाइड्रोफ्लोरोकार्बन (एचएफसी) के उत्सर्जन में चरणबद्ध तरीके से कमी लाने हेतु 27 सितंबर 2021 को मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल में किगाली संशोधन का अनुमोदन किया। इसके तहत 2032 से आगे चार चरणों में चरणबद्ध तरीके से इस कार्य को पूरा करने की प्रतिबद्धता जताई गई है और 2032, 2037, 2042 एवं 2047 में उत्सर्जन में क्रमशः 10 प्रतिशत, 20 प्रतिशत, 30 प्रतिशत और 85 प्रतिशत की कटौती की जाएगी। वर्ष 2022 में पारित ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) अधिनियम ने भारत की कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग योजना की स्थापना की।

# दैनिक राशिफल



**ज्योतिष सेवा केन्द्र लखनऊ**
**डॉ.कौशलेन्द्र पाण्डेय जी**




**मेष**–आज किसी लंबे मनोरंजक प्रवास का कार्यक्रम बन सकता है। आंखों का विशेष ध्यान रखें। चोट व रोग से बचें। सुख के साधन जुटेंगे। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। सरकारी कामकाज में अनुकूलता रहेगी। स्थिति नियंत्रण में रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। जोखिम न उठाएं।

**वृष**–आज कोई पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। शारीरिक हानि की आशंका बनती है। किसी व्यक्ति के व्यवहार से दिल को ठेस पहुंच सकती है। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। आय में निश्चितता रहेगी, धैर्य रखें।

**मिथुन**–आज गृहस्थ जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा। जीवनसाथी को भेंट व उपहार देना पड़ सकता है। किसी अनहोनी की आशंका रह सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लापरवाही न करें। कोर्ट व कचहरी तथा सरकारी कामों में अनुकूलता रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। प्रमाद न करें।

**कर्क**–आज आर्थिक वृद्धि के लिए नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं होगा। किसी सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यकारी नए अनुबंध हो सकते हैं। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे। शारीरिक शिथिलता रहेगी।

**सिंह**–आज पहले किसी व्यक्ति को दिए गए कर्ज की वसूली हो सकती है। व्यावसायिक प्रवास सफल रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी। कोई नई समस्या आ सकती है। शारीरिक कष्ट भी आशंका है, लापरवाही न करें। नौकरी में चैन रहेगा। उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

**कन्या**–आज जीवनसाथी के स्वास्थ्य संबंधी चिंता बनी रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। किसी बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। व्यावसायिक प्रवास हो सकता है। काम में अनुकूलता रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति हो सकती है। पार्टनरों से सहयोग मिलेगा। लाभ होगा।

**तुला**–आज रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। कार्य के प्रति उत्साह रहेगा। जल्दबाजी न करें। भूमि व भवन इत्यादि की खरीद-फरोख्त की योजना सफल रहेगी। बड़ा लाभ हो सकता है। प्रमाद न करें। कुबुद्धि हावी रह सकती है इसलिए कोई भी निर्णय सोम-समझकर करें।

**वृश्चिक**–आज कोई बड़ा खर्च अचानक सामने आ सकता है। व्यवस्था में मुश्किल होगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। गुस्से पर काबू रखें। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। धनहानि की आशंका बन सकती है। व्यापार ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी।

**धनु**–आज पहले किए गए प्रयास का लाभ अब मिलेगा। समय पर कर्ज चुका पाएंगे। प्रतिस्पर्धियों पर विजय प्राप्त होगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देंगे। निवेश शुभ फल देगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। भाग्य का साथ मिलेगा। खोई हुई वस्तु मिल सकती है। प्रमाद न करें।

**मकर**–आज कामकाज में अधिक ध्यान देगा पड़ेगा। दूर से दुःखद समाचार मिल सकता है। भागदौड़ रहेगी। समय पर काम नहीं होने से तनाव रहेगा। गुस्से पर काबू रखें। व्यापार-व्यवसाय में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी में अधिकारी अधिक की अपेक्षा करेंगे। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं।

**कुंभ**–आज आय में सुगमता रहेगी। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। प्रसन्नता बढ़ेगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आनंद और उल्लास के साथ जीवन व्यतीत होगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। चोट व रोग से हानि संभव है।

**मीन**–आज किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। शिक्षा के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य को नजरअंदाज न करें। बेवजह विवाद हो सकता है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। उत्साह व प्रसन्नता से काम कर पाएंगे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण का संदेश



**बांदा।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक के बाद सांसद बांदा-चित्रकूट क्षेत्र श्रीमती कृष्णा देवी शिव शंकर पटेल, नारायणी विधायिका श्रीमती ओम मणि वर्मा तथा जिलाधिकारी बांदा श्रीमती जे. रीभा द्वारा सर्किट हाउस कैंपस में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को अधिकाधिक वृक्ष लगाने और पर्यावरण के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी निभाने हेतु प्रेरित किया गया। जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने आम जनता से अपील की कि वे भी इस पुनीत कार्य में भाग लें और कम से कम एक पौधा अपनी माता के नाम पर अवश्य लगाएं। वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत आज सर्किट हाउस परिसर में नीम, पीपल, अमलतास, अर्जुन एवं गुलमोहर जैसे छायादार और औषधीय पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर जिले के अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पर्यावरण संवर्धन के इस पुनीत कार्य में भागीदारी निभाई और वृक्षों की देखभाल हेतु सतत प्रयास करने का संकल्प लिया।

### तीन अलग-अलग मामलों में सात अभियुक्तों को कारावास की सजा

**– कुल 7500 रुपए जुर्माने से कराया गया दण्डित**

**बांदा।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत कड़ी सजा दिलाये जाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में त्वरित एवं निष्पक्ष विवेचना, प्रभावी अभियोजन एवं पैरवी के फलस्वरुप 03 अलग-अलग मामलों में कुल 07 अभियुक्तों को कारावास व कुल 7500 रुपए जुर्माने से दण्डित कराया गया। विवरण के अनुसार पंजीकृत अभियोग के तहत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अभियुक्त राजू सिंह पुत्र रामलाल सिंह निवासी अलौना थाना पैलानी जनपद बांदा को जेल में बिताई गई अवधि के कारावास व 3000 रुपये के जुर्माने से दण्डित कराया गया । वहीं थाना बबेरु में पंजीकृत अभियोग धारा 427/504/506 भादवि के तीन अभियुक्तों प्रभाकर पुत्र रामआसरे, संतोष कुमार मिश्रा पुत्र प्रभाकर मिश्रा व रजुवा पुत्र सुखा उर्फ रामेश्वर निवासीगण साथी थाना बबेरु जनपद बांदा को कुल 3000 रुपये के जुर्माने से दण्डित कराया गया । इसी तरह थाना कमासिन में पंजीकृत अभियोग धारा 323/504/506 भादवि के तीन अभियुक्तों में लाला यादव, भूरा यादव व सुरेश यादव पुत्रगण रामासरे यादव निवासीगण राछा थाना कमासिन जनपद बांदा को कुल 1500 रुपये के जुर्माने से दण्डित कराया गया ।

### जलजीवन मिशन के तहत खोदी गई सड़क बनी बवाले जान



**बबेरू/बांदा।** क्षेत्र के काजीटोला से जलालपुर गांव जाने के सडक मे जल जीवन मिशन के तहत सड़के खोदी गई, सड़क खोदकर पाइप लाइन पड़ना था। पाइप लाइन डालने के बाद सड़क की मरम्मत नही करने से जगह जगह गड्डे होने से गांव के लोग व राहगीर परेशान हो रहे है।

क्षेत्र के काजीटोला से जलालपुर गांव जाने मे जल जीवन मिशन के तहत सड़क में पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गई थी। जिसमें पूरी सड़क बीचों-बीच खोदी पड़ी हुई है, और ना ही सड़क की मरम्मत कराई गई है। राहगीर परेशान होते हैं। बड़े-बड़े ट्रैक्टर और फोर व्हीलर गाड़ियां जब निकलते हैं, जो बरसात मे लोगो को दिक्कते व परेशान होते हैं। और बाइक सवार अक्सर एक्सीडेंट का शिकार हो जाते हैं। गांव के नानकूराम, राजा प्रजापति, नरेंद्र निषाद, राज यादव, छेदीलाल गुप्ता, विनोद निषाद, कृपाशंकर सड़क खोद कर चले गये न ही सड़क की मरम्मत कराई गई। और बड़ी समस्या बनी हुई है, राहगीर परेशान होते हैं कई लोग घायल भी हो चुके हैं। बरसात में निकलना बहुत दिक्कत हो रही है। वरसात मे पूरी रोड की दुर्दशा हो गई। शीघ्र सडक बनवायी जाये।

# खजनी में हैवानियत, अधेड़ महिला पर ईंट से हमला, जिंदगी और मौत से जूझ रही पीड़िता

**●थाना से मात्र 100 मीटर की घटना, रत्ती भर हनक नहीं दवंगो पर खजनी पुलिस का, कस्बे मे गस्त होता तो सायद घटना नही घटती**



**स्वतंत्र प्रभात**

**गोरखपुर**– गोरखपुर के खजनी थाना क्षेत्र में इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना ने स्थानीय लोगों को झकझोर कर रख दिया है। थाना मुख्यालय से मात्र 100 मीटर दूर, बीआरसी खजनी के पीछे एक 40 वर्षीय महिला पर शुक्रवार तड़के भोर में बर्बर हमला होना माना जा रहा है । अज्ञात हमलावरों ने ईंट से महिला को बेरहमी से कुचल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। वर्तमान में वह मेडिकल कॉलेज में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रही है। खज़नी संवादाता रामअशीष तिवारी अनुसार घटना का खुलासा तब हुआ जब सुबह 9 बजे स्कूल स्टाफ ने बीआरसी परिसर के पास कराहने की आवाज सुनी। पहले इसे जानवर की आवाज समझा गया, लेकिन कराहट बढ़ने पर जांच की गई तो खून से लथपथ महिला दर्द से तड़पती मिली। उसके सिर और शरीर पर गंभीर चोटों के निशान थे। स्कूल स्टाफ ने तुरंत खजनी पुलिस को सूचना दी। एसओ खजनी अनूप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और महिला को तत्काल मेडिकल कॉलेज भिजवाया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी साउथ जितेंद्र कुमार और सीओ खजनी उदय प्रताप सिंह भी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि महिला के साथ दुष्कर्म के बाद इस क्रूर वारदात को अंजाम दिया गया। हालांकि, महिला की हालत गंभीर होने के कारण उसकी शिनाख्त और बयान दर्ज नहीं हो सका है। पुलिस बीआरसी परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है और हर पहलू से मामले की तहकीकात में जुटी है। यह घटना हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल के पैतृक गांव रुद्रपुर के पास हुई, जो थाना और बीआरसी से बेहद करीब है। इतनी नजदीकी के बावजूद हमलावर महिला को मृत समझकर फरार हो गए। पुलिस युद्धस्तर पर हमलावरों की तलाश में जुटी है और जल्द गिरफ्तारी का दावा कर रही है। इस अमानवीय घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। लोग स्तब्ध हैं और पीड़िता को न्याय की मांग कर रहे हैं।

### युवा उद्यमी विकास योजना में बैंकों ने लोन के आवेदन अटकाए

**–सीडीओ ने बैठक में दिखाई नाराजगी, कहा राजीव भवन में बैठकर निपटाएं आवेदन**

**मथुरा।** युवा उद्यमी विकास योजना में बैंकों ने लोन के आवेदन अटका रखे हैं। इस पर सीडीओ ने बैठक में नाराजगी जाहिर की और कहा कि इन आवेदनों को राजीव भवन में बैठकर बैंक कर्मचारी निपटाएं। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने राजीव भवन सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना की समीक्षा की। जिसमें सभी बैंकों के जिला समन्वयकों एवं सबसे ज्यादा लंबित आवेदन वाले पांच शाखा प्रबंधक मौजूद रहे। बैठक में एसबीआई के जिला समन्वयक द्वारा लंबित 59 आवेदन पत्रों को जल्दी ही निस्तारित करने के लिए आश्वासन दिया गया। इसी प्रकार अन्य बैंकों में लंबित आवेदन पत्रों को भी जल्दी ही निस्तारित करने के लिए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए। पंजाब एंड सिंध बैंक और यूको बैंक की प्रगति खराब होने पर मुख्य विकास अधिकारी ने द्वारा गहरी नाराजगी व्यक करते हुए सभी लंबित आवेदन पत्रों को दो से तीन दिन में निस्तारित करने के लिए कहा। साथ ही यूको बैंक के शाखा प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि वह प्रतिदिन राजीव भवन कार्यालय में आकर लंबित आवेदन पत्रों का निस्तारण कराएं।

### एच पी चिल्ड्रेन एकेडमी के बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**स्वतंत्र प्रभात**

**गोलाबाजार गोरखपुर**– 4 जुलाई भारतीय राष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक धरोहर ट्रस्ट (इंटैक) द्वारा आयोजित पुरस्कारों में एचपी चिल्ड्रेन्स एकेडमी सहारा एस्टेट ब्रांच के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस प्रतियोगिता में एचपी चिल्ड्रेन्स एकेडमी सहारा एस्टेट ब्रांच में कक्षा 9 की शगुन वर्मा ने पहला, कक्षा 8 की अयाना सिंह ने दूसरा तथा कक्षा 9 की सैजल यदुवंशी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि उन्होंने 15 दिसंबर 2024 को इंटैक द्वारा आयोजित "सेलिब्रेटिंग इंडिया (2024-25) - ऑल इंडिया पोस्टर प्रतियोगिता" में गोरखपुर चैप्टर की ओर से भाग लेकर हासिल की। बता दें कि इंटैक देश भर में धरोहर संरक्षण और जागरूकता को प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न पुरस्कार प्रदान करता है। इन पुरस्कारों का उद्देश्य है प्रलेखन को प्रोत्साहन देना, विशेष रूप से असंरक्षित धरोहर संरचनाओं और स्थलों का दस्तावेजीकरण कर भविष्य के संरक्षण कार्यों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन तैयार करना। जागरूकता और संवेदनशीलता को बढ़ावा देना, विशेष



रूप से वास्तुकला के छात्रों और आमजन में भारत की समृद्ध वास्तुकला, सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत के प्रति समझ और सम्मान विकसित करना। सर्वोत्तम प्रयासों को मान्यता देना, संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और शिल्प पुनरुत्थान के क्षेत्रों में किए गए श्रेष्ठ कार्यों को पहचान देना। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करते हुए एचपी चिल्ड्रेन्स एकेडमी सहारा स्टेट्स ब्रांच की डायरेक्टर चांदनी शाही ने कहा कि, इस तरह के प्रयासों से न केवल धरोहरों का संरक्षण सुनिश्चित होता है, बल्कि नई पीढ़ी को भी अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने की दिशा में एक सशक्त कदम उठाया जाता है।

### 5000 स्कूल बंद करने का विरोध शिक्षक संघ ने सपा विधायक को सौंपा ज्ञापन



**सीतापुर** – जनपद सीतापुर के लहरपुर में प्राथमिक शिक्षक संघ ने पेयरिंग ऑफ स्कूल के विरोध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सपा विधायक अनिल वर्मा को सौंपा। शुक्रवार को लहरपुर और बेहटा के शिक्षक संघ के कार्यकारिणी सदस्यों ने यह ज्ञापन दिया शिक्षकों का कहना है कि पेयरिंग ऑफ स्कूल आदेश शिक्षा के मूल अधिकारों का उल्लंघन है इससे विद्यालयों की दूरी बढ़ जाएगी बच्चों को शिक्षा के लिए दूर जाना पड़ेगा सबसे ज्यादा परेशानी बालिकाओं को होगी शिक्षकों ने कहा कि सरकार एक तरफ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दे रही है और दूसरी तरफ स्कूल बंद कर रही है। ज्ञापन में सरकार से 5000 स्कूलों को बंद करने का आदेश वापस लेने की मांग की गई इस मौके पर ज्ञान प्रकाश सिंह, अजय राजवंशी, संगठन मंत्री अर्पित त्रिवेदी, जमीर अहमद, सेवक राम, प्रदीप वर्मा, सिद्धार्थ पटेल, पंकज शाक्य, शशि भूषण, आरिफ खान, रामचंद्र वर्मा, सुषमा देवी, अमिताभवर्मा, अरुण कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद थे!!

## आमी नदी का जल फिर हुई प्रदुषित कई गांव के लोग परेशान

**●मुख्यमंत्री के गृह जनपद के जिम्मेदारो के चलते प्रदुषित आमी नदी का जल किसानों मे भारी आक्रोश**

**स्वतंत्र प्रभात**

**खजनी** – गोरखपुर गीडा के फैक्ट्रीयो के गंदा पानी से कई सालों से दंश झेलती गांव की गंगा आमी नदी अपने हालात पर आंसू बहा रही है मछुआरों के पेट पर लात मारा जा रहा है प्रदुषित जल से जहां जानवरों को बिमारियों की आशंका है वहीं मच्छरों का दिन रात तक पर बसे गांवों के लोग परेशानी हैं। नदी के किनारे बसे गांवों के लोगों तथा मवेशियों और जलीय जीव जंतुओं के सामने जीवन जीने के लिए खड़ा हुआ संकट मंड़रा है। गंदा और केमिकल युक्त पानी के दुर्गंध से नदी किनारे निवास कर रहे कई गांवों में जल जनित बीमारी फैलने की है आशंका को नकारा नहीं जा सकता है।



जिम्मेदार अधिकारियों के सुस्त व ढुलमुल रवैया के कारण आमी नदी के किनारे चलना और रहना हुआ दुश्वार हो गया है । सरकार जहां नमामि गंगे परियोजना चलाकर नदियों के जल को निर्मल बनाने के कार्य में खरबों रुपये खर्च कर रही है वहीं गांवों की गंगा कहीं जाने वाली आमी नदी में गीडा का प्रदुषित जल गिरियां जा रहा है नदी होकर भी प्रदुषित जल की दर्द से कराह रही है आमी नदी। आमी बचाओ आंदोलन में शासन ने गीडा के प्रदुषित जल को ट्रीटमेंट प्लांट लगाकर प्रदुषित जल को साफ कर छोड़ने का वादा शासन प्रशासन भूल गया है।

## न्याय नहीं मिलने पर महिला ने दी आत्मदाह की धमकी

**स्वतंत्र प्रभात**

**गोलाबाजार गोरखपुर ।** गोला ब्लॉक के ग्राम झरकटा निवासीनी एक महिला ने ग्राम सभा में हुई आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया को चैलेंज करते हुए लगातार उच्चाधिकारियों से जांच की मांग कर रही थी। शिकायतों पर सुनवाई न होता देख महिला के द्वारा मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आत्मदाह करने की धमकी दी है। प्राप्त विवरण के अनुसार झरकटा निवासनी प्रीती देवी पत्नी अभिषेक तिवारी ने मुख्यमंत्री की लिखे पत्र के माध्यम से सूचित किया है कि हमारे ग्राम सभा में अनारक्षित आंगनबाड़ी कार्यकत्री का एक स्थान रिक्त था। अन्य अभ्यर्थियों के साथ हमने भी इस पद के चयन प्रक्रिया मे हिस्सा लिया था। तय मानको के अनुसार हम इस पद के लिए पात्र थे।



लेकिन हल्का लेखपाल के द्वारा आयुषी गौड़ पत्नी अमित कुमार गौड़ का गलत तरीके से आय प्रमाण पत्र बनाकर अपात्र को पात्र बना दिया। जिसके वजह से आयुषी की नियुक्ति आंगनबाड़ी कार्यकत्री पद के लिए हो गया। जबकी वह एक व्यवसायिक परिवार से है तथा आर्थिक रूप से सम्पन्न है। इनकी सास भी आंगनबाड़ी कार्यकत्री व वेतनभोगी हैं। आयुषी गौड सास, ससुर के साथ संयुक्त रूप से रहती हैं। परिवार रजिस्टर में सभी लोग एक में हैं। बीपीएल कार्ड भी में सभी लोगों का नाम है ससुर, पति के पास अपना टेंट का दो दो व्यवसाय है। दुकान भी है। घर में दो बाइक है। दो जगह दो मंजिला मकान है। प्रार्थनी के पति कैंसर से पीड़ित हैं। उनका इलाज टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल मुम्बई में चल रहा है। मेरे पास अंत्योदय कार्ड है। तहसील से निर्गत हमारे पास 42 हजार का आय प्रमाण पत्र है। हम लोगों को खाने के लाले पड़े हैं। जबकी तहसील से निर्गत 42 हजार प्रति वर्ष आय के आधार पर आयुषी की नियुक्ति कर दिया गया। पीड़िता ने पत्र में लिखा है कि यदि हमें न्याय नहीं मिला तो मैं तहसील परिसर गोला में आत्मदाह करने के लिए बाध्य हो जाऊंगी। जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## मिशन वात्सल्य के अन्तर्गत बच्चों का किया जा रहा है संरक्षण, बाल विकास व पुनर्वास

**स्वतंत्र प्रभात**

**बांदा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के हर वर्ग के नागरिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा एवं आत्मनिर्भर बनाने की योजना लागू कर उनके उज्जवल भविष्य को सवांरा है। बालिकाओं, किशोरियों, महिलाओं सहित वृद्धजनों, दिव्यांगजनों, पति की मृत्योपरान्त निराश्रित महिलाओं, अनुसचित जाति/जनजाति के लोगों पिछड़ों, गरीबों श्रमिकों सहित समाज के कमजोर वर्गों को रोजगार के अवसर सहित विभिन्न संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने बच्चों के कल्याण एवं पुनर्वास के लिए एक केन्द्र प्रायोजित योजना ष्मिशन वात्सल्यष् (पूर्व की बाल संरक्षण सेवा योजना) शुरू की है। मिशन वात्सल्य का लक्ष्य भारत के हर बच्चे के लिए एक स्वस्थ एवं खुशहाल बचपन सुनिश्चित करना, उन्हें अपनी पूर्ण क्षमता का पता लगाने के लिए अवसर प्रदान करना. हर क्षेत्र में विकास के लिए सहायता प्रदान करना, उनके लिए ऐसी संवेदनशील, समर्थनकारी और समकालिक ईको-व्यवस्था स्थापित करना है जिसमें उनका पूर्ण विकास हो। इसके साथ ही राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को किशोर न्याय कानून 2015 के अनुरुप सुविधाएं मुहैया कराने तथा सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करना है। ष्मिशन वात्सल्यष् अंतिम उपाय के रूप में बच्चों के संस्थागतकरण के सिद्धांत के आधार पर कठिन परिस्थितियों में बच्चों की परिवार आधारित गैर-संस्थागत देखभाल को बढ़ावा दिया जाता है। मिशन वात्सल्यष् के मुख्य कार्यों में संवैधानिक निकायों के कामकाज में सुधार लाना, सेवा प्रदान करने के ढांचे को मजबूत बनाना, संस्थागत देखभाल और सेवाओं के स्तर में वृद्धि करना, गैर-संस्थागत समुदाय आधारित देखभाल को प्रोत्साहित करना, आपात स्थिति में पहुंच उपलब्ध कराना, प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण शामिल हैं। ष्मिशन वात्सल्यष् को केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजना के तौर पर केन्द्र तथा राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों की सरकारों के बीच निर्धारित लागत बंटवारा अनुपात के अनुरूप लागू किया गया है। मिशन वात्सल्य योजना प्रदेश में संचालित है। मिशन वात्सल्यष् के अन्तर्गत घर से भागे हुये बच्चों, गुमशुदा बच्चों, तस्करी किये गये बच्चों, कामकाजी बच्चों, गली मुहल्लों में रहने वाले, बाल भिखारी, मादक द्रव्यों के सेवन करने वाले बच्चों आदि की देखभाल के लिए राज्य सरकार द्वारा खोले गये आश्रयों में उनका विकास किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा मिशन वात्सल्य योजना प्रदेश में संचालित की जा रही है। अधिनियम के प्रावधानों के प्रदेश में कुल 58 राजकीय संस्थायें (27) राजकीय सम्प्रेक्षण गृह, 08 बाल गृह (बालक), 05 बाल गृह (बालिका), 06 बाल गृह (शिशु), 05 विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, 02 विशेष गृह, 01 प्लेस ऑफ सेफ्टी, 05 पश्चात्वर्ती देख रेख संगठन) संचालित है। साथ ही पी0पी0पी0 माडल के अन्तर्गत स्वैच्छिक संगठनों के सहयोग से जनपद लखनऊ में मानसिक मंदित विशेषीकृत बच्चों के लिए 02 राजकीय विशेषीकृत संस्थायें संचालित है।

वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2024-25 तक कुल 1713 बालकों को दत्तक ग्रहण के माध्यम से पुनर्वासित किया गया है। अभी तक 1007 बच्चों को स्पॉन्सरशिप से तथा 05 बच्चों को फॉस्टर केयर के अंतर्गत लाभान्वित किया गया है। प्रदेश में वर्ष 2017-18 से 2023-24 तक कुल 93658 बच्चों को उनके माता-पिता/अभिभावकों से मिलाया गया तथा 1707 संभावित बाल विवाह रोके गये हैं।

## अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बस अड्डा बस पार्क नियामक प्राधिकारी गठन की बैठक सम्पन्न

**●अब सरकारी भूमि, निजी भूमि एवं लीज भूमि लेकर बस अड्डो की स्थापना की जा सकेगी**

**स्वतंत्र प्रभात**

**प्रतापगढ़।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति की अध्यक्षता मे उत्तर प्रदेश स्टेज कैरिज बस अड्डा, कान्टैक्ट कैरिज व आल इण्डिया टूरिस्ट बस पार्क (स्थापन एवं विनियमन) नीति-2025 के क्रियान्वयन हेतु एक अति महत्वपूर्ण पहली बैठक कैम्प कार्यालय सभागार में सम्पन्न हुई।अपर जिलाधिकारी ने बताया कि निजी बसो, ट्रको एवं अन्य वाहनो के पार्किंग के लिए बस अड्डों की व्यवस्था नही है, जिससे वाहन चालक सड़क के किनारे अनियोजित ढंग से वाहनो को खड़ा कर देते है, जिससे आवागमन में बाधा उत्पन्न होती है और दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। इसलिए सरकार द्वारा यह नीति तय की गयी है कि अब सरकारी भूमि, निजी भूमि एवं लीज भूमि लेकर बस अड्डो की स्थापना की जा सकेगी। बसअड्डा का प्रबंध कोई भी इच्छुक व्यक्ति कर सकता है, जिस पर स्थानीय एवं लम्बी यात्रा के वाहनो के लिए ठहराव का उचित प्रबंध हो सके। ऐसे भू-स्वामी जिनके पास हाईवे-रिंग रोड से लगी मानक के अनुरूप भूमि उपलब्ध है, वे नीति के नियमो के अनुरूप बस अड्डो की स्थापना कर सकेगे और पार्किंग शुल्क वसूल सकेंगे। नीति मे यह भी व्यवस्था है कि लीज पर भी भूमि लेकर या पी0पी0पी0 माडल में भी बस अड्डो की स्थापना एवं संचालन किया जा सकता है।बैठक में सर्वसम्मत से यह निर्णय लिया गया कि उद्योग बन्धु की आगामी बैठक मे इस नीति पर चर्चा करायी जाय और उद्यामियो एवं व्यापारियों को इसके लिए प्रेरित किया जाय। प्रत्येक तहसील के एस0डी0एम0 और पुलिस अधिकारी भी अपने-अपने क्षेत्रो में उपयुक्त भूमि के चयन का प्रयास करे। बैठक का संचालन नगर पालिका परिषद बेला-प्रतापगढ़ के अधिशाषी अधिकारी राकेश कुमार ने किया। बैठक में उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह, उपजिलाधिकारी रानीगंज दीपक वर्मा, उपजिलाधिकारी कुण्डा वाचस्पति सिंह, एस0डी0एम0 लालगंज शैलेन्द्र कुमार वर्मा, एस0डी0पटटी तनवीर अहमद, सी0ओ0 सिटी शिव नारायण, सी0ओ0 पट्टी मनोज कुमार सिंह, ए0आर0टी0ओ डा0 दिलीप कुमार गुप्ता, ए0एम0ए0 नरेन्द्र पाल सिंह, ओपी चौरसिया ई0ई0 पी0डब्लू0डी0, गुनराज यादव एई0पी0डब्लू0डी, विनय प्रभाकर साहनी सी0ओ0आर0, राजेन्द्र प्रसाद सिंह ए0आर0एम, महेन्द्र कुमार सिंह ई0ओ0 रानीगंज, अजय कुमार ई0ओ0 कुण्डा आदि उपस्थित रहे।

# गुणवत्ता के साथ समय से करायें जायें विकास कार्यः सांसद

**●- सांसद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई दिशा की बैठक**

**स्वतंत्र प्रभात**

**बांदा।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सर्किट हाउस सभागार में सांसद बॉदा-चित्रकूट, श्रीमती कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल की अध्यक्षता में एवं सांसद हमीरपुर-महोबा अजेन्द्र सिंह लोधी तथा जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में गत बैठक के अन्तर्गत कराये गये कार्यों की समीक्षा की गयी। बैठक में सांसद ने विकास कार्यों में गुणवत्ता एवं समबद्धता के साथ कराये जाने एवं जनप्रतिनिधियों को अवगत कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। बैठक में उन्होंने बॉदा माइनर केन कैनाल की नहर पटरी में निष्प्रयोज्य भूमि एवं अतिक्रमण की रोकथाम की कार्यवाही किये जाने के निर्देश अधिशाषी अभियंता केन कैनाल को दिये। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता को सड़क के किनारे की झाडियों की कटाई का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराये जाने एवं कटाये गये स्थानों की सूची प्रस्तुत करने तथा बॉदा से बबेरू रोड की मरम्मत का कार्य गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक से एक सप्ताह पूर्व बैठक की बुकलेट जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने बॉदा-बबेरू मार्ग में रोड में अवैध अतिक्रमण को चिन्हाकिंत कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

उन्होंने जल-जीवन मिशन कार्य के अन्तर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए टूटी सड़कों की गॉव एवं गलियों में गुणवत्ता के साथ मरम्मत कराये जाने तथा गॉवों में जलापूर्ति कराये जाने के निर्देश दिये तथा मरम्मत की गयी सड़कों की एक कमेटी बनाकर चेक कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मुद्रा लोन एवं मुख्यमंत्री युवा रोजगार के अन्तर्गत ऋण लाभार्थियों को शीघ्र दिलाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने बबेरू में जर्जर पोल बदलने तथा तिन्दवारी एवं सिंधौली में विद्युत आपूर्ति में सुधार करने के निर्देश दिये। पीएम आवास योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जनपद बॉदा इस योजना के सर्वे में बेहतर कार्य करते हुए प्रदेश में पॉचवे स्थान पर है। उन्होंने ब्लाकों एवं नगरपालिका क्षेत्र में कूडे का उचित निस्तारण किये जाने के सम्बन्ध में डीपीआरओ एवं जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिये। अधिशाषी अभियंता लघु सिंचाई द्वारा चेकडैमों के निर्माण कार्य को जॉच कराये जाने तथा तालाबों के डेऊसिंग कार्य को शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। बैठक में चकबन्दी कार्यों की समीक्षा के अन्तर्गत बताया गया कि गॉवों में चकबन्दी कार्य चल रहा है, जिनमें पॉच गॉवों का कार्य पूर्ण होने की स्थिति में है। उन्होंने शेष गॉवों में भी चकबन्दी का कार्य शीघ्र कराये जाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही एक लाख लीटर के डेयरी प्लांट को स्थापित किये जाने हेतु कार्यवाही करने के सम्बन्ध में निर्देशित किया।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा करते हुए अधिशाषी अभियंता आरईएस को निर्माणाधीन सड़क कार्य को



शीघ्र गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जाने तथा सिंहपुर मार्ग की मरम्मत कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत कार्य को लक्ष्य के अनुरूप शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के कार्यों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि योजना के अन्तर्गत 99 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है। बैठक में उन्होंने खेत-तालाब योजना की जानकारी प्राप्त की, जिसके अन्तर्गत बताया गया कि तालाबों का निर्माण कार्य किया जा रहा है तथा 10 तालाबों में कार्य पूर्ण हो गया है। उन्होंने खोदे गये तालाबों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश भूमि संरक्षण अधिकारी को दिये। घरौनी कार्य की समीक्षा में बताया गया कि 621 गॉवों में घरौनी का कार्य पूर्ण हो गया है तथा आठ गॉवों में कार्य चल रहा है। उन्होंने कार्य को शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत कार्यों को शीघ्र गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने लघु सिंचाई विभाग द्वारा निर्माण किये जा रहे तालाबों एवं चेकडैम निर्माण कार्य को समय से पूर्ण कराये जाने तथा सूची उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने दिव्यांगजनों हेतु यूडीआईडी कार्ड शीघ्र बनवाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ रखने एवं मरीजों आवश्यक सुविधायें अस्पतालों से दिये जाने एवं नरैनी पीएचसी में एएनएम तैनात करने तथा हेल्थ वेलनेश सेन्टर बेहतर रूप से संचालित रखने के निर्देश दिये। बैठक में जलाशक्ति राज्यमंत्री ने तहसील पैलानी के बाढ ग्रस्त क्षेत्रों में जो विद्युत पोल नीचे लगे हैं, बाढ के समय पानी भर जाने से विद्युत आपूर्ति बाधित हाती है, उन विद्युत पोलों को चिन्हित करते हुए ऊंचे स्थानों पर लगाये जाने के सम्बन्ध में अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी श्रीमती जे0रीभा ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि विकास कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता एवं पारिदर्शिता के साथ कराया जाए तथा जनप्रतिनिधियों को कार्यों के निर्माण एवं स्थिति के सम्बन्ध में समय-समय पर अवगत कराया जाए तथा विकास कार्यों को तेज गति से पूर्ण करायें।बैठक में विधायक नरैनी श्रीमती ओममणि वर्मा, विधायक बबेरू बिसम्भर यादव, विधान परिषद सदस्य के प्रतिनिधि, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 राजेश कुमार, ब्लाक प्रमुखगण एवं जिला पंचायत सदस्य/समिति के सदस्यगण, जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## साइबर ठगों ने युवक को धमकाया

**लालगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के मटेहना गांव निवासी नीरज कुमार रैदास ने बताया कि घर में लगी ऐसी की मरम्मत के लिए उसने सर्विस सेंटर पर फोन किया था। थोड़ी देर बाद उसके फोन पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। फोन से कॉल कर रहे अज्ञात व्यक्ति ने उसके नंबर पर उसके बैंक ऑफ़ इंडिया की बैंक खाते की विवरण व्हाट्सएप पर भेज कर गोपनीय जानकारी मांगी। जिससे नीरज घबरा गया। उसे अपने साथ धोखाधड़ी होने की आशंका सताने लगी। फिर से बताया कि जब उसने जानकारी साझा करने से मना किया तो आरोपी अलग-अलग कर नंबरों से उसे धमकाने लगे। कहा कि अभी तो केवल बैंक खाते का विवरण ही आपको भेजा है आपके खाते से रुपए भी निकाल लूंगा। तुम्हारी लोकेशन पता करके तुम्हारी ऐसी की तैसी करता हूं। नीरज ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

## कार्य की प्रगति ठीक न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा नगर पंचायत बिस्कोहर के कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बाउन्ड्रीवाल का निर्माण कार्य पूर्ण है। शेड का निर्माण कार्य चल रहा है। कार्य की प्रगति धीमी पाये जाने पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बिस्कोहर अखिलेश कुमार दीक्षित का स्पष्टीकरण एवं कनिष्ठ लिपिक सुधीर कुमार का वेतन रोकने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि समय से कार्य पूर्ण कराये।

## स्कूल खुलने के दूसरे दिन ही गुरूजी मिले गायब

### डीआईओएस को निरीक्षण में खुली शिक्षा व्यवस्था की पोल

**मथुरा।** मंगलवार को जिला विद्यालय निरीक्षक रवीन्द्र सिंह बलदेव के श्रीमती कैलाशी देवी अग्रवाल इण्टर कालेज पचावर के अचानक निरीक्षण करने के लिए पहुंच गए। उनके निरीक्षण के समय प्रधानाचार्य व एक लिपिक अनुपस्थित मिले। कोई भी शिक्षक कक्षाओं में शिक्षण कार्य नहीं कर रहे थे। आपस में बातचीत में व्यस्त थे। डीआईओएस को देखकर उनमें हड़कंप मच गया। डीआईओएस ने बताया कि उन्होंने आज 11.50 बजे श्रीमती कैलाशी देवी अग्रवाल इण्टर कालेज पचावर का निरीक्षण किया जिसमें प्रधानाचार्य प्रेमवीर सिंह रावत व लिपिक यशपाल सिंह अनुपस्थित पाये गये। विद्यालय में किसी भी शिक्षक द्वारा क्लास में शिक्षण कार्य नहीं किया जा रहा था, कोई भी शिक्षक कक्षा कक्षों में उपस्थित नहीं था। आपस में बातचीत में सभी शिक्षक व्यस्त थे। उनके द्वारा उक्त विद्यालय के पूर्व में तीन निरीक्षकों के समय भी विद्यालय में यही स्थिति पायी गयी थी। यह स्थिति अत्यन्त खेदजनक व शिक्षण कार्य के प्रति घोर लापरवाही व उदासीनता का द्योतक है, बार बार निरीक्षण के समय विद्यालय में शिक्षकों का कक्षा कक्षों में उपस्थित न होना यह दर्शाता है कि विद्यालय में पठन पाठन सुचारू रूप से नहीं किया जा रहा है। अब उन्होंने श्रीमती कैलाशी देवी इंटर कालेज पचावर के समस्त शैक्षिक स्टाफ का एक दिन का वेतन काटने हेतु आदेश अकाउंट ऑफिसर को दिए हैं। ताकि भविष्य में यदि उक्त स्थिति की पुनरावृत्ति पायी जाती है तो शिक्षकों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

## स्थानांतरित सीओ को समारोहपूर्वक दी गई विदाई, हुआ सम्मान

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पुलिस उपाधीक्षक लालगंज कार्यालय में गैरजनपद स्थानांतरित सीओ रामसूरत सोनकर को गुरुवार को समारोहपूर्वक विदाई दी गयी। कार्यक्रम में शामिल हुए अधिवक्ताओं तथा व्यापारियों व सभासदों ने चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी तथा संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई में स्थानांतरित सीओ रामसूरत सोनकर को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम तथा बुके भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने कहा कि लोक सेवा में जनता की आकांक्षा के अनुरूप आचरण ही सफलता का द्योतक है। उन्होंने सीओ रामसूरत सोनकर की प्रशासनिक कार्यशैली को अनुकरणीय बताया। स्थानांतरित पुलिस उपाधीक्षक रामसूरत सोनकर ने अपने कार्यकाल में जनता के सहयोग तथा अपराध नियंत्रण अभियान में मिली सफलता में विभागीय सहयोगियों का भी आभार जताया।

# जनता दरबार में भूमि विवाद, अतिक्रमण एवं वासगीत पर्चा से संबंधित मामलों की हुई सुनवाई

स्वतंत्र प्रभात





**गोपालगंज (बिहार)-** समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी पवन कुमार सिन्हा के निदेशानुसार जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार की अध्यक्षता अपर समाहर्ता (राजस्व) राजेश्वरी पांडेय द्वारा की गई। जनता दरबार में आमजन से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। उपस्थित लोगों द्वारा मुख्यतः भूमि विवाद, भूमि अतिक्रमण तथा वासगीत पर्चा से संबंधित समस्याएं उठाई गई। अपर समाहर्ता (राजस्व) द्वारा सभी मामलों की गहनता से सुनवाई करते हुए संबंधित अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे मामलों की जांच कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें ताकि आमजन को शीघ्र न्याय मिल सके। जनता दरबार के इस अवसर पर निदेशक डीआरडीए राकेश कुमार चौबे भी उपस्थित रहे एवं आवश्यक समन्वय प्रदान किया। जनता दरबार में अपनी शिकायतों को लेकर मिलने वाले गौरी शंकर साह फतेहपुर प्रखंड बरौली, रमेश कुमार मांझी श्याम सिनेमा रोड गोपालगंज, मीरा देवी दिघवां प्रखंड बैकुंठपुर ,मुन्नी खातून कोलवा श्रीरामपुर प्रखंड मांझा, प्रयाग महतो बंजारी प्रखंड गोपालगंज ,मदन राम कटेया प्रखंड कटेया ,नीलिमा श्रीवास्तव मोहम्मदपुर प्रखंड बैकुंठपुर ,परमात्मा मांझी भड़कुईया प्रखंड बरौली ,भोला ठाकुर मठिया वार्ड नंबर 3 प्रखंड गोपालगंज ,जितेंद्र कुमार बरारी जगदीश प्रखंड उचकागांव, सुनीता देवी तमसी प्रखंड बरौली, संगीता देवी डंगसी प्रखंड बरौली, मनोज कुमार मोतिहारी, राजन कुमार वार्ड नंबर 27 प्रखंड गोपालगंज ,मोहम्मदन निशा खानपुर कला प्रखंड थावे, जगदीश यादव काकड़कुंड प्रखंड गोपालगंज, प्रियंका देवी संगवाडीह प्रखंड कुचायकोट, धर्मनाथ मांझी मिल्की विरैचा प्रखंड बरौली, आस मोहम्मद मिल्की विरैचा प्रखंड बरौली ,जन्मेजय प्रसाद सिंह बाला हाटा प्रखंड उचका गांव, विद्यापति राय छठीयांव प्रखंड भोरे आदि थे। जिला प्रशासन आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु प्रतिबद्ध है और प्रत्येक शुक्रवार को नियमित रूप से जनता दरबार का आयोजन करते हुए लोगों की शिकायतों पर कार्रवाई की जा रही है।

# बूथ जीतो चुनाव जीतो के मूल मंत्र को अमल में लाएं पार्टी कार्य कर्ता - जिला संगठन प्रभारी पी के पटेल

स्वतंत्र प्रभात



**सिवान गोपालगंज (बिहार)-** जनता दल युनाइटेड की पंचायत वार/ वार्ड वार बूथ सदस्यों की बैठक दूसरे चरण की आज पाँचवे दिन सिवान जिला के 110 बड़हरिया विधानसभा क्षेत्र के राछेपाली, रामपुर पंचायत में, 112 महाराजगंज विधानसभा क्षेत्र के बलिया, पोखरा पंचायत में, 106 जीरादेई विधानसभा क्षेत्र के मैरवा नगर पंचायत मे, एवं 108 रघुनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के खानपुर खैर टीया एवं पश्चमी हरिहास पंचायत में जनता दल युनाइटेड का बूथ जीतो चुनाव जीतो अभियान के तहत पंचायत स्तरीय बूथ कमिटी सदस्यों, पंचायत अध्यक्षों, प्रखण्ड अध्यक्षों, विधानसभा प्रभारीयों, जिला संगठन प्रभारी, जिला अध्यक्ष, सासंद, विधायक, मंत्री, विधान परिषद सदस्य, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री, प्रखण्ड, जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय पदाधिकारी जो सम्बन्धित पंचायत के निवासी है, मतदाता है की बूथ जीतो चुनाव जीतो अभियान के तहत पंचायत स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। उक्त बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश महासचिव जिला संगठन प्रभारी प्रमोद कुमार पटेल ने कहा की पार्टी के कार्य कर्ता बूथ जीतो चुनाव जीतो के मूल मंत्र को हमारे नेता मुख्य मंत्री नीतीश कुमार ने दिया है उसे कार्य कर्ता अपने राजनीतिक जीवन में उतारे और अमल करे। उक्त दोनों पाली के बैठकों को प्रतिदिन प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा पार्टी प्रदेश कार्यालय से वर्चुअल वीडियो कान्फेन्सिंग के माध्यम से 218 पंचायतों में बैठक को सम्बोधित करते है। 2025 से 2030 फिर से नीतीश। बैठक में जिला संगठन प्रभारी प्रमोद कुमार पटेल, जिला अध्यक्ष चन्द्रकेतु सिंह, पूर्व विधायक हेमनारायण साह, विधानसभा प्रभारी ललन मांझी, पशुपति नाथ पटेल, अरविंद पटेल, मोहन राजभर, निकेश चन्द्र तिवारी, अमोद प्रिय दर्शी, राजीव रंजन पटेल, मो० अयूब, पूर्व विधायक सत्यदेव सिंह, माधव सिंह पटेल, सत्येंद्र सिंह, डा० प्रकाश चन्द्र कुशवाहा, जय प्रकाश सिंह कुशवाहा, ओम प्रकाश राम, अश्वनी प्रताप सिंह उर्फ महाराजा सिंह, शिव जी यादव, पंचायत अध्यक्ष शिव माया प्रसाद, अजीत महतो, सत्येंद्र कुशवाहा, मुरली पटेल, मनोरंजन श्रीवास्तव, राजकुमार ठाकुर, सहित सैकड़ो, लोगों की उपस्थिति थी।

# विधायक ब्लॉक प्रमुख ने वितरित की किसानों को बीज की मिनी किट

स्वतंत्र प्रभात





**बरेली/विकासखंड** भदपुरा के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कृषि विभाग की तरफ से किसानों को बीज की मिनी किटें किसानों को नवाबगंज विधायक डॉक्टर एमपी आर्य भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने किसानों को वितरित की यह बीज की किटें किसानों को निशुल्क वितरित की गई प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को सहयोगी फसलों के तहत अन्य फैसले उगाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से। किसानों को ज्वार तिल रागी बाजरा उर्द आदि फसलों के पैदा करने के लिए सरकार द्वारा इन बीजों को निशुल्क वितरित करवाकर खेती करने के लिए जागरूक किया जाता है इसके वितरण के लिए जनप्रतिनिधियों द्वारा वितरण किया जाना सुनिश्चित किया गया है जिससे तहत किसी भी तरह की हेरा फेरी ना हो सके। इसलिए इसके वितरण में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है ताकि सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई सामग्री किसानों तक सीधे पहुंच सके इसी क्रम के तहत आज भदपुरा विकासखंड के सभागार में विधायक डॉक्टर एमपी आर्य भदपुरा के ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष जिला प्रतिनिधि शशि कपूर एवं जिला प्रतिनिधि कृष्ण कुमार राठौर भाजपा नेता नत्थू लाल आर्य वयोवृद्ध लड़ियां प्रधान रविंद्र कुमार गंगवार समेत अनेकों लोगों की उपस्थिति में किसानों को निशुल्क बीज वितरित किया गया। इस मौके पर 52 किसानों को इस योजना के तहत लाभान्वित किया गया इसमें उन्हें किसानों को चयनित किया गया जिनका किसान सम्मन निधि प्राप्त हो रही है और जिनके पास एक एकड़ से अधिक भूमि है इस कार्यक्रम में विभाग की तरफ से प्रभारी नरेंद्र कुमार गंगवार श्यामलाल मौर्य गजेंद्र पाल ऑडियो एग्रीकल्चर श्री राम समेत कृषि विभाग के कई लोग उपस्थित रहे।

# किराए की झोपड़ी, मजदूर परिवार और सालाना टर्नओवर 90000000 रुपये... आयकर विभाग ने भेजा नोटिस

स्वतंत्र प्रभात



**लखीमपुर खीरी** जिले के कस्बा खीरी निवासी एक गरीब परिवार को आयकर विभाग ने 9 करोड़ से अधिक का नोटिस भेजा है। नोटिस मिलने के बाद परिवार सदमे में है। आयकर विभाग के हिसाब से परिवार के मालिक सईद का सालाना टर्नओवर 9 करोड़ से अधिक का है। देवेश पांडेय, लखीमपुर खीरी- उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक किराए की झोपड़ी में रहकर मजदूरी कर पेट पाल रहे एक गरीब परिवार को आयकर विभाग ने 9 करोड़ रुपये से अधिक का नोटिस भेजा है। नोटिस देख परिवार के पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई। परिवार सदमे में है। उनकी रातों की नींद और दिन का चैन चला गया है। पीड़ित सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहा है, लेकिन उसकी परेशानी कम नहीं हो रही है।

**क्या है पूरा मामला**

यह पूरा किस्सा लखीमपुर शहर से सटे खीरी टाउन कस्बा के मोहल्ला कटरा का है। यहां के निवासी सईद को इनकम टैक्स विभाग ने एक वर्ष में 9,30,57,939 रुपये से ज्यादा का टर्नओवर करने वाली कंपनी का मालिक बताते हुए नोटिस भेज है। जबकि हकीकत इससे परे है। सईद अपने परिवार के साथ एक सेवानिवृत्त अध्यापक से किराए की जमीन लेकर उस पर झोपड़ी बनाकर अपनी पत्नी रजिया के साथ 20 साल से रह रहे हैं। 9 करोड़ से अधिक का नोटिस मिलने के बाद परिवार सदमे में वह परेशान होकर सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहा है। कहीं से भी परिवार की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

**केवाईसी के लिए दिया था कागज**

गरीबी का दंश झेल रहे सईद शादी-ब्याह में खाना बनाते हैं। ईंट-गारा के साथ-साथ रिक्शा चलाकर जीवन यापन करते हैं। सईद का कहना है कि बैंक में केवाईसी के लिए कागज मांगे गए थे, जिसके लिए उन्होंने पैन कार्ड और आधार कार्ड लगाया था। लगता है कि उसी के बाद से उनके साथ फ्रॉड हो गया है। सईद कहते हैं कि जब से आयकर का नोटिस आया है, लगातार दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं। कहीं पर कोई समाधान नहीं हो रहा है। सईद ने प्रशासन से मांग की है कि जिसने उनके साथ धोखाधड़ी की है, उसे कड़ी सजा मिले। उनके साथ न्याय किया जाए।

**विभाग भेज चुका है दो नोटिस**

सईद की पत्नी रजिया का कहना है कि अब तक करोड़ों के दो नोटिस आ चुके हैं। हम लोग झोपड़ी में रहते हैं। वैसे भी परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। अब यह नोटिस आ गई है, जिससे घर में कोई भी ढंग से खाना भी नहीं खा पा रहा है। हम लगातार दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं। हमारे साथ न्याय किया जाए।

# भाजपा के सभी मण्डलों में मनाया जायेगा डा. मुखर्जी का जन्मदिन

### ● कार्यक्रम की योजना बैठक में बनाये गए संयोजक व मुख्यअतिथि

स्वतंत्र प्रभात



**बाँदा।** भाजपा आगामी 6 जुलाई को जिले के सभी 16 मण्डलों में जनसंघ के संस्थापक डा, श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्मदिन मनाएगी स भाजपा कार्यालय में आयोजित योजना बैठक में सभी मण्डलों में संयोजक व मुख्य अतिथि तय किये गए स भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष उत्तम सक्सेना ने बताया कि बाँदा नगर दक्षिणी मण्डल के भाजपा कार्यालय पीली कोठी में आयोजित संगोष्ठी के लिए राजेश गुप्ता रज्जन संयोजक व जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद मुख्य अतिथि बनाये गए हैं स इसीप्रकार बाँदा नगर उत्तरी मण्डल के भाजपा जिला कार्यालय कनवारा रोड में राजेश गुप्ता संयोजक व पूर्व सांसद आर के सिंह पटेल मुख्यअतिथि, बिसंडा मण्डल के ब्लाक सभागार में विनय कुसवाहा संयोजक व ब्लाक प्रमुख बड़ोखर स्वर्ण सिंह सोनू मुख्य अतिथि, महुआ मण्डल के ब्लाक सभागार में प्रेम स्वरुप द्विवेदी संयोजक व ब्लाक प्रमुख कमासिन राजेन्द्र गर्ग मुख्य अतिथि, नरैनी मण्डल के ब्लाक सभागार नरैनी में आदित्य चतुर्वेदी संयोजक व जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत मुख्य अतिथि, अतर्रा मण्डल के श्री रामजानकी मंदिर अतर्रा में ज्ञान प्रताप सिंह संयोजक व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह पटेल मुख्य अतिथि, कालिंजर मण्डल के गुढ़ा हनुमान मंदिर में ओम प्रकाश राजपूत संयोजक व ब्लाक प्रमुख बबेरू रमाकांत पटेल मुख्य अतिथि, ओरन मण्डल के आर के मैरिज हाल ओरन में आशीष अनुरागी संयोजक व पूर्व प्रत्याशी अजय पटेल मुख्य अतिथि बनाये गए हैं। इसी प्रकार तिंदवारी मण्डल के श्याम कुंज मैरिज हाल तिंदवारी में अनूप तिवारी संयोजक व विधायक नरैनी ओम मणि वर्मा मुख्य अतिथि, पैलानी मण्डल के कालेश्वर मंदिर खप्टिहाकला में धर्मेन्द्र गुप्ता संयोजक व ब्लाक प्रमुख नरैनी मुख्य अतिथि, जसपुरा मण्डल के ब्लाक सभागार में साहब सिंह संयोजक व पूर्व विधायक नरैनी राजकरण कबीर मुख्य अतिथि, बड़ोखर मण्डल के भाजपा जिला कार्यालय कनवारा रोड में श्याम बाबू पाल संयोजक व क्षेत्रीय अध्यक्ष किसान मोर्चा बाल मुकुंद शुक्ला मुख्य अतिथि, बबेरू मण्डल के सिटी पैलेश बबेरू में सौरभ सिंह संयोजक व सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी मुख्य अतिथि, कमासिन मण्डल के ब्लाक सभागार में प्रदीप मिश्रा संयोजक व नगर पंचायत अध्यक्ष मटौंध मे सुधीर सिंह मुख्य अतिथि, मरका मण्डल के आर जे मैरिज हाल मरका में दिनेश निषाद संयोजक व पूर्व जिलाध्यक्ष लवलेश सिंह मुख्य अतिथि, पवैया मण्डल के मड़ी दाई मैरिज हाल में दीपक सिंह संयोजक व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नरैनी हरिशचंद्र सोनकर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे स बैठक में जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, पूर्व जिला उपाध्यक्ष उत्तम सक्सेना, मण्डल अध्यक्ष राजेश गुप्ता, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष संतोष नायक, पिछड़ा मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री राजेश सेन, भाजपा नेता अमित सेठ भोलू, जिला कार्यालय प्रभारी दिलीप तिवारी, लखन सिंह राजपूत, अनिल प्रजापति, अनिल प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# चोरियों का खुलासा करते हुए अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

### ● अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा व चोरी के आभूषण सहित 58.8 हजार रुपए नगदी बरामद

स्वतंत्र प्रभात




**बांदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज थाना अतर्रा पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों से चोरी करने वाले अभियुक्त को सूचना के 24 घण्टे के भीतर अवैध तमंचा व चोरी के माल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना अतर्रा क्षेत्र के महोतरा के रहने वाले रामनरेश यादव ने अपने घर में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी किए जाने के सम्बन्ध में सूचना दी। जिसके सम्बन्ध में थाना अतर्रा पर तत्काल अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया। इस क्रम में थाना अतर्रा पुलिस द्वारा अभियुक्त की पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को सूचना से सूचना के 24 घंटे के अन्दर गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा, जिन्दा कारतूस तथा आभूषण सहित नगद रुपए बरामद हुए। कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्त ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि उसने बताया कि 2 जुलाई 25 की रात्रि को महोतरा में चोरी की थी जिसके ये सभी बरामद आभूषण व 50300 रुपये नगदी हैं तथा कुछ दिन पूर्व उसने थाना बदौसा क्षेत्र के ग्राम दुबरिया से चोरी की थी जिसके 8500 रुपये नगद है। पुलिस द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार कर नियमानुसार सम्बन्धित न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम योगेन्द्र उर्फ नगेन्द्र वर्मा पुत्र देवनाथ उर्फ भग्गू वर्मा निवासी पुन्ना का पुरवा, खटौरा थाना अतर्रा जनपद बांदा है।

# समाजसेवी राम विलास गुप्ता को मिला भामा शाह पुरस्कार

### ● समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित

### भामा शाह स्मृति सम्मान से किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात



**बांदा।** विकास भवन सभागार में शहर के एक प्रमुख समाजसेवी रामविलास गुप्ता को भामा शाह पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, जो समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाता है। इस पुरस्कार के माध्यम से समाजसेवी के कार्यों को पहचान मिली है और उनके प्रयासों को प्रोत्साहित किया गया है।समाजसेवी व टीवीएस मोटर आनर्स रामविलास गुप्ता ने अपने जीवन को समाज सेवा के लिए समर्पित किया है और विभिन्न क्षेत्रों में काम किया है, जैसे कि शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण। उनके प्रयासों से समाज के विभिन्न वर्गों को लाभ पहुंचा है और लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है।भामा शाह पुरस्कार के चयन समिति ने समाजसेवी के कार्यों की सराहना की और उनके योगदान को समाज के लिए महत्वपूर्ण बताया। इस पुरस्कार के माध्यम से समाजसेवी को प्रोत्साहित किया गया है और उनके कार्यों को और भी विस्तार देने के लिए प्रेरित किया गया है।समाजसेवी राम विलास गुप्ता के इस पुरस्कार से शहर के लोगों को प्रेरणा मिली है और वे भी समाज सेवा में योगदान करने के लिए प्रेरित हुए हैं। यह पुरस्कार समाज सेवा के महत्व को उजागर करता है और लोगों को समाज के लिए काम करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

कार्यक्रम में सन्तोष कुमार वर्मा, संयुक्त आयुक्त राज्य कर, जिला विकास अधिकारी,परियोजना प्रबंधक गुरुदेव राव जी0एम0डी0आई0सी0 बाँदा, पंकज कुमार सिंह, उपायुक्त, आदितेय मिश्र, उपायुक्त, अवध कुमार पटेल, उपायुक्त राज्य कर, दुर्गेश त्रिपाठी, सहायक आयुक्त, जुबेर अहमद, सहायक आयुक्त, जयप्रकाश सहायक आयुक्त, मारुति नंदन, राज्य कर अधिकारी, शशि कुमार यादव, राज्य कर अधिकारी भी उपस्थित रहे। व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों में सत्यप्रकाश सर्राफ, अमित सेठ भोलू अध्यक्ष भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, मनोज जैन भारतीय उद्योग व्यापार मंडल,जिला उपाध्यक्ष भारतीय उद्योग व्यापार मंडल सुनील सक्सेना, विष्णु गुप्ता,अशोक कुमार गुप्ता इत्यादि उपस्थित रहे।

# मेहंदी ताजियों के मिलाप में अकीदतमंदों का उमड़ा हुजूम

### ● जगह-जगह हिंदू-मुस्लिमों ने लुटाया सौहार्द का लंगर

स्वतंत्र प्रभात





**बांदा।** शहीदाने कर्बला की याद में मनाए जाने वाले मोहर्रम की आठवीं पर कोतवाली के सामने छह मेहंदी ताजियों का मिलाप हुआ। जुलूस में किशोरावस्था और युवा वर्ग के लोग शामिल हुए। रास्ते भर जगह-जगह हिंदू-मुस्लिम दोनों ही समुदाय के लोगों ने मेहंदी जुलूस में सौहार्द का लंगर लुटाया। किसी ने बर्तन तो किसी ने हाथों से लड्डू लुटाये।

शुक्रवार की सुबह शहर के अलग-अलग छह इमामबाड़ों से मेहंदी ताजिया जुलूस निकले। मर्दननाका से रशीद, हाथीखाना अलीगंज से टिर्रा, रब्बानिया के सामने वाली गली से कुदउवा किन्नर, खुटला से मनिहारों का, मर्दननाका कुंजरहटी से सब्जी फरोशों और अलीगंज से पीरा की मेहंदी ताजिया निकला। सभी ताजिए कोतवाली के सामने पहुंचे। यहां अकीदतमंदों का हुजूम रहा। कुछ देर बाद मिलाप की रस्म हुई। जोर-जोर से ढोल ताशे बजे। मिलाप के बाद ताजियों का जुलूस अलग-अलग रास्तों से होते हुए अपने इमामबाड़े में पहुंचे। मेहंदी ताजियों के साथ लोगों का हुजूम चल रहा था। उस पर जगह-जगह लोगों ने लंगर लुटाया। जिसमें हिंदू समाज के लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। सभी जुलूसों में जगह-जगह लंगर हुए। धूप और उमस में लोगों की हालत खराब रही। बीच-बीच में बारिश भी होती रही लेकिन लंगर लूटने वाले युवाओं का जोश कम नहीं हुआ। कई स्थानों पर हिंदू समाज के लोगों ने भी लंगर किए। जुलूस में शामिल हुए। मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष कमेटी अध्यक्ष शोएब नियाजी, शाहिद अली निजामी हाफिज साबिर चौधरी, सुभान अली, अरशद निजामी, आसिफ अली समेत बड़ी संख्या में कमेटी के लोग शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### एक पेड़ मां के नाम 2025 वन महोत्सव के अंतर्गत जनपद न्यायाधीश द्वारा किया गया वृक्षारोपण



**भदोही/**सुरियावा 4 जुलाई 2025 शुक्रवार को एक पेड़ मां के नाम वन महोत्सव 1 जुलाई से 7 जुलाई तक चलने वाले कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोही अखिलेश दुबे द्वारा जिला न्यायालय आवासीय परिसर सरपतहा मैं वृक्षारोपण किया गया जिसमें पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण मुख्य नायक मजिस्ट्रेट दौरान जिला न्यायालय के सम्मानित न्यायिक गए द उपस्थित होकर वृक्षारोपण किया गया साथ ही रेंज ज्ञानपुर भदोही वन प्रभाग भदोही के जिला वन अधिकारी विवेक यादव एवं अन्य वन विभाग के कर्मचारी ज्ञान उपस्थित होकर वृक्षारोपण कार्य किया जिला पर अधिकारी ने वृक्षों के महत्व के बारे में बताया की वर्तमान में वृक्षारोपण के लक्ष्य के बारे में चर्चा की बताया कि 3 लाख वृक्षारोपण किया जा चुका है और आगामी सप्ताह में अन्य वृक्षारोपण के लक्ष्य को प्राप्त किया जाएगा इस दौरान न्यायालय परिसर के समस्त कर्मचारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोही के कर्मचारी गण मौजूद रहे

### पुलिस की तत्परता से गुम हुई 02 वर्षीया 02 बच्चियां कुछ ही घंटे में सकुशल बरामद

**लवकुश मेले के दौरान भटकती हुई अलग-अलग स्थानों से दो बच्चियों को सकुशल परिजनों को किया गया सुपुर्द**



**भदोही/** दिनांक-04.07.2025 को जनपद भदोही में आयोजित लवकुश मेले में 02 वर्षीया दो बच्चियां अलग-अलग स्थान पर भटकती हुई ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों



उ0नि0 दयाशंकर महर्षि थाना कोइरौना, मुख्य आरक्षी मोहम्मद अंसार देहात कोतवाली मिर्जापुर एवं महिला आरक्षी रेनू मिश्रा थाना ऊंज को मिलीं। अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा लव-कुश मेले में गुम हुए बालकों को सकुशल बरामद करने के निर्देशन में पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए लवकुश मेले में 02 वर्षीया दोनों बच्चियों को खोया पाया केंद्र ले जाकर एलान करके बच्चियों के परिजनों को सकुशल सुपूर्द किया गया। परिजनों द्वारा भदोही पुलिस के मानवतापूर्ण कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए हृदय से धन्यवाद किया गया।

### थाना विन्ध्याचल पुलिस द्वारा दहेज हत्या के अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्ता गिरफ्तार

**विंध्याचल, मीरजापुर।** थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर वादी उर्मिला देवी पत्नी स्व0 शिव प्रकाश निवासिनी परानीपुर थाना मेजा जनपद प्रयागराज द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध वादी की पुत्री की दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने एवं जान से मार देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना विन्ध्याचल पर मु0अ0सं0-176/2025 धारा 80,85 बीएनएस व ड डीपी एक्ट पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। "सोमेन बर्मा"वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए महिला सम्बन्धित अपराध में त्वरित कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हेतु क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थानाध्यक्ष विन्ध्याचल को निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में शुक्रवार को थानाध्यक्ष वैद्यनाथ सिंह मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्ता श्यामकली पत्नी नन्दलाल निवासी बिरौरा थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### सप्त दिवसीय श्रीमद भागवत कथा,यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन

**चुनार मिर्जापुर।** नगर स्थित राजरतन लॉन में गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर श्रीमद् भागवत गीता कथा एवं भक्ति यज्ञ का सप्त दिवसीय आयोजन 3 जुलाई से 9 जुलाई तक किया गया है। 10 जुलाई को सुबह 11 बजे से भंडारे का आयोजन किया गया है।

## जिलाधिकारी ने आईआईसीटी में वृक्षारोपण कर, बीड़ा परिक्षेत्र में निर्माणाधीन मल्टी स्टोरी बिल्डिंगों व मकानो का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात




**भदोही** 04 जुलाई 2025/जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत भारतीय कालीन प्रौद्योगिकी संस्थान पिपरिस भदोही में आम का पौधा रोपण किया एवं बीड़ा परिक्षेत्र में रुस्तम खां, मोहल्ला स्टेशन रोड, रामरायपुर व विभिन्न क्षेत्रों में बिना नक्शा पास कराए निर्माणाधीन अवैध मल्टी स्टोरी बिल्डिंगों व मकानो का स्थलीय निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने डायरेक्टर आईआईसीटी डॉ. राजीव कुमार वार्ष्णेय व मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद के साथ वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संचेतना का संदेश दिया साथ ही आईआईसीटी परिसर का भ्रमण कर संचालित कोर्सो व छात्रों से संवाद किया। जिलाधिकारी ने एक पेड़ मां के नाम से छात्र-छात्राओं के साथ पौधे लगाए, जिससे परिसर की हरियाली बढ़े और पर्यावरण संतुलन बना रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जन मानस से पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का आह्वान किया और कहा कि वृक्षारोपण हमारी जिम्मेदारी है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरित वातावरण सुनिश्चित करने में मदद करेगा। आईआईसीटी परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पौधरोपण के महत्व को समझा। जिलाधिकारी ने सभी को जागरूक किया है कि वन महोत्सव के दौरान पौधरोपण के साथ-साथ उनकी देखभाल और संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल एक दिन का कार्य नहीं है, बल्कि यह एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है जिसमें सभी का सहयोग आवश्यक है।

मुख्य कार्यपालक/जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने डिप्टी सीईओ अनीता देवी, उप जिलाधिकारी भदोही अरुण गिरी के साथ बीड़ा परिक्षेत्र में रुस्तम खां, मोहल्ला स्टेशन रोड, रामरायपुर व विभिन्न क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर बिना नक्शा पास कराए निर्माणाधीन अवैध मल्टी स्टोरी बिल्डिंगों व मकानो का निरीक्षण किया। निरीक्षण में राम रायपुर में बिना नक्शा स्वीकृत के निर्माणाधीन अवैध मकान मिलने पर डीएम ने निर्माण कार्य पर रोक लगाते हुए नक्शा स्वीकृत के उपरांत ही कार्य करने का निर्देश दिया। अवैध निर्माण पाए जाने पर सहायक अभियंता बीड़ा को कड़ी फटकार लगाते हुए नोटिस जारी किया। जिलाधिकारी ने बीड़ा टीम को सख्त निर्देशित किया कि बीडा परिक्षेत्र में प्रतिदिन भ्रमण कर बिना नक्शा के जो अवैध निर्माण कार्य चल रहे हैं उस पर तत्काल रोक लगाई जाय, नक्शा स्वीकृत के उपरांत ही निर्माण कार्य होना सुनिश्चित कराए। जिलाधिकारी का यह निरीक्षण अवैध निर्माणों पर रोक लगाने और नक्शा स्वीकृत के नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए था। इससे शहर में अवैध निर्माणों पर नियंत्रण पाया जा सकेगा और निर्माण कार्य नियमों के अनुसार हो सकेंगे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी और जो भी निर्माण नियमों का उल्लंघन करेंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बीड़ा टीम को निर्देश दिया कि वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी और निष्पक्षता से करें और अवैध निर्माणों पर रोक लगाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहें।

## शिक्षक संघ ने नगर विधायक को सौंपा ज्ञापन, स्कूल बंद करने के फैसले पर जताई चिंता



स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** शुक्रवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (नगर ब्लॉक, मीरजापुर) के पदाधिकारियों ने नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्र को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि सरकार द्वारा 150 से कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक और 100 से कम छात्र संख्या वाले उच्च प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने का निर्णय लिया गया है, जिससे हजारों प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों और रसोइयों की सेवाएं समाप्त होने का खतरा है। शिक्षक संघ ने इस फैसले पर चिंता जताते हुए इसे वापस लेने की मांग की। विधायक पंडित रत्नाकर मिश्र ने शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि वे इन मुद्दों और सुझावों को उच्च स्तर तक पहुंचाने के लिए पूर्ण प्रयास करेंगे। शिक्षक संघ ने विधायक के सकारात्मक रवैये की सराहना की और इस मामले में शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद जताई।

### जटाशकर मिश्र के मौत पर क्षेत्रीय लोगो ने किया शोक व्यक्त

**हलिया, मिर्जापुर।** सुक्रवार ड्रमडगज क्षेत्र के बरबसा गहरवार के बारिपुर गाव निवासी जाटाशकर मिश्र के मौत पर क्षेत्रीय लोगो ने किया शोक व्यक्त बताया गया की जटाशकर मिश्र काफी दिन से हैदराबाद के एक मदिर पर पुजा पाठ किया करते थे एक हफ्ते के बिमारी मे जटाशकर मिश्र का मौत मगलवार को हो गया जटाशकर के पुत्र शुशिल कुमार मिश्र के द्वारा शव को एम्बुलेंस से लेकर बुधवार को देर रात अपने पैत्रीक गाव मे पहुचे शव को गाव पहुचते ही परिजनों मे कोहराम मच गया वृहस्पतीवार को मिर्जापुर के शिवपुर गया घाट पर शुशिल मिश्र के द्वारा मुखाग्नी देकर अन्तिम दाह ससंकार किया गया ग्रामीणो ने बताया की जटाशकर मिश्र हैदराबाद मे लगभग शौ लोगो को रोजगार का व्यवस्था कराए होगे इस।मौके पर दिवाकर द्विवेदी भानु तिवारी भगवान प्रसाद सतोष मिश्र फक्कड़ तिवारी प्रमोद मिश्रा सुर्यनरायण मिश्र लौकुश दुवे अशोक सिह श्यामनरायन मिश्र अवध नरायन पाडेय रामासरे मिश्रा सहित लोगो ने शोक व्यक्त किया।

## एकराय होकर गाली गलौज करते हुए मारपीट व प्राण घातक हमला कर एक व्यक्ति को मृत्यु कारित कर देने का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**● घटना में शामिल 03 आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर निशानदेही पर आला कत्ल लोहे की पाइप किया गया था बरामद।**

स्वतंत्र प्रभात

दिनांक 01.02.2025 को प्रातः थाना गोपीगंज क्षेत्र अंतर्गत बिहरोजपुर में रास्ते को लेकर मारपीट के दौरान आरोपियों द्वारा अपने पड़ोसी रंजय यादव को लोहे की पाइप से हमला कर घायल कर दिया गया। घायल मजरुब को तत्काल ईलाज हेतु अस्पताल भेजा गया था जहां ट्रामा सेंटर वाराणसी में ईलाज के दौरान मजरुब की मृत्यु हो गई थी। घटना के संबंध में मृतक के भाई से प्राप्त तहरीर के आधार पर तत्समय ही आरोपीगण उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0-42/2025 धारा-115(2),352,351(2) बी.एन.एस व बढोत्तरी धारा-103(1),110,191(2) बी.एन.एस. का अभियोग पंजीकृत करते हुए 06.02.2025 को थाना गोपीगंज पुलिस टीम द्वारा उक्त घटना में शामिल वांछित अभियुक्तगण 1.प्रमोद कुमार यादव पुत्र श्यामधर यादव उम्र करीब 38 वर्ष 2.संदीप कुमार यादव पुत्र श्यामसुंदर यादव उम्र करीब 27 वर्ष 3.कलंदर यादव पुत्र स्व0 रामबदन यादव उम्र करीब 40 वर्ष निवासीगण ग्राम बिहरोजपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही को ग्राम गुलौरी से गिरफ्तार करते हुए अभियुक्तों के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे की पाइप बरामद किया गया था। अभिमन्यु मांगलिक,पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना गोपीगंज क्षेत्रांतर्गत एकराय होकर गाली गलौज करते हुए मारपीट व प्राण घातक हमला कर एक




व्यक्ति की मृत्यु कारित कर देने की घटना में शेष वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में आज दिनांक-04.07.2025 को थाना गोपीगंज पुलिस टीम द्वारा वांछित अक्षय यादव उर्फ जितेन्द्र कुमार यादव पुत्र नागेन्द्र यादव उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम विहरोजपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही को कौलापुर रेलवे क्रासिंग गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के उपरांत चालान सम्बंधित न्यायालय किया गया।

## पांच हजार लोगों को घेर कर मार डाला गया था, महुआ डाबर की उस नृशंस घटना को याद कर दी गई श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले मेंमहुआ डाबर एक ऐसा गांव जहां के करीब 5 हजार बाशिंदों की नृशंस हत्या कर तहस-नहस कर दिया गया था बल्कि इतिहास से इसका वजूद पूरी तरह से मिटा देने के लिए करीब 50 किलोमीटर दूर इसी नाम का नया गांव बसा दिया गया था। इ गांव को जलाए जाने की बरसी पर महुआ डाबर संग्रहालय द्वारा महुआ डाबर स्मरण दिवस का आयोजन किया गया।

इस मौके पर %हज़ारों शहीदों की ज़मींदोज़ बस्ती% पर स्वतंत्रता संग्राम के ज्ञात-अज्ञात शहीदों को नमन किया गया.महुआ डाबर संग्रहालय के महानिदेशक डॉ. शाह आलम राना ने महुआ डाबर को जलाये जाने की बरसी के अवसर पर कहा कि यह घटना आजादी की लड़ाई लड़ रहे भारत के लोगों पर अंग्रेजी हुकूमत की बर्बरता की ऐसी कहानी है जिसे कभी भी नहीं भूला जा सकता। महुआ डाबर के आजादी पसंद वीर सेनानी अंग्रेजी सत्ता को मुंहतोड़ जवाब दे रहे थे। अंग्रेजी हुकुमत ने चंद गद्दारों की मदद से महुआ डाबर पर बेइंतहां जुल्म किए और अंत में करीब 5 हजार लोगों को घेर कर मार डाला। आज का दिन इन शहीदों को नमन करने का और उन्हें याद करने का है।

इस मौके पर डॉ. संजीव कुमार मौर्य, फकीर मोहम्मद, नासिर खान, यशवंत आदि ने भी विचार व्यक्त किया. रमजान खान,मुम्ताज अली खान, ताहिर अली वसीम खान,अशफाक,आलम खान, मुहम्मद गुलाम, नजर आलम आदि ने महुआ डाबर के शहीदों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया. कार्यक्रम का संचालन बुद्ध विक्रम सेन ने किया। वक्ताओं ने कहा कि- सर इतने दिए कि सर हो गया मैदान ए वतन, तुम पर हम फूल चढ़ाते हैं शहीदाने वतन।

बताया कि क्रूर अंग्रेजी हुकूमत ने आज से 168 साल पहले 3 जुलाई 1857 को बस्ती जनपद के बहादुरपुर ब्लॉक अंतर्गत महुआ डाबर गांव को अंग्रेजी छुड़सवार फौजों की मदद से तीन तरफ से घेरकर गोलियों से छलनी कर दिया था। बूढ़े-बच्चे, महिलाओं को टुकड़े-टुकड़े करने के बाद आग के हवाले कर दिया गया। इतना ही नहीं महुआ डाबर के सभी मकानों, दुकानों, हरकरघा कारखानों को जमींदोज करके 'गैर चिरागी' बना दिया।

करीब 5000 लोगों को घेर कर मार दिया गया था और महुआ डाबर नाम के गांव की पहचान मिटा कर करीब 50 किलोमीटर दूर उसी नाम का नया गांव बसा कर असली जगह की पहचान छिपाने की बड़ी साजिश हुई। इतिहास छिप नहीं सकता, दशकों बाद खुदाई में जमीन में दबी गांव की सच्चाई सामने आई, लेकिन हैवानियत की इतनी बड़ी घटना पर गुनहगारों की तरफ से कभी अफसोस का एक लफ्ज तक नहीं कहा गया।

## मानवता की रक्षा हेतु पर्यावरण संरक्षण अति आवश्यक - प्रो धर्मेन्द्र कुमार

स्वतंत्र प्रभात



**चुनार मिर्ज़ापुर।** शुक्रवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में समाजशास्त्र विभाग के तत्वावधान में 'पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास' विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य वक्ता प्रोफेसर धर्मेन्द्र कुमार, प्रोफेसर, समाजशास्त्र विभाग, जवाहरलाल नेहरू स्मारक पी.जी. कॉलेज, महाराजगंज एवं प्राचार्य प्रोफेसर माधवी शुक्ला ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। मुख्य वक्ता प्रोफेसर धर्मेन्द्र कुमार ने कहा कि भविष्य की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु वर्तमान में सचेत रहकर प्राकृतिक संसाधनों का कुशलतम उपयोग करना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण किसी एक व्यक्ति या सरकार का दायित्व नहीं है अपितु हर व्यक्ति को इसके लिए अपने स्तर से जागरूक प्रयास करने की आवश्यकता है। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर ने पर्यावरण संरक्षण हेतु छात्र-छात्राओं का आवाहन करते हुए कहा कि प्रत्येक युवा को एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए जिससे पर्यावरण संरक्षण में वह अपना योगदान दे सके। डॉ चंदन साहू ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण एवं अवनयन का सर्वाधिक प्रभाव विकासशील देशों एवं अल्प विकसित देशों पर पड़ रहा है। अतः हम सभी की जिम्मेदारी है कि अपने पर्यावरण को संरक्षित रखने हेतु प्रयास करें। कार्यक्रम का संचालन समाजशास्त्र विभाग के सह-प्रभारी डॉ दीप नारायण एवं धन्यवाद ज्ञापन विभाग प्रभारी डॉ रजनीश ने किया। इस अवसर पर शोध छात्र कृष्णानन्द,स्वाति वर्मा, दिलनाज बानो, मोनी यादव,प्रियंका पटेल एवं आकाश सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### थाना लालगंज पुलिस द्वारा 15 लीटर अवैध देशी शराब के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार

**मीरजापुर।** "सोमेन बर्मा" वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थो की तस्करी व बिक्री में संलिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में शुक्रवार को उप-निरीक्षक सुभाष चन्द्र यादव मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना लालगंज क्षेत्र से 01 नफर अभियुक्त लाला पुत्र लालता निवासी टीकोरा थाना लालगंज जनपद मीरजापुर को 15 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालगंज पर अन्तर्गत धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

## बालू नदी ट्रैक्टर ने बाइक सवार को रौंदा

स्वतंत्र प्रभात



**मिर्जापुर, जिगना।** जिगना थाना क्षेत्र के रामपुर हंसवार में मां विंध्यवासिनी हॉस्पिटल के सामने बालू नदी अनियंत्रित ट्रैक्टर बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर आसपास के लोगों ने तत्काल प्राइवेट वाहन से बाइक सवार अनुराग सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह उम्र 22 वर्ष को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरोई गैपुरा लेकर पहुंचे जहां पर डॉक्टर पुनीत अग्रवाल ने मृतक घोषित किया मृतक ननिहाल में रहता था जिगना के शिवराजपुर गौरा में रहता था मूल रूप से मध्य प्रदेश के रहने वाले थे ये माता-पिता के इकलौते पुत्र थे पिता और उनकी माता दोनों अध्यापक हैं मृतक गौरा से हरगढ़ बाजार जा रहा था ट्रैक्टर टक्कर मारने के बाद थोड़ी दूर पर खड़ी वृद्ध महिला सावित्री देवी पत्नी जगत प्रसाद को भी टक्कर मार दिया निवासी सेवापुर गोगांव गंभीर रूप से घायल हो गई जिनकी प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया सूचना मिलते ही अस्पताल जिगना थाना अध्यक्ष अभय सिंह पहुंचकर विधिक कार्रवाई में जुटे लोगों द्वारा बताया गया कि अवैध बालू होने के कारण ट्रैक्टर बहुत तेजी में था जिगना थाना क्षेत्र के सभी घाट कछुआ सेंचुरी के अंतर्गत पूरी तरह बालू प्रतिबंध है फिर भी अवैध बालू के ट्रैक्टर तेजी से चलते हैं जिसका आज माता-पिता का एकलौता पुत्र इस घटना का शिकार हुआ।

## स्वामी विवेकानंद जी के 123वें पुण्य तिथि पर एल. टी. कॉलेज को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने की मांग की है

स्वतंत्र प्रभात



**मीरजापुर।** अध्यात्म के शिखर पुरुष, वेदांत के ज्ञाता, युवाओं के प्रेरणाश्रोत, माँ सरस्वती के मानस पुत्र स्वामी विवेकानंद जी के 123वें पुण्य तिथि पर स्नातक खंड विधान परिषद सदस्य (एम. एल. सी.) आशुतोष सिन्हा ने मुख्यमंत्री को पत्र देकर वाराणसी के एल. टी. कॉलेज को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने की मांग की है।

पत्र में एम. एल. सी. सिन्हा ने जिक्र किया है कि पूरे विश्व में भारतीय ज्ञान का परचम लहराने वाले युग पुरुष स्वामी विवेकानंद जी ने अपने जीवन के अंतिम समय में वाराणसी के अर्दली बाजार स्थित तत्कालीन ÷गोपाल लाल विला÷ में 39 दिनों तक प्रवास किया था, जो वर्तमान में राजकीय एल. टी. कॉलेज के रूप में प्रतिस्थापित है। उन्होंने उल्लिखित किया है कि लम्बे समय तक स्वामी जी का प्रवास होने के कारण पूरे विश्व में उनके विचारों को मानने वालों, काशी वासियों व कायस्थ समाज के लिए यह स्थल आस्था व श्रद्धा का केन्द्र बिंदु है, अतः खंडहर हो रहे इस परिसर को भव्य व दिव्य स्वरुप देते हुए इसे राष्ट्रीय स्मारक घोषित किया जाना ही सर्वथा उचित होगा।

विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा ने राष्ट्रीय स्मारक की इस प्रमुख मांग के साथ ही परिसर में स्वामी जी की आदमकद प्रतिमा लगाए जाने, स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में सार्वजानिक अवकाश घोषित करने तथा वाराणसी जिला पुस्तकालय का नाम स्वामी विवेकानंद जी के नाम पर करने की मुख्यमंत्री से मांग की है। उस आशय की जानकारी एम. एल. सी. प्रतिनिधि डॉ. शक्ति श्रीवास्तव ने दी है।

### वन महोत्सव 2025 के अंतर्गत "एक पेड़ मां के नाम 2.0" कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति किया जागरूक

आज दिनांक 03.07.2025 को अभिमन्यु मांगलिक,पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा "वन महोत्सव"के अवसर पर "एक पेड़ मां के नाम 2.0"अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में शुभम अग्रवाल,अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के साथ वृक्षारोपण किया गया। यह आयोजन 01 जुलाई से 07 तक संचालित है जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिए कि वन महोत्सव के दौरान पौधारोपण के साथ-साथ उनके देखभाल और संरक्षण का विषय ध्यान दिया जाए तथा उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल एक दिन का कार्य नहीं बल्कि निरंतर चलने वाली प्रक्रिया जिसमें सभी का सहयोग आवश्यक है। इस अवसर पर जनपद के श्री राजीव सिंह,क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन ज्ञानपुर, प्रभारी वन रेंजर आदि अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## गोपीगंज पुलिस टीम द्वारा नाबालिग को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात



थाना गोपीगंज क्षेत्र अंतर्गत वादी की नाबालिग पुत्री उम्र 17 वर्ष को आरोपी द्वारा शादी का झांसा देकर अपने साथ भगा ले जाने के संबंध में दिनांक 03.07.2025 को थाना गोपीगंज पर सूचना दी गई। सूचना पर तत्समय ही थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-305/2025 धारा-137(2),87 बी0एन0एस0 का अभियोग पंजीकृत कर अपहृता/पीड़िता की सकुशल बरामदगी के प्रयास सहित विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई।

अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी व महिला सम्बन्धित अपराध में त्वरित कार्यवाही के निर्देश के क्रम में स्थानीय पुलिस द्वारा बरामदगी का प्रयास करते हुए दिनांक-03.07.2025 को सायं नाबालिग अपहृता/पीड़िता को सकुशल बरामद किया है। उक्त अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त लक्ष्मन बिन्द उर्फ लल्लू पुत्र शिवराम बिन्द निवासी दिलावरपुर थाना कपसेठी जनपद वाराणसी उम्र करीब 20 वर्ष को बस स्टैंड गोपीगंज के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के उपरांत चालान मा0 न्यायालय किया गया।

## सुरियावां क्षेत्र अंतर्गत दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित करने व हत्या करने का आरोपी पति गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात



दिनांक-02.07.2025 को सुबह समय करीब 7ः00 बजे थाना सुरियावां पर सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम वारी में पति रोहित बिन्द पुत्रु रामजीयावन बिन्द निवासी वारी थाना सुरियावां जनपद भदोही द्वारा आपसी विवाद को लेकर अपने पत्नी उम्र करीब 25 वर्ष का चाकू से गले पर हमला कर हत्या कर दिया गया है। सूचना पर स्थानीय पुलिस फॉरेंसिक टीम व मजिस्ट्रेट के साथ तत्काल मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर मजिस्ट्रेट द्वारा पुलिस के सहयोग से पंचायतनामा की कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। पुलिस उच्चाधिकारीगण के नेतृत्व में फॉरेंसिक टीम व स्थानीय पुलिस द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए मृतका के भाई निवासी चंदेल डडिया थाना चिल्ह जनपद मिर्जापुर से तहरीर के आधार पर थाना सुरियावां पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 203/25 धारा 80 (2), 85 बीएनएस एवं 3/4 डीपी एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई। मृतका के पति रोहित बिन्द द्वारा स्वयं भी सिंदूर पीकर आत्महत्या करने की कोशिश किया गया था, जिसे इलाज हेतु सीएचसी सुरियावां भेजा गया था जहां पर वह ईलाजरत था।

अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा महिला सम्बन्धित अपराध में त्वरित कार्यवाही एवं पंजीकृत अभियोग से सम्बंधित वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में आज दिनांक-03.07.2025 को थाना स्थानीय पुलिस टीम द्वारा पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित वांछित/विवाहिता के पति रोहित बिन्द पुत्र रामजीयावन बिन्द निवासी वारील थाना सुरियावां जनपद भदोही उम्र करीब 25 वर्ष को सीएचसी सुरियावां से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के उपरांत चालान सम्बंधित न्यायालय किया गया

## संक्षिप्त खबरें

### नगर पंचायत अझुवा में पुजारियों को किया गया सम्मानित



**अजुहा कौशाम्बी।** नगर पंचायत अजुहा स्थित हनुमत निकेतन सेवा समिति मन्दिर जीटी रोड अजुहा कौशाम्बी के पुजारियों राधेश्याम केसरवानी व चन्द्रपाल सिंह को अंग वस्त्र व शिव पुराण देकर नगर पंचायत अजुहा के लेखाधिकारी साकेत चंद्र श्रीवास्तव तथा नगर के सम्मानित सभासद और नगर के गणमान व्यक्तियों ने सम्मानित किया। जिसमें संजय केशरवानी रामबाबू मोदनवाल सभासद शत्रुघन सभासद अमृतलाल केसरवानी फूलचंद केसरवानी सभासद दीपक गौतम सभासद सौरभ केसरवानी मिथिलेश कुमार रमेश सिंह यादव कोटेदार निलेश केसरवानी देवेश कुमार चौधरी अजुहा मण्डल उपाध्यक्ष बीजेपी अशोक कुमार केसरवानी सुरेश सभासद जिसमें चन्द्रपाल सिंह पुजारी ने बताया कि हनुमत सेवा निकेतन सेवा समिति में बताया गया कि 40 वर्षो से सेवा कर रहे और सभी नगर के सम्मानित सभासद व नगर के गणमान्य न व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया।

### कांग्रेस के संगठन सृजन का प्रथम चरण कार्य हुआ पूर्ण



**कौशाम्बी।** जनपद में कांग्रेस कमेटी कौशाम्बी द्वारा जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में प्रेस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित किया गया तथा यह जानकारी दी गई की संगठन सृजन का प्रथम चरण का कार्य पूर्ण हो चुका है जिसमें जिला कमेटी की नियुक्ति हो चुकी है । प्रेस कॉन्फ्रेन्स को सम्बोधित करते हुए प्रदेश सचिव एवं कौशाम्बी की प्रभारी राजेश साहनी ने बताया कि संगठन सृजन का प्रथम चरण समाप्त हो चुका है जिसमें जिला की कमेटी घोषित हो चुकी है और कल दिनांक 05/07/2025 को नवनिर्वाचित जिला कांग्रेस कमेटी को शपथ दिलाई जायेगी जिसमें पदाधिकारी इस बात की शपथ लेंगे कि भाजपा की जो सत्ता सीन सरकार है जिसके द्वारा नफरत फैलाने का काम किया जा रहा है भाई से भाई तथा जातियों में नफरत फैला करके वोट की राजनीति की जा रही है नवनिर्वाचित पदाधिकारी की यह जिम्मेदारी होगी कि वह इस नफरत की बाजार में अपने नेता राहुल गांधी की तरह समाज के हर वर्ग को समान अधिकार दिलाकर नफरत को समाप्त करने का काम किया जाएगा , प्रेस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने बताया कि अब अगले चरण में फ्रण्टल संगठनों का सृजन किया जाएगा तथा उन्हें जिम्मेदारी दी जाएगी, प्रेस कॉन्फ्रेन्स को सम्बोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा पप्पू ने कहा की 15 अगस्त तक पूरी कमेटी तैयार कर ली जायेगी तथा प्रत्येक बूथ पर कम से कम 10 कार्यकर्ता गांव गांव में तैनात होंगे जो कांग्रेस की नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाने का काम करेंगे तथा गरीबों एवं असहयों की मदद करेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेन्स को सम्बोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष मनोज सिंह पटेल ने कहा कि जिस तरह से यह सरकार संविधान विरोधी कार्य करती है तो कांग्रेस के कार्यकर्ता इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे तथा बीजेपी के मंसूबों को सफल नहीं होने देंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय, प्रदेश सचिव राजेश साहनी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राम बहादुर त्रिपाठी, मनोज सिंह पटेल आशीष मिश्रा पप्पू, दीपक पाण्डेय बाबूजी, सुरेन्द्र शुक्ला, कैलाश केशरवानी, आर .के . मिश्र, हेमन्त कुमार रावत, राम प्रकाश, अमृतलाल, सचिन पाण्डेय, सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने कारपेट सिटी फेज 2 के लिए मानिकपुर का किया स्थलीय निरीक्षण

**भदोही-** जिलाधिकारी शैलेश कुमार द्वारा कारपेट सिटी फेज 2 हेतु प्रस्तावित मानिकपुर का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस योजना में काश्तकारों से आपसी समझौते के आधार पर भूमि क्रय किया जाना प्रस्तावित है। भू स्वामित्व का प्रकाशन पूर्व में बीड़ा द्वारा हो चुका है। जिलाधिकारी द्वारा स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने भूमि क्रय की प्रक्रिया की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जोर दिया कि भूमि क्रय प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष होनी चाहिए। इस योजना में काश्तकारों से आपसी समझौते के आधार पर भूमि क्रय किया जाना प्रस्तावित है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि काश्तकारों के साथ समझौता प्रक्रिया में उनकी सहमति और संतुष्टि का विशेष ध्यान रखा जाए। भू स्वामित्व का प्रकाशन पूर्व में बीड़ा द्वारा हो चुका है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रकाशन की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं होनी चाहिए और यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी भू स्वामियों को उनकी भूमि के संबंध में सही जानकारी प्राप्त हो।

# मनकामेश्वर मंदिर ने श्रावण के दौरान पुजारियों और भक्तों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए

स्वतंत्र प्रभात



**प्रयागराज।** आम भक्तों के लिए ड्रेस कोड के संबंध में पहले जारी किए गए निर्देश के बाद, मनकामेश्वर महादेव मंदिर के प्रबंधन ने अब पुजारियों के आचरण के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं जो 11 जुलाई से शुरू होने वाले पवित्र श्रावण माह के दौरान यज्ञ और रुद्राभिषेक जैसे धार्मिक समारोह करेंगे। बैठक में पारित एक प्रमुख निर्देश अनुष्ठानों और मंदिर के कर्तव्यों के दौरान पुजारियों द्वारा गुटखा, पान और तंबाकू के सेवन पर सख्त प्रतिबंध है। इस नियम का उल्लंघन करते हुए पाए जाने वाले किसी भी पुजारी के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

महंत ब्रह्मचारी श्रीधरानंद महाराज के नेतृत्व में मंगलवार को आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में आगामी श्रावण मास की तैयारियों पर चर्चा की गई। मंदिर में धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान बनाए रखी जाने वाली पवित्रता और अनुशासन के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मंदिर प्रशासन ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे पदार्थों के प्रयोग से न केवल अनुष्ठानों की पवित्रता का अनादर होता है, बल्कि पवित्र मंत्रों के उच्चारण की स्पष्टता भी प्रभावित होती है, जिससे समारोहों की आध्यात्मिक प्रभावशीलता प्रभावित होती है। महंत श्रीधरानंद महाराज ने कहा, "वैदिक अनुष्ठानों की पवित्रता उन्हें करने वाले की भक्ति और अनुशासन पर निर्भर करती है। पान, गुटखा या तंबाकू का सेवन उचित उच्चारण में बाधा डालता है और आध्यात्मिक वातावरण को बिगाड़ता है। इसलिए इसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।" इस नियम का उल्लंघन करते हुए पाए जाने वाले किसी भी पुजारी के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। पहली बार अपराध करने पर उन्हें एक महीने के लिए मंदिर के कर्तव्यों से निलंबित कर दिया जाएगा और उन्हें प्रायश्चित करना होगा। दोबारा अपराध करने पर मंदिर से स्थायी रूप से निष्कासित कर दिया जाएगा। ये नियम विशेष अनुष्ठानों में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं पर भी लागू होंगे। इससे पहले, मंदिर ने श्रद्धालुओं के लिए ड्रेस कोड लागू किया था, जिसकी बैठक में पुनः पुष्टि की गई। पुरुष श्रद्धालुओं को धोती के साथ शर्ट या कुर्ता पहनना अनिवार्य है, जबकि महिला श्रद्धालुओं को साड़ी या सलवार सूट पहनना अनिवार्य है। इसी प्रकार, अनुष्ठान करने वाले पुजारियों को भी धोती और कुर्ता पहनना होगा। मंदिर प्रशासन ने यह भी निर्णय लिया है कि सभी पूजा और समारोह निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित किए जाएंगे। सभी नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए श्रावण के दौरान निगरानी के लिए एक अधिकारी नियुक्त किया जाएगा।

# फर्जी ईडी, सीबीआई और कोर्ट सुनवाई में फंसकर गंवा दिए एक करोड़ रुपये

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** डिजिटल अरेस्ट का सबसे बड़ा केस शाहजहांपुर- उत्तर प्रदेश पुलिस ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारी बनकर शाहजहांपुर निवासी एक व्यक्ति को 'डिजिटल अरेस्ट' करने और फर्जी ऑनलाइन अदालती कार्यवाही के जरिये एक करोड़ रुपये से अधिक की ठगी के मामले में बुधवार को सात लोगों को गिरफ्तार किया। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 60 वर्षीय शरद चंद को डिजिटल अरेस्ट करके उनसे एक करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम ठगने वाले गिरोह के सात सदस्यों सचिन, प्रशांत, गौतम सिंह, संदीप कुमार, सैयद सैफ, आर्यन शर्मा और पवन यादव को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की उम्र 20 से 28 साल के बीच है। उन्होंने बताया कि जालसाजों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 (धोखाधड़ी), 319 (प्रतिरूपण द्वारा धोखाधड़ी), 204 (सरकारी अधिकारी का रूप धारण करना) और आईटी अधिनियम की धारा 66 (सी) और 66 (डी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि आरोपियों ने चंद को धमकाया था कि उनके खिलाफ 2.8 करोड़ रुपये के अवैध लेनदेन की जांच की जा रही है। द्विवेदी ने बताया कि जालसाजों ने सबसे पहले छह मई को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई अधिकारी बनकर चंद से फोन पर संपर्क किया और कहा कि 2.8 करोड़ रुपये के अवैध लेनदेन की जांच जारी रहने तक उन्हें डिजिटल अरेस्ट में रखा गया है। उन्होंने बताया कि उसके बाद फर्जी तरीके से मामले की 'ऑनलाइन अदालत' में सुनवाई भी की गयी। द्विवेदी ने बताया कि मामले की डिजिटल 'सुनवाई' के दौरान नकली वकीलों और न्यायाधीशों ने शरद चंद को धमकाया और अंततः उन्हें 9 कथित 'वकीलों' के 40 बैंक खातों में एक करोड़ 40 हजार रुपये स्थानांतरित करने के लिए मजबूर किया। द्विवेदी ने बताया कि पीड़ित ने तथाकथित 'डिजिटल अरेस्ट' के समय किसी को सूचित नहीं किया। उन्होंने बताया कि बाद में धोखाधड़ी का एहसास होने पर चंद ने पुलिस को मामले की सूचना दी।

उन्होंने बताया कि मामले की जांच के दौरान पुलिस को मामले से जुड़े एक बैंक खाते में 9 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेनदेन का पता चला है। उन्होंने कहा कि उक्त खाता भी जांच के दायरे में है। 'डिजिटल अरेस्ट' साइबर धोखाधड़ी में इस्तेमाल किया जाने वाला एक हथकंडा है। इसमें शिकार बनाये गये लोगों को बताया जाता है कि वे डिजिटल माध्यमों से निगरानी या कानूनी हिरासत में हैं।

# दुलदुल का जुलूस निकाला गया

● फूलपुर हवेली के जामा मस्जिद से परंपरागत ढंग से निकला सातवीं मोहर्रम का बड़ा अलम।

राास्तों में शरबत, काफी और लंगर का भी किया गया इंतजाम।

स्वतंत्र प्रभात



**प्रयागराज।** नगर पंचायत फूलपुर में को सातवी मोहर्रम के अवसर पर परंपरागत ढंग से दुलदूल का बृहस्पतिवार कोजुलूस निकाला गया ,पूरे कस्बे में विभिन्न करतबों और मातम के साथ रास्ते भर नौहा पढ़ते हुए चलते रहे ,जुलूस की देखरेख के लिए प्रशासन भी मुस्तैद रहा,साथ ही इसमें गंगा जमुनी तहजीब भी देखने को मिली। हवेली के जामा मस्जिद से बड़ा अलम सुबह के 10 बजे निकला,बड़ा अलम निकाल करके मुल्लाना के इमामबाड़ा में पहुंचने के बाद दुलदुल निकाला गया, दुलदुल बदरूल हसन जैदी उर्फ इरफान के घर से निकाला गया, मुल्लाना से जुलूस अपने कदीमी रास्ते से कोहना होते हुए 2.30 बजे दिन कैथाना मोहल्ला के इमामबाड़ा पहुंचा।

कैथाने के मोतावल्ली खुर्शीद अकबर ने काफी का लंगर किया मो कामिल ने शरबत का लंगर किया मोहल्ले के अन्य लोगों द्वारा भी काफी जगह पर लंगर किया जाता रहा, दुलदुल को लोग किशमिश, दूध जलेबी, खिलाकर चादर चढ़ाकर लोग मन्नत भी मांगते नजर आए। सत्तर अहमद के नेतृत्व में जुलूस के आगे आगे हुसैनी अखाड़ा के करतबबाजों ने विभिन्न तरीकों से करतब रास्ते भर दिखाते रहे।

जुलूस कैथाने से निकलकर नई बस्ती से होकर मोहल्ला शुक्लाना, जाफरगंज, इस्माइलगंज, होता हुआ बानगी बाजार पहुंचा यहां पर अंजुमने अब्बासिया के लोगों ने नौहा पढ़ा,फिर मातम किया, जुलूस का इस्तेकबाल सजदा नशीन खुर्शीद रब्बानी ने किया मातम के बाद जुलूस बराईटोला, दुनियागंज, कर्नलगंज, जमीलाबाद, पूरा अच्छई, बाबूपुर, शेखपुरसे होकर रात में वापस मुल्लाना पहुंचेगा। जुलूस में बदरूल हसन जैदी,जलालत हुसैन उर्फ शेखू भाई, हाजी अंसार आलम, अकिल मो अरशद दानिश, सेराज अंसारी,रिजवान, शम्मू,ईशान जैदी, जमन, जेमी, नजम, अब्दुल्लाह मेंहदी, खुर्शीद अकबर, अरशद गुलरेज, गुड मैन, सलमान, सूफियान,जैद, इकबाल, मो. रूमी, तनवीर, ब्लागत हुसैन आदि लोग मौजूद रहें। जुलूस में प्रशासन भी मुस्तैदी से मौजूद रहा।

# नैनी सेंट्रल जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक का स्थानांतरण, अतीक के बेटे के पास रुपये मिलने पर कार्रवाई!

स्वतंत्र प्रभात



**प्रयागराज।** अतीक अहमद के बेटे अली अहमद की बैरक में पैसे मिलने के मामले में नैनी केंद्रीय कारागार के वरिष्ठ जेल अधीक्षक रंग बहादुर पटेल के खिलाफ कार्रवाई की गई है। रंग बहादुर का तबादला कर दिया गया है। उनके स्थान पर कासगंज में तैनात रहे विजय बहादुर सिंह को नैनी सेंट्रल जेल का नया वरिष्ठ जेल अधीक्षक बनाया गया है। विजय बहादुर ने चार्ज भी ले लिया है। इसके पहले भी एक महिला डिप्टी जेलर और मुख्य जेल वार्डर को निलंबित किया जा चुका है।

अतीक अहमद का बेटा अली केंद्रीय कारागार नैनी में बीते 30 जुलाई 2022 से बंद है। उमेश पाल हत्याकांड के बाद से अली की मुलाकात बंद हो चुकी है। सुरक्षा की दृष्टि से उसे हाई सिक्योरिटी सेल के एक कमरे में रखा गया है। यह बैरक तन्हाई बैरक के पास बनी है। अली से केवल उसके अधिवक्ता को ही मुलाकात करने की इजाजत है।

16 जून को अली अहमद से मुलाकात करने उसका अधिवक्ता पहुंचा था। जेल प्रशासन ने अली की तलाशी लेकर सेल के पास कमरे में अधिवक्ता से उसकी मुलाकात कराई थी। निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे के सामने उसकी मुलाकात कराई जाती है। अली की बैरक के पास सीसीटीवी कैमरे के साथ ही बंदी रक्षक 24 घंटे निगरानी करते हैं। अधिवक्ता से मुलाकात के बाद अली अपनी बैरक में चला गया। इस दौरान अधिवक्ता ने अली को नकद राशि दी थी। 17 जून को डीआईजी जेल को इसकी भनक लगी कि अली के पास नकदी है। इस पर वह शाम को जेल पहुंचे और अली के बैरक की तलाशी ली। जांच में अली के पास से 1100 रुपये मिले थे। मामले में डीआईजी जेल ने अपनी रिपोर्ट शासन को भेज दी। बुधवार शाम को रिपोर्ट के आधार पर डीजी जेल ने डिप्टी जेलर कांति देवी और हेड वार्डर संजय द्विवेदी को निलंबित कर दिया था।

# वरिष्ठ पत्रकार पर दर्ज मुकदमे के विरोध में पत्रकारों द्वारा प्रदर्शन के बाद पुलिस ने महिला को सकुशल किया बरामद

● फर्जी निकला अपहरण का मामला, बेटा ही निकला साजिशकर्ता

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** जनपद के वरिष्ठ पत्रकार रामबदन भार्गव और उनके भतीजे के खिलाफ महिला के अपहरण सहित गम्भीर धाराओं में दर्ज प्राथमिकी को लेकर पत्रकारों में जबरदस्त आक्रोश रहा। पत्रकारों ने इसे प्रेस की स्वतंत्रता पर सीधा हमला बताते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोला और कौशाम्बी न्यू प्रेस क्लब अध्यक्ष विमलेश शुक्ला, प्रेस क्लब के अध्यक्ष बृजेश गौतम एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया संरक्षक ओमनीश तिवारी व अध्यक्ष अली मुक्तजा के नेतृत्व में जिले भर से आए सैकड़ों पत्रकारों ने प्रदर्शन करते हुए ADM न्यायिक प्रबुद्ध सिंह और ASP राजेश कुमार सिंह को अपनी मांगो का ज्ञापन सौंपा था।

इस दौरान पत्रकारों ने मांग की थी कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती, तब तक पत्रकार और उनके परिजनों के खिलाफ किसी भी प्रकार की पुलिसिया कार्यवाही न की जाये। ज्ञापन में पत्रकारों ने चेतावनी भी दी थी कि यदि जांच के बाद पत्रकार दोषमुक्त पाये जाते हैं, तो उनके खिलाफ कोई भी कार्यवाही नहीं की जानी चाहिये। अधिकारियों ने निष्पक्ष जांच करने का आश्वासन दिया था। पत्रकारों के प्रदर्शन और पुलिस की सक्रियता से अपहृत महिला को पुलिस ने फतेहपुर जनपद के खागा से सकुशल बरामद कर लिया है,पुलिस महिला को सकुशल कौशाम्बी लाई और पूंछताछ में जुटी हुई है। वहीं महिला का बेटा ही इस साजिश में शामिल होना बताया जा रहा है। वहीं पर मुकदमे में आरोपित रहे वरिष्ठ पत्रकार रामबदन भार्गव ने इसे पत्रकारों की जीत बताई है। उन्होंने पत्रकारों और पुलिस प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें न्याय और सत्यता पर पूरा विश्वास है। उन्होंने कहा कि सत्य की सदैव जीत होती है।

# सिराथू सीएचसी में पहली बार हुआ बच्चेदानी का ऑपरेशन

● ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मिली नई उड़ान, दो महिलाओं की जिन्दगियों में लौटी मुस्कान

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से यह एक ऐतिहासिक दिन था, जब सिराथू स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (CHC) में पहली बार दो महिलाओं का Hysterectomy(सम्पूर्ण बच्चेदानी निकालने का ऑपरेशन) पूरी तरह सफल तरीके से किया गया। यह उपलब्धि न सिर्फ चिकित्सा तकनीक की प्रगति को दर्शाती है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के लिए जीवन की दुनिया में एक नई शुरुआत भी बन गई।

**ऑपरेशन ही नहीं हुआ बल्कि उम्मीद का द्वार खुला है-** इस महत्वपूर्ण चिकित्सा कार्य को अंजाम दिया छ्याष्ट सिराथू के अधीक्षक डॉ. अरुण तिवारी के नेतृत्व में एक समर्पित टीम ने कर दिखाया जिसमें सर्जन डॉ. आशीष कुमार, स्टाफ नर्स श्रीमती गीता देवी और फार्मासिस्ट श्री अजय सिंह शामिल रहे। यह पूरी टीम चिकित्सा सेवा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयासरत रही है। इस दौरान सफल आपरेशन होने पर दोनों महिलाओं का जिनका जीवन बदलाव आया है। श्रीमती रमई देवी (उम्र 40 वर्ष), पत्नी राजू, निवासी - फरीजायस का पुरवा, कोखराज

श्रीमती सुनीता देवी, पत्नी वीरन सिंह, निवासी - अटसराय दोनों महिलाएं लम्बे समय से गर्भाशय से जुड़ी जटिल समस्याओं से जूझ रही थीं। आज सुखद अनुभव हो रहा है। क्योंकि परिजनों की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण महंगे निजी अस्पतालों में ऑपरेशन कराना सम्भव नहीं था। लेकिन सिराथू सीएचसी की टीम ने न केवल उन्हें सही समय पर इलाज दिया, बल्कि पूरी तरह मुफ्त ऑपरेशन कर एक मिसाल भी पेश की है।

**क्या बोले डॉक्टर और मरीज-** अधीक्षक डॉ. अरुण तिवारी ने कहा, हमारा उद्देश्य यही है कि अब ग्रामीण जनता को बड़े शहरों की ओर नहीं भागना पड़े। हम छ्याष्ट स्तर पर ही जटिल ऑपरेशन करने को तैयार हैं। यह सिर्फ शुरुआत है। वहीं मरीजों के परिजन खुशी से भर उठे। श्रीमती रमई देवी के पति ने कहा- हमें उम्मीद नहीं थी कि गांव के अस्पताल में इतना बड़ा ऑपरेशन हो सकता है। हमारी पत्नी अब स्वस्थ हैं और ये हमारे लिए किसी चमत्कार से कम नहीं। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बना विश्वास का केन्द्र है जहां पर ऑपरेशन यह भी दिखाता है कि सरकारी अस्पतालों में भी अब भरोसा लौट रहा है। जहां पहले सिराथू सीएचसी केवल साधारण उपचारों तक सीमित था, आज वह विशेष ऑपरेशनों की श्रेणी में आ खड़ा हुआ है। ग्रामीण इलाकों में उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवा का पहुंचना आज भी चुनौती है। लेकिन सिराथू सीएचसी ने यह सिद्ध कर दिया कि अगर नीयत साफ हो और टीम समर्पित हो, तो कोई भी असम्भव लक्ष्य सम्भव बन सकता है। यह सिराथू ही नहीं बल्कि पूरे कौशाम्बी जिले के लिए एक गर्व और प्रेरणा की बात है।

# जिलाधिकारी ने की कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यो की समीक्षा

● आई.जी.आर.एस. की रिपोर्टिंग में लापरवाही बरतने पर उप निबन्धक चायल,अधिशासी अभियन्ता विद्युत चायल एवं सभी चकबन्दी अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने उदयन सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यो की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने आबकारी, परिवहन, वाणिज्यकर विद्युत, नगर-निकाय, खनन तथा स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन की समीक्षा के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति लाने तथा और अधिक प्रवर्तन कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को वर्षा के दृष्टिगत अपने नगर-निकायों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित बनाए रखने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदारों को आर.सी. वसूली में प्रगति लाने तथा एक सप्ताह में आर.सी का मिलान कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन कानूनगो एवं लेखपाल द्वारा जानबूझकर निर्विवाद वरासत को निरस्त कर दिया गया है, उन सभी कानूनगो एवं लेखपाल को चेतावनी जारी किया जाय तथा आगामी बार पुनः इस प्रकार की गलती पाई जाती है तो प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाय। जिलाधिकारी ने आई.जी.आर.एस. की समीक्षा के दौरान रिपोर्टिंग में लापरवाही बरतने पर उप निबंधक चायल, अधिशासी अभियन्ता विद्युत चायल एवं सभी चकबन्दी अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को राजस्व वादों के निस्तारण में अपेक्षित प्रगति लाने तथा जुलाई माह तक सभी तालाबों का पट्टा आवन्टन का कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने की जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

● जिलाधिकारी ने बीसीपीएम कौशाम्बी के विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज कराने के दिये निर्देश

प्रभारी चिकित्साधिकारियों को बीसीपीएम एवं बीपीएम के कार्यो की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आज उदयन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी चिकित्साधिकारियों को जिम्मेदारीपूर्वक अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश देते हुये कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने बीसीपीएम कौशाम्बी द्वारा आशा चयन में पैसे की मांग किये जाने का प्रकरण संज्ञान में आने पर नाराजगी प्रकट करते हुये आज सायं तक बी.सी.पी.एम. के विरुद्ध एफ.आई.आर. दर्ज कराने के निर्देश देते हुये कहा कि आज सायं तक एफ.आई.आर नहीं कराई जाती है तो प्रभारी चिकित्साधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही उन्होंने पूर्व में तैनात प्रभारी चिकित्साधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के भी निर्देश दिये। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि प्रत्येक ब्लॉक में कम से कम 05 ऐसे आशाओं को चिन्हित किया जाय, जिनके द्वारा ठीक प्रकार से कार्य नहीं किया जा रहा है, इन आशाओं को नोटिस देकर निकालने की कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रत्येक ब्लॉक में 02 ऐसे सी.एच.ओ. को चिन्हित किया जाय, जिनके द्वारा ठीक प्रकार से कार्य नहीं किया जा रहा है, उनके विरुद्ध भी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय।

जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि वी.एच.एस.एन.डी. सेशन पर सभी सम्बन्धित स्वास्थ्य कार्मिकों की उपस्थिति तथा आवश्यक उपकरण सुनिश्चित किया जाय तथा अधीनस्थों के साथ बैठक कर स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए प्रगति सुनिश्चित किया जाय। मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाय। क्षेत्र भ्रमण अवश्य किया जाय। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों एवं आशाओं के भुगतान में भी प्रगति तथा परिवार कल्याण कार्यक्रमों में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारियों को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक से पूर्व अपने ब्लॉक में बैठक कर स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं पर विशेष ध्यान दिया जाय।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी ने हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की देखभाल के लिए अधिकारियों को गोद दिए जाने का सुझाव दिया, जिस पर जिलाधिकारी ने हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को अधिकारियों को दिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानक तय करते हुए प्रत्येक विकास खण्ड में शून्य से 3 वर्ष आयु के 500 बच्चों को चिन्हित किया जाय तथा आकांक्षात्मक विकास खण्डों में शत-प्रतिशत बच्चों को चिन्हित किया जाय, ताकि इन बच्चों को एचबीवाईसी किट दिया जा सके। उन्होंने यूनिसेफ एवं डब्लूएचओ के प्रतिनिधियों से कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान आमजन को स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं टीकाकरण के प्रति जागरूक किया जाय। उन्होंने कहा कि स्टाफ नर्स एवं ए.एन.एम. को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर ही समुचित प्रशिक्षण दिया जाय। उन्होंने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को एम.सी.पी. कार्ड का अवलोकन करने तथा पाई गयी कमियों को दूर कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने चिन्हित किए गये कुपोषित बच्चों की सूची ब्लाक वार उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन सब-सेंटरों पर ए.एन.एम. का पद रिक्त है, उन सभी सब-सेंटरों की सूची उपलब्ध कराई जाय। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को बीसीपीएम एवं बीपीएम के कार्यो की नियमित मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना की प्रगति की समीक्षा के दौरान लक्ष्य निर्धारित कर आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के कार्य में तेजी से प्रगति लाने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार प्राचार्य डॉ0 हरिओम कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### आबा जनभागीदारी अभियान के आलोक में बनियापसार एवं राजपोखर में लाभुक शिविरों का किया गया आयोजन



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्ड-** पाकुड़िया प्रखंड अंतर्गत बनियापसार एवं राजपोखर पंचायत सचिवालयों में 4 जुलाई को आबा जनभागीदारी अभियान के तहत शिविरों का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बनर्जी की अध्यक्षता में विधिवत सम्पन्न हुआ। आयोजित जनभागीदारी शिविरों में सहायक अभियंता रोहित कुमार गुप्ता, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी जगदीश पंडित, पंचायत सचिव, मुखिया, रोजगार सेवक, आंगनवाड़ी सेविकाएं, लाभुक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। आयोजित शिविरों में बीडीओ सोमनाथ बनर्जी ने बताया कि राज्य व केंद्र सरकारों की योजनाओं के तहत पीएम आवास, स्वास्थ्य, आधार पंजीकरण, उज्वला, सुकन्या समृद्धि योजना को आदिवासियों को लाभान्वित कराने के लिए क्रियान्वित किया जा रहा है। आयोजित शिविरों में स्वच्छता एवं नशामुक्ति की शपथ भी बीडीओ ने दिलाई।

### विधायक ने नरैना प्राथमिक विद्यालय में बाउंड्री वॉल का किया शिलान्यास



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड-** बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने शुक्रवार को पाण्डेयबारा पंचायत के प्राथमिक विद्यालय नरैना में विद्यालय की चाहरदिवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। शिलान्यास समारोह को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा, बच्चों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्राथमिक विद्यालय नरैना में चाहरदिवारी के निर्माण से न केवल छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि उन्हें एक सुरक्षित और बेहतर माहौल मिलेगा, जहां वे बिना किसी चिंता के अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। उन्होंने आगे कहा कि उनकी प्रतिबद्धता बरही विधानसभा क्षेत्र के हर कोने में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने और सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने की है। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, स्थानीय मुखिया रेखा देवी, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, पूर्व मुखिया अनिल पांडेय, भाजपा नेता अशोक सिंह, रामबिलास राम, गुंजन सिंह, छोटू चंद्रवंशी, कमलेश सिंह, गौरी साव, गणेश साव, बासुदेव साव, धीरज प्रजापति, प्रेम यादव, छत्रधारी यादव, डॉ बीके यादव, दयानिधि पांडेय सहित अन्य लोग शामिल हुए।

### समस्तीपुर कॉलेज रसायन विभाग के प्रमोद कुमार मिथिला विश्वविद्यालय के लिए संयुक्त मंत्री पद पर निर्वाचित.



**बिहार** राज्य विश्वविद्यालय और महाविद्यालय कर्मचारी संघ के 28वें महाधिवेशन में नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। इस दौरान समस्तीपुर कॉलेज, समस्तीपुर के रसायन विभाग के प्रयोगशाला प्रभारी (ग्रेड-2) प्रमोद कुमार को ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के लिए संयुक्त मंत्री पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया। इस उपलक्ष्य में 4 जुलाई (शुक्रवार) को समस्तीपुर कॉलेज परिसर में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. मीणा प्रसाद, डॉ. सत्यम कुमार, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. अनिल सिंह, शशि शेखर, दीपक कुमार, गौरव विकास, मुकेश कुमार सिंह सहित दो दर्जन से अधिक शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने प्रमोद कुमार को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि वह आने वाले समय में कर्मचारियों की आवाज को मजबूती से विश्वविद्यालय स्तर तक पहुँचाएंगे और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संघर्षरत रहेंगे। इस अवसर पर कॉलेज में सामूहिक भोज का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी शामिल हुए।

# हाथी के हमले ने छीना बेटा, मुन्ना सिंह ने थामा परिजनों का हाथ, मुआवज़ा दिलाने में निभाई सक्रिय भूमिका

स्वतंत्र प्रभात



**हजारीबाग, झारखंड-** हजारीबाग ज़िले के बहेरी पंचायत अंतर्गत हरिजन टोला निवासी रंजीत कुमार दास की असमय मृत्यु ने पूरे इलाके को शोक और पीड़ा में डुबो दिया है। शुक्रवार की सुबह जब रंजीत शौच के लिए गुड़वा जंगल गया था, तभी जंगली हाथी के अचानक हमले में उसकी मृत्यु हो गई। यह हृदयविदारक घटना न केवल एक परिवार को उजाड़ गई, बल्कि पूरे समाज को मानव और वन्यजीव के बीच बढ़ते संघर्ष की भयावहता का एहसास भी करा गई। घटना की सूचना मिलते ही कांग्रेस पार्टी के सदर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी और नगर निगम प्रभारी मुन्ना सिंह मौके पर पहुँचे। जहां उन्होंने पूरे घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया और मृतक के परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की। मौके पर बहेरी पंचायत के मुखिया पप्पू यादव और सखियां पंचायत के मुखिया इम्तियाज आलम भी मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में पीड़ित परिवार को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। मुन्ना सिंह ने वन विभाग और मुफ्फसिल थाना को त्वरित रूप से सूचित कर राहत और बचाव कार्यों को गति देने का आग्रह किया। उन्होंने शव को सदर अस्पताल भिजवाकर पोस्टमार्टम की तत्काल व्यवस्था कराई और अधिकारियों से बात कर ?50,000 की तात्कालिक मुआवज़ा राशि पीड़ित परिवार को उपलब्ध कराई। उन्होंने स्पष्ट किया कि शेष मुआवज़ा राशि भी जल्द से जल्द परिवार को दी जाएगी। मौके पर पत्रकारों से बातचीत में मुन्ना सिंह जी ने कहा कि यह केवल एक प्राकृतिक दुर्घटना नहीं है, बल्कि एक प्रशासनिक और पारिस्थितिकीय चेतावनी भी है। उन्होंने कहा कि वन्यजीवों और इंसानों के बीच बढ़ते टकराव को अब गंभीरता से लिया जाना चाहिए। सरकार से मैं आग्रह करता हूं कि ऐसी घटनाओं पर त्वरित, मानवीय और संवेदनशील प्रतिक्रिया देनी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि वे स्वयं इस मामले में निगरानी करते रहेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि रंजीत के परिवार को न्याय, आर्थिक सहायता और सामाजिक सम्मान मिल सके। सिंह ने यह भी माँग की कि जंगल से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में रहनेवाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस योजनाएँ बनाई जाएँ। चेतावनी प्रणाली, सुरक्षा दीवारें, वन निगरानी टीमों और पंचायत प्रतिनिधियों को शामिल करते हुए एक समन्वित रणनीति बनाई जानी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# अवेयरनेस फाउंडेशन फॉर एनवायरनमेंट एंड स्किल डेवलपमेंट, कोलकाता और श्री विश्वकर्मा वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम संपन्न

**● रांची में 15 दिवसीय जीवन कौशल और ग्रीन सेक्टर प्रशिक्षण आयोजित**

स्वतंत्र प्रभात




**रांची, झारखंड-** आधुनिक दौर में युवाओं को न केवल शिक्षा की बल्कि व्यावहारिक जीवन कौशल एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण की भी आवश्यकता होती है। इसी सोच को साकार करने हेतु अवेयरनेस फाउंडेशन फॉर एनवायरनमेंट एंड स्किल डेवलपमेंट, कोलकाता द्वारा प्रायोजित और श्री विश्वकर्मा वेलफेयर सोसाइटी रांची के पूर्ण सहयोग से सर्वप्रथम 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन कैपेसिटी बिल्डिंग एंड एडोलिसेंस स्किल प्रोग्राम ओं लाइफ स्किल एंड करियर काउंसलिंग इन ग्रीन इंडस्ट्रीज के अंतर्गत चलाए गया, जिसका उद्देश्य किशोरियों को जीवन कौशल, हरित उद्योग में करियर विकल्प और व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है। इस प्रशिक्षण का आयोजन रातू प्रखंड के सिमरिया स्थित एक्सीलेंट पब्लिक स्कूल में किया गया जहां छात्रों को विशेष रूप से सोलर पैनल आधारित उपकरणों के निर्माण एवं संचालन की जानकारी दी गई। इस अवसर पर कोलकाता से आई विशेषज्ञ प्रशिक्षक संगीता सेन एवं प्रमीता पलीत ने छात्रों को सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक रूप से प्रशिक्षण दिया। श्री विश्वकर्मा वेलफेयर सोसाइटी के सचिव विक्रांत विश्वकर्मा ने जानकारी दी की संस्था युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है उन्होंने कहा कि अवेयरनेस फाऊंडेशन फॉर एनवायरमेंट एंड स्किल डेवलपमेंट भारत में इंडो एंड जर्मन ग्रीन स्किल्स प्रोग्राम कार्यान्वित करने हेतु साझेदार संस्था है। यह पहल भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के परियोजनाओं के सहयोग से संचालित की जा रही है। यह कार्यक्रम युवकों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि इसे प्रभावी बनाने में सोसाइटी के उपाध्यक्ष विद्यानंद विद्यार्थी, कोषाध्यक्ष उदय कुमार, कार्यक्रम समन्वयक भीम शर्मा , अंकित विश्वकर्मा एवं पार्थो प्रतिम मित्र का विशेष योगदान रहा , स्कूल प्रबंधक कार्तिक विश्वकर्मा और प्रधानाध्यापक और श्रीमती शोभा कुमारी का इस कार्यक्रम में भरपूर सहयोग मिला जिससे आयोजन को और भी सशक्त रूप से सफल किया गया।

# सीपीआई के वरिष्ठ नेता कामरेड जीतू महतो को श्रद्धांजलि

**● पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने उनके योगदान को बताया अमूल्य**

स्वतंत्र प्रभात



**हजारीबाग, झारखंड-** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वयोवृद्ध नेता, जन आंदोलनों के सजग प्रहरी और सामाजिक न्याय के लिए जीवनभर संघर्षरत रहे कामरेड जीतू महतो के निधन पर पार्टी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। झारखंड विस्थापित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद सह सीपीआई के वरिष्ठ नेता भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, झारखंड राज्य किसान सभा के महासचिव एवं आंदोलनकारी नेता पुष्कर महतो तथा रांची जिला मंत्री व कार्यालय सचिव कामरेड अजय कुमार सिंह ने कामरेड जीतू महतो के निधन को पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। कामरेड भूवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, झारखंड राज्य परिषद की ओर से हम कामरेड जीतू महतो के योगदान को सादर नमन करते हैं और उन्हें क्रांतिकारी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। कहा कि कामरेड जीतू महतो और कामरेड मंजूर हसन खान ने महाजनी जुल्म के खिलाफ ऐतिहासिक आंदोलन की शुरुआत की थी। वे हर जन आंदोलन में कंधे से कंधा मिलाकर साथ रहे। 1966 से लेकर अंतिम दिनों तक वे पार्टी की बैठकों में नियमित रूप से भाग लेते रहे। जब भी मुलाकात होती थी, पार्टी और जनहित के मुद्दों पर गंभीर चर्चा करते थे। वे पार्टी के सच्चे, कर्मठ और ईमानदार सिपाही थे। उनके आदर्शों को आत्मसात कर पार्टी कार्यकर्ताओं को जनहित के मुद्दों पर संघर्ष को तेज करना चाहिए यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व मुखिया महेंद्र राम, निजाम अंसारी, अधिवक्ता शंभू कुमार, शौकत अनवर, समीम खान, मस्जिद अंसारी, खतियानी परिवार के केंद्रीय महासचिव मो. हकीम एवं अशोक राम प्रमुख रूप से शामिल थे।

# भल्ब खराब, लाखों लीटर स्वच्छ पीने का पानी सड़क पर बह कर हुआ बर्बाद : सीटू

स्वतंत्र प्रभात



**हजारीबाग, झारखंड-** सीपीएम के जिला सचिव गणेश कुमार सीटू ने आयुक्त, नगर निगम, हजारीबाग को पत्र लिखकर यह जानकारी दी है की आज सुबह लगभग पाँच बजे छठ तालाब के पास टावर नंबर एक का सप्लाई भल्ब खराब हो जाने के कारण जहां एक ओर आज सप्लाई का पानी नहीं चला वहीं दूसरी ओर लाखो लीटर स्वच्छ पीने का पानी सड़क पर बहते हुए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के अस्पताल के रास्ते मुख्य नाला में जा मिला। टावर नंबर 1 से शहर के बड़े इलाका पूरा मेंन रोड, नूरा, ओकनी, नवाबगंज, खिरगांव पुल के इस पार सहित कई इलाकों में इस टावर से पानी जाता है लेकिन उचित देखरेख के अभाव में आम जनता को पीने का पानी के लिए परेशान होना पड़ता है। नगर निगम के अधिकारी जो पानी सप्लाई को देखते हैं उनको सुबह ही फोन करके इसकी जानकारी गणेश कुमार सीटू ने दी गई पर 1:00 बजे दिन तक कोई कार्रवाई हुई नहीं और पानी बहता रहा। जब से पानी सप्लाई का जिम्मा ठेकेदार को दिया गया है तब से आए दिन पानी के सप्लाई में बाधा होते रहता है। पत्र की प्रति उपायुक्त, हजारीबाग को मिलकर सीटू ने दिया इस पर उपायुक्त ने तुरंत नगर निगम को फोन कर भल्ब ठीक करने का आदेश दिया। पत्र में गणेश कुमार सीटू ने शहर वासियों के हित में आग्रह किया है कि तत्काल इसको ठीक किया जाए ताकि कल शहर वासियों को पानी मिल सके अगर इसे ठीक नहीं किया जाएगा तो पार्टी जिला कमेटी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

# ट्रैक्टर पलटने से एक युवक की दर्दनाक मौत

स्वतंत्र प्रभात

**रायबरेली-** बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुशल खेड़ा से नउवा खेड़ा ट्रैक्टर ट्राली से धान की नर्सरी लादकर लवकुश पुत्र इंदल खेत की और लेकर जा रहा था तभी अचानक रास्ता खराब होने से ट्रैक्टर पलट गया। लवकुश पुत्र इंदल निवासी कुशल खेड़ा की मौके पर सुबह लगभग 7:00 बजे मौत हो गई कुशल खेड़ा के ग्रामीणो का कहना है कि रास्ता बहुत खराब है जबकि कई बार रास्ता खराब होने की शिकायत तहसील के अधिकारियों को दी जा चुकी है उसके बावजूद भी रास्ता अभी तक खराब है रास्ता खराब होने से लवकुश की मृत्यु ट्रैक्टर पलटने से हो गई है।

# मार्खम कॉलेज में एक दिवसीय सेमिनार संपन्न

**● 1912 से 1922 का दशक भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का महत्वपूर्ण निर्णायक काल : डॉ जावेद आलम**

स्वतंत्र प्रभात



**हजारीबाग, झारखंड-** मार्खम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के इतिहास विभाग के तत्वाधान में 'बिहार में स्वतंत्रता आंदोलन की सामाजिक पृष्ठभूमि (1912-1922)' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कॉलेज परिसर के बीसीए विभाग के सभा कक्ष में आयोजित इस सेमिनार में विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और शोधार्थियों की उत्साहजनक सहभागिता देखने को मिली।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ संध्या प्रेम ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में कॉलेज की प्रधानाचार्या ने कहा कि इतने महत्वपूर्ण विषय पर कॉलेज के इतिहास विभाग द्वारा सेमिनार के आयोजन से विद्यार्थी बिहार में स्वतंत्रता आंदोलन की सामाजिक पृष्ठभूमि को भली भांति समझ पाएंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम न सिर्फ विद्यार्थियों की ऐतिहासिक समझ को समृद्ध करते हैं, बल्कि उन्हें सामाजिक दायित्वों के प्रति भी जागरूक बनाते हैं। संगोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के इतिहास विभाग के प्रोफेसर डॉ जावेद आलम ने बिहार में 1912 से 1922 के दौरान स्वतंत्रता आंदोलन के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक पक्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला।उन्होंने बताया कि यह दशक भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का अत्यंत निर्णायक काल था, जब गांधी जी के नेतृत्व में असहयोग आंदोलन की नींव रखी गई। बिहार में नील विद्रोह, चंपारण सत्याग्रह तथा कृषक आंदोलनों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों ने स्वतंत्रता संघर्ष में सक्रिय भागीदारी की। उन्होंने यह भी बताया कि इस कालखंड में समाज में जागरूकता बढ़ी और महिलाओं, किसानों, छात्रों तथा स्थानीय नेतृत्व ने भी आंदोलन को जनांदोलन का स्वरूप प्रदान किया। संगोष्ठी में विनोबा भावे विश्वविद्यालय इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ हितेंद्र अनुपम ने भी विषय पर चर्चा की। कार्यक्रम में मंच संचालन इतिहास विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ अमृता एक्का व धन्यवाद ज्ञापन कॉलेज के प्रोफेसर इंचार्ज डॉ श्याम किशोर सिंह ने की।संगोष्ठी में मुख्य रूप से विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ कौशल कुमार, कॉलेज के शिक्षकगण व इतिहास विभाग के शोधार्थी और विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# सामाजिक चेतना और युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद को सार्वजनिक पुस्तकालय में दी गई श्रद्धांजलि

**● स्वामी विवेकानंद आज भी युवाओं के पथप्रदर्शक है : रमेश ठाकुर**

स्वतंत्र प्रभात

**बरही-** बरही प्रखंड परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद सार्वजनिक पुस्तकालय में शुक्रवार को महान चिंतक, राष्ट्रनिर्माता और युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन और उनके आदर्शों को स्मरण करते हुए उपस्थित जनों ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सार्वजनिक पुस्तकालय समिति के उपाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद दुबे ने की, जबकि कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। रमेश ठाकुर ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को साझा करते हुए कहा कि विवेकानंद आज भी युवाओं के पथप्रदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने जिस मजबूत राष्ट्र का सपना देखा था, उसे साकार करने की जिम्मेदारी आज की युवा पीढ़ी के कंधों पर है। उपाध्यक्ष महेंद्र दुबे ने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व, उनके जीवन दर्शन, भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार और सामाजिक सुधारों में उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि विवेकानंद के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उनके जीवनकाल में थे। उन्होंने युवाओं से उनके विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शिवा निषाद, बाबूलाल यादव, मनोज मुखिया, सचिन यादव, मनितोष यादव, रघु मोदी, सहदेव शर्मा, धनेश्वर यादव, दीपक भगत, ज्योतिष यादव, बीरेंद्र सिंह, नकुल राणा और शंभू माली समेत कई स्थानीय बुद्धिजीवी, समाजसेवी और पुस्तकालय समिति के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। सभा के अंत में स्वामी विवेकानंद के विचारों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने और युवाओं को उनके पदचिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित करने का संकल्प दोहराया गया।.

# मुहर्रम-2025 के अवसर पर अनुमंडल क्षेत्र में शांति एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु निषेधाज्ञा जारी

स्वतंत्र प्रभात




**हजारीबाग-** उपायुक्त हजारीबाग एवं पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के संयुक्त आदेशानुसार अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, हजारीबाग द्वारा मुहर्रम-2025 के अवसर पर शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा आदेश जारी किया गया है। यह आदेश 4 जुलाई 2025 से 8 जुलाई 2025 की रात्रि 10 बजे तक प्रभावी रहेगा। निषेधाज्ञा आदेश के तहत जिला दंडाधिकारी से अनुमति के उपरांत ही धार्मिक जुलूस निकाला जाएगा। पूर्व से रिकॉर्ड किए गए संगीत/डीजे बजाना निषिद्ध रहेगा। सभी धार्मिक स्थलों (मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारा आदि) में किसी प्रकार की धार्मिक कार्यक्रम, सभा, गोष्ठी, जलसा आदि का आयोजन निषेध रहेगा। संध्या 10 बजे के बाद कोई भी धार्मिक जुलूस नहीं निकाला जाएगा। मुहर्रम पर्व के अवसर पर व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भड़काऊ भाषण/शब्द/मैसेज/ऑडियो/वीडियो आदि प्रसारित करना वर्जित रहेगा। उल्लंघन की स्थिति में संबंधित व्यक्ति/एडमिन पर सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। किसी भी प्रकार का अफवाह फैलने पर उस स्थान पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी पूरी कर्मठता एवं विवेक से उसे निपटने हेतु द्रुतगामी उपलब्ध स्थान से वरीय पदाधिकारी को सूचित करेंगे। यह निषेधाज्ञा प्रतिनियुक्त पुलिस बल, सरकारी कर्मियों, शाही विवाह, शव यात्रा आदि पर लागू नहीं होगी। निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी शामिल है। यह आदेश सदर, अनुमंडल क्षेत्र में शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से लागू किया गया है। सभी नागरिकों से सहयोग की अपील की जाती है ताकि मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

# मोहर्रम पर्व को लेकर बरही पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में, विधि-व्यवस्था को लेकर किया निरीक्षण

**● एसडीओ, एसडीपीओ समेत पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी रहे मौजूद**

स्वतंत्र प्रभात

**बरही, झारखंड-** मोहर्रम पर्व को लेकर बरही पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क और तैयार नजर आ रहा है। शुक्रवार को बरही अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू के नेतृत्व में बरही चौक एवं आस-पास विधि-व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने जुलूस के संभावित मार्ग, भीड़ प्रबंधन, साफ-सफाई और सुरक्षा की दृष्टि से जरूरी बिंदुओं की गंभीरता से जांच की। निरीक्षण के दौरान बरही डीएसपी अजीत कुमार विमल, सीओ अमित किस्कू, बरही थाना प्रभारी आभास कुमार सहित अन्य मौजूद रहे। एसडीओ जोहन टुडू ने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी मुस्तैदी से तैनात रहेगी। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को बिजली, पानी, साफ-सफाई एवं ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। एसडीओ ने कहा कि मोहर्रम मुस्लिम धर्मावलंबियों का प्रमुख त्योहार है, ऐसे में हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो। वहीं डीएसपी अजीत कुमार विमल ने अपील की है कि स्थानीय नागरिक, समाजसेवी और ताजिया कमेटियां प्रशासन को पूरा सहयोग दें, ताकि पर्व शांतिपूर्ण और भव्य रूप में सम्पन्न हो सके।

# समस्तीपुर में समझौते से इनकार पर अधेड़ पर जानलेवा हमला, सर्जिकल ब्लेड से गला रेतने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात



**समस्तीपुर जिले** के वारिसनगर थाना क्षेत्र से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहाँ पुरानी दुश्मनी और कोर्ट केस के चलते एक अधेड़ व्यक्ति पर जानलेवा हमला किया गया। यह मामला न केवल आपसी रंजिश को उजागर करता है, बल्कि कानून व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। घटना वारिसनगर थाना अंतर्गत बरियारपुर गांव की है, जहाँ स्वर्गीय फुल प्रताप सिंह के बेटे पंकज सिंह पर उस समय सर्जिकल ब्लेड से हमला किया गया जब वह आम तोड़ने के बहाने स्कूल के पीछे ले जाए गए। पीड़ित के भाई मनोज सिंह के अनुसार, पंकज सिंह पर हमला करने का आरोप महेश सिंह और उसके बेटे बजरंगी सिंह पर है। बताया गया कि इन लोगों से पहले से पारिवारिक विवाद चल रहा था, और पिछले महीने भी मारपीट और घर में आगजनी की घटना घट चुकी थी। उस मामले में एफआईआर दर्ज है और कोर्ट में मामला विचाराधीन है।

**साजिश के तहत किया गया हमला:** मनोज सिंह ने दावा किया कि महेश सिंह व उसके बेटे ने पंकज को आम तोड़ने के बहाने बुलाया और स्कूल के पीछे शराब पिलाकर केस वापस लेने का दबाव बनाया। जब पंकज ने समझौते से इनकार किया, तो बजरंगी ने सर्जिकल ब्लेड से उनकी गर्दन पर वार कर दिया। खून से लथपथ पंकज को हमलावर मरा समझकर मौके से भाग निकले। किसी तरह पंकज सिंह घायल अवस्था में थाना पहुंचे, जहां से उन्हें पीएचसी और फिर सदर अस्पताल भेजा गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया।

**थाना अध्यक्ष की पुष्टि:** वारिसनगर थानाध्यक्ष निरंजन कुमार ने बताया कि यह हमला आपसी पुरानी रंजिश का परिणाम है। मामले में आरोपी बजरंगी कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे जेल भेजने की प्रक्रिया चल रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### बीआरसी रामनगर में मेडिकल असेसमेंट कैम्प हुआ सम्पन्न



**जौनपुर** रामनगर सर्व शिक्षा अभियान में समेकित शिक्षा के अंतर्गत डॉ गोरखनाथ पटेल के निर्देशन में जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शशिधर उपाध्याय की देख रेख में बीआरसी रामनगर में खण्ड शिक्षा अधिकारी सुभाष गुप्ता की उपस्थिति में मेडिकल असेसमेंट कैम्प का आयोजन हुआ जिसमें जिले से डॉक्टर टीम में हड्डी रोगी विशेषज्ञ डॉ अजय सिंह नेत्र रोग विशेषज्ञ शेष कुमार मिश्रा ई एन टी रोग विशेषज्ञ बृजेश कन्नौजिया मनोचिकित्सक रामप्रकाश ऑडियोलाजिस्ट सुरेन्द्र कुमार जिला फिजियोथैरेपिस्ट डॉ पी डी तिवारी रहे कुछ 51 बच्चों ने प्रतिभाग किया 30 बच्चों का डॉक्टर टीम द्वारा प्रमाण पत्र बनाया गया 11 बच्चों को जिला अस्पताल रेफर किया 10 बच्चों को कैंसिल किया गया गया जॉच के उपरान्त दिव्यांग बच्चों को लंच दिया गया डॉ पी डी तिवारी ने बताया कि सभी बी आर सी में मेडिकल असेसमेंट कैम्प लगेगा यह पहला कैम्प है मौके पर विशेष शिक्षक रमेश चन्द्र मौर्या, सीमा सिंह रमाशंकर सिंह, विवेक सिंह,रेनू पटेल उपस्थित रहे।

### मंडल रेल प्रबंधक ने मुडिया मेला की तैयारियों को परखा

**मंडल रेल प्रबंधक आगरा ने किया मथुरा जं. स्टेशन का निरीक्षण**



**मथुरा।** मंडल रेल प्रबंधक आगरा तेज प्रकाश अग्रवाल द्वारा आगामी मुंडिया पूर्णिमा मेला को देखते हुए रेल अधिकारियों के साथ मथुरा जंक्शन स्टेशन का निरीक्षण किया। मंडल रेल



**मंडल रेल प्रबंधक आगरा तेज प्रकाश अग्रवाल मुंडिया पूर्णिमा मेला को लेकर की गई तैयारियों का जायजा लेते हुए।**

प्रबंधक द्वारा अपने निरीक्षण की शुरुआत आगरा से विंडो ट्रेलिंग माध्यम से की गयी। इसके उपरांत मथुरा जंक्शन स्टेशन पर आगामी मुड़िया पूर्णिमा मेला को देखते हुए रेल अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया व यात्री सुविधाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो, जिसको लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। इसके लिए श्रद्धालुओं, यात्रियों के लिए अतिरिक्त ट्रेनें चलाई जाएंगी, स्टेशन पर अतिरिक्त टिकट काउंटर खोले जाएंगे, यात्री शेड बनाए गए है। इस बार मुड़िया मेला 05 जुलाई से 12 जुलाई 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। साथ ही श्रद्धालुओं को नियंत्रित व सुरक्षित यात्रा करने के लिए व्यापक स्तर पर इंतजाम किए गए है। मथुरा जंक्शन स्टेशन पर गुरु पूर्णिमा मेला की तैयारियों से संबंधित विषयों पर प्रेस वार्ता की जिसमें मेला से संबंधित विस्तृत जानकारी साझा की। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक तेज प्रकाश अग्रवाल के साथ उप मुख्य इंजीनियर गति शक्ति होतम सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हृषिकेश मौर्य, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक समन्वय कुलदीप मीना, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त पी. राज मोहन, सीनियर डीएमई ओ एफ विक्रम सिंह कोहली, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर प्रथम विवेक बजाज, मंडल वाणिज्य प्रबंधक बीएस चौहान, मंडल परिचालन प्रबंधक जनसंपर्क अधिकारी कु.प्रशस्ति श्रीवास्तव, मथुरा स्टेशन निदेशक एनपी सिंह एवं अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चौकी खुलने से आपराधिक गतिविधियों पर लगेगा अंकुश- एसपी

**● बोले- सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी, आम जनमानस में पुलिस प्रति बढ़ेगा विश्वास**

**स्वतंत्र प्रभात**



**खेतासराय(जौनपुर)।** पुलिस अधीक्षक ने नवनिर्मित पुलिस चौकी का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में अपराध व अपराधियों पर लगाम कसने में चौकी सहायक सिद्ध होगी। शुक्रवार दोपहर तीन बजे पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ अपने काफिले के साथ नगर के मुख्य चौराहे पर पहुंच गए।यहां उन्होंने नवनिर्मित पुलिस चौकी का फीता काटकर उद्घाटन किया तथा एक कार्यक्रम को संबोधित भी किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस और जनता एक दूसरे के पूरक हैं। इसीलिए दोनों को ही आपस मे सामंजस्य बनाकर एक दूसरे की मदद करनी चाहिए। ऐसा होने से आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि पुलिस चौकी के स्थापित होने के बाद नगरवासियों और नेशनल हाईवे से गुजरने वाले लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। इसके अलावा एसपी ने पुलिस कर्मियों को निर्देशित कर महिला संबधित अपराधों पर तुरंत संज्ञान लिए जाने हेतु आदेश दिया। साथ ही चौकी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एएसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव ने यूपी पुलिस हमेशा तत्पर है, अब यहाँ चौकी बन जाने से निश्चत ही अपराध पर नियंत्रण के साथ ही आमजनता का पुलिस से जुड़ाव स्थापित होगा।

इस मौक़े पर एसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव, डिप्टी एसपी शाहगंज अजीत सिंह चौहान, एसडीएम कुणाल गौरव, थानाध्यक्ष रामाश्रय राय, कस्बा चौकी इंचार्ज मोहम्मद तारिक अंसारी, उप निरीक्षक अनिल पाठक, लल्लू सिंह, हेड कांस्टेबल संजय पांडेय, नफीस अहमद, अम्बिका यादव, राजकुमार यादव, कांस्टेबल बृकेश यादव, अंकुश सिंह, शुभम त्यागी, महिला कांस्टेबल अंतिमा सिंह, बिंदू, आशा गुप्ता सहित आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**ड्रोन कैमरे के साथ एसपी ने क़स्बे में किया पैदल गश्त**

खेतासराय(जौनपुर)। पुराने थाने के कैम्प्स में पुलिस चौकी के भवन का लोकार्पण करने के पश्चात नेशनल हाईवे पर स्तिथ अतिसंवेदनशील कस्बे का एसपी डॉ. कौस्तुभ के साथ भारी पुलिस बल पैदल भ्रमण किया। दसवीं मोहर्रम के मद्देनजर उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का हॉल जाना। इस दौरान ड्रोन कैमरे से संवेदनशील स्थानों को जायजा लिया। इस दौरान पुलिस ने पीस कमेटी और आमजन से गुफ़्तगू भी की। उन्होंने आश्वस्त किया कि क़ानून को हाथ मे लेने वालों को बख्शा नही जाएगा।

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद तहसील अध्यक्ष बृज लाल चौरसिया का माफीनामा

**● थाने में हाथ जोड़कर मांगी माफी, वीडियो हुआ वायरल**

**स्वतंत्र प्रभात**



**जौनपुर (रामपुर)।** मड़ियाहूं तहसील क्षेत्र के एक संगठन के तहसील अध्यक्ष व एक न्यूज पोर्टल के संपादक तथा पेशे से अधिवक्ता बृज लाल चौरसिया इन दिनों गंभीर विवादों में घिर गए हैं। उन पर आरोप है कि उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से ब्राह्मण समाज की एक महिला के खिलाफ आपत्तिजनक और अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया। इस मामले के तूल पकड़ने के बाद बृज लाल चौरसिया को रामपुर थाने में बुलाया गया, जहां थाना प्रभारी व पुलिस स्टाफ तथा ब्राह्मण समाज के दर्जनों लोगों की मौजूदगी में उन्हें हाथ जोड़कर माफी मांगनी पड़ी। उनका यह माफीनामा वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो लगभग तीन दिन पुराना है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि किस तरह चौरसिया समुदाय विशेष की भावनाएं आहत करने के आरोपों के चलते दबाव में आकर सार्वजनिक रूप से क्षमा याचना करते नजर आ रहे हैं। इस प्रकरण को लेकर स्थानीय पत्रकारिता और सामाजिक हलकों में भी तीखी प्रतिक्रिया देखी जा रही है। कई लोगों ने इसे गैर-जिम्मेदाराना पत्रकारिता का उदाहरण बताया है, वहीं कुछ संगठनों ने ऐसी घटनाओं के प्रति सख्त रुख अपनाने की मांग की है।

## विवेकानंद के संदेश युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत- कुलपति

**● विश्वविद्यालय में पुण्यतिथि पर विवेकानंद को किया गया नमन**

**स्वतंत्र प्रभात**



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन कर कुलपति एवं शिक्षकों ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। विवेकानंद केन्द्रीय पुस्तकालय में स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर स्वामी जी के विचारों को सबसे साझा किया गया। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद दर्शन के प्रभावशाली व्याख्याता थे। विश्व धर्म संसद में दिए उद्बोधन ने उन्हें वैश्विक पहचान दी । उन्होंने कहा था कि 'उठो और जागो और तब तक रुको नहीं जब तक कि तुम अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं कर लेते' और 'सारी शक्ति आपके भीतर है; आप कुछ भी और सब कुछ कर सकते हैं ' का सन्देश आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। आज हम उनके उच्चतम आदर्शों को अपनाकर एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण के प्रति संकल्पित हैं।

कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने कहा कि स्वामी जी के विचार हमें न केवल आत्मबल बढ़ाने की शिक्षा देते है, अपितु यह भी बताते है कि समाज और राष्ट्र की सेवा ही सच्चा धर्म है। उन्होंने स्वामी जी के उद्धरण को संदर्भित करते हुए कहा कि विश्व एक महान व्यायामशाला है जहां हम स्वयं को मजबूत बनाने के लिए आते हैं। हम सभी उनके विचारों को अपने जीवन में अपनाकर सर्वे भवन्तु सुखिनः की अवधारणा को समाज में समृद्ध कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रो.विक्रम देव शर्मा, प्रो मनोज मिश्र, प्रो.सौरभ पाल, प्रो.राजकुमार,प्रो.गिरिधर मिश्र, डॉ राज बहादुर यादव, उप कुलसचिव बबिता,अजीत प्रताप सिंह,डॉ. श्याम कन्हैया सिंह,डॉ. धीरेन्द्र चौधरी,डॉ. शशिकांत यादव, राजेंद्र प्रताप सिंह,डॉ. इन्द्रेश गंगवार सहित लोग उपस्थित रहे।

## पूर्व प्रधानाध्यापक स्व राधे मोहन मिश्र की मनाई गई चतुर्थ पुण्यतिथि



**जौनपुर (कजगावं)** स्थानीय नगर पंचायत के गद्दीपुर में पूर्व प्रधानाध्यापक एवं राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित स्व राधे मोहन मिश्रा की चतुर्थ पुण्यतिथि शुक्रवार को स्मृति दिवस के रुप में मनाई गई। आयोजित कार्यक्रम में उनकी पत्नी एवं परिवार के सदस्य व अतिथियों ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में आएं वक्ताओं ने उनके जीवन के संघर्षो पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त कर उन्होंने क्षेत्र व जनपद की पहचान राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाई।यह बात आज भी गौरवान्वित करतीं उनके छात्र देश विदेश में सेवा दें रहें।इस दौरान राधेश्याम मिश्रा, राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा, महेंद्र, नरेंद्र, सत्य प्रकाश, संतोष मिश्रा गुड्डू, संतोष मिश्रा सुग्गू, विपिन, शैलेश, विकास,मनोज, शार्श्वत, आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सत्येन्द्र प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का पत्रकार राजेश मिश्रा ने आभार जताया।

# होप फैमिली क्लिनिक पर शिकंजा कसने की तैयारी, जांच टीम गठित

**● डॉ. नाजिया बानो व सहयोगी उस्मान पर गंभीर आरोप, पत्रकारों ने उठाई विधिक कार्रवाई की मांग**

**स्वतंत्र प्रभात**

**जौनपुर।** नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के मल्हनी पड़ाव स्थित ÷होप फैमिली क्लिनिक÷ इन दिनों लगातार विवादों में घिरा हुआ है। क्लिनिक की संचालिका डॉ. नाजिया बानो और उनके सहयोगी उस्मान पर अनैतिक व आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त होने के गंभीर आरोप सामने आए हैं, जिससे शहर में सनसनी फैल गई है। इन खुलासों के बाद डॉ. नाजिया बानो द्वारा राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के जिला अध्यक्ष पत्रकार तामीर हसन उर्फ "शीबू" पर लगाए गए बेबुनियाद और मनगढ़ंत आरोपों ने पूरे प्रकरण को और भी संवेदनशील बना दिया है।

**पत्रकारों की दो टूक - हो निष्पक्ष जांच, हो कार्रवाई**

राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (जौनपुर इकाई) से जुड़े पत्रकारों ने प्रशासन से मांग की है कि डॉ. नाजिया बानो और उस्मान के विरुद्ध लगे गंभीर आरोपों की निष्पक्ष जांच कराते हुए सख्त विधिक कार्रवाई की जाए।

**उस्मान पर पहले से दर्ज है छेड़छाड़ का मामला**

सूत्रों के अनुसार उस्मान के खिलाफ पूर्व में भी छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज हो चुका है। पत्रकारों का आरोप है कि उसे कुछ प्रभावशाली लोगों का संरक्षण प्राप्त है और वह वसूली गैंग के सहारे कई अवैध गतिविधियों को अंजाम दे रहा है।

**प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल, धरने की चेतावनी**

पत्रकारों ने चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में शीघ्र न्यायसंगत कार्रवाई नहीं की गई, तो राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद जौनपुर इकाई के सभी सदस्य सड़कों पर उतरकर धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

**सीएमओ ने गठित की जांच टीम**



मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह ने तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन कर दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जांच में डॉ. नाजिया बानो दोषी पाई जाती हैं तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**पत्रकारों की मांग - अपराध और चिकित्सा क्षेत्र के गठजोड़ पर लगे रोक**

पत्रकारों ने कहा कि चिकित्सा जैसी संवेदनशील सेवा को अपराध का जरिया बनाने वालों पर तत्काल कठोर कदम उठाए जाएं, ताकि समाज में कानून का भय बना रहे और पत्रकारों को उनके कार्य के लिए प्रताड़ित न किया जा सके।

# विद्यालयों में कैंप लगाकर अधिकारियों द्वारा चलाया गया विशेष संचारी रोग अभियान

**स्वतंत्र प्रभात**



**महराजगंज/रायबरेली-** क्षेत्र के विद्यालयों में कैंप लगाकर विशेष संचारी रोग अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें अधिकारियों द्वारा छात्रों को संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरूक किया जाता है। इसी क्रम में आज शुक्रवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के क्रम में समस्त विभागों द्वारा ग्राम पंचायत मोन के प्राथमिक विद्यालय नारायनपुर में कैंप और जन संचार जन जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह और विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव रहे, जिन्होंने अभियान के तहत छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों को स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में बताया और संचारी रोगों से बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला।

आपको बता दे कि, खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने कहा कि, विद्यालय में छात्रों को संचारी रोगों से बचाव के लिए विशेष अभियान के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। आज शुक्रवार को नारायनपुर गांव के प्राथमिक विद्यालय में कैंप का आयोजन किया गया है, जिसमें खासकर ग्रामीणों और छात्रों को संचारी रोगों से संबंधित जानकारी दी गई है, तथा उनसे बचाव के उपायों पर भी चर्चा की गई है। छात्रों को स्वच्छता और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया है। जिसमें नियमित रूप से हाथ धोना और आसपास सफाई रखना शामिल है।

खंड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव ने छात्रों को टीकाकरण के महत्व के बारे में बताया और उन्हें नियमित टीकाकरण करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्रों को उनके परिवार और समुदाय को भी संचारी रोगों से बचने के लिए जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। ग्रामीणों और छात्रों ने संचारी रोगों से बचाव के लिए नारे लगाए और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की शपथ ली। अभियान के दौरान छात्रों को संचारी रोगों से संबंधित विभिन्न गतिविधियों में भी शामिल किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग से शिवाकांत तिवारी बीसीपीएम, एडीओ पंचायत सीताराम, ग्राम विकास अधिकारी सर्वोत्तम सिंह, प्रधान प्रतिनिधि अमरेश, आशा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी मौजूद रहे।

## कॉर्डेट फूलपुर में शुरू हुई नीम कौड़ी की खरीद



**प्रयागराज।** कॉर्डेट इफको फूलपुर के नीम तेल संयंत्र पर सत्र 2025- 26 हेतु साफ सुथरी व सुखी नीम कौड़ी की खरीद प्रारंभ कर दी गई है। प्रधानाचार्य डॉक्टर डी के सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की किसान भाई एवं ग्रामीण जन, साफ सुथरी व सुखी नीम कौड़ी संस्थान में लाकर के 17 रुपए किलो की दर से बिक्री कर सकते हैं। ध्यान देने की बात यह है कि नीम कौड़ी में 25% नमी एवं 8% बाह्य सामग्री की छूट होगी उसके ऊपर की नमी या बाह्य सामग्री पर नमी कटौती करके भुगतान दिया जाएगा। आज प्रथम दिन दो ग्रामीण जन प्रवेश कुमार ग्राम अतरौरा एवं राजेश कुमार ग्राम हैबतपुर से नीम कौड़ी की खरीद की गई। मौके पर नीम तेल संयंत्र प्रभारी राजेश कुमार सिंह, सहायक कौशलेश कुमार, वीरेंद्र सिंह, मुकेश तिवारी सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# एसपी ने पुलिस लाइन परेड में ली सलामी, किया व्यापक निरीक्षण

**● फिटनेस, अनुशासन और व्यवस्था पर रहा जोर**

**स्वतंत्र प्रभात**



**जौनपुर,** 04 जुलाई 2025 को पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी ली और व्यापक निरीक्षण किया। परेड में पुलिस लाइन का बल, विभिन्न शाखाओं में तैनात कर्मी तथा रिक्रूट आरक्षी शामिल रहे। परेड के दौरान सभी पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट बनाए रखने हेतु दौड़ कराई गई। साथ ही, अनुशासन और एकरूपता की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्क्वायड ड्रिल एवं शस्त्राभ्यास भी करवाया गया।

निरीक्षण के दौरान एसपी डॉ. कौस्तुभ ने मेंस, कैंटीन, बैरक, पुलिस आवासीय परिसर तथा रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण केंद्र (JTC) की व्यवस्था का गहन अवलोकन किया। बाद में, उन्होंने आदेश कक्ष पहुंचकर सभी गार्द रजिस्टरों की जांच की और क्वार्टर गार्ड की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए गार्ड कमांडर को आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कर्मचारियों की उपस्थिति, आवास, भोजन व अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली और समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान एसपी ने कहा कि एक सशक्त व अनुशासित बल ही बेहतर कानून-व्यवस्था की नींव रखता है, और इसके लिए निरंतर प्रशिक्षण व निगरानी आवश्यक है।

# पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के बीच 469 वां मुड़िया मेला शुरू

**● जिला प्रशासन ने करोडी मेला मानकर तैयारियों को दिया है अंतिम रूप**

**स्वतंत्र प्रभात**

**मथुरा।** राजकीय मुडिया पूर्णिमा मेला के लिए पुलिस व्यवस्था मजबूत की गई है। जिला प्रशासन ने करोडी मेला यानी एक करोड श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना मानते हुए तैयारियों को अंतिम रूप दिया है। दो हजार से अधिक पुलिसकर्मी, 400 400 होमगार्डस के अलावा पीएसी दो कम्पनी और एक कंपनी आरआरएफ की भी तैनात की गई है। सादा वर्दी में भी महिला और पुरूष पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी कस्बा गोवर्धन जनपद मथुरा में 469वां राजकीय मुड़िया पूर्णिमा मेला चार से 11 जुलाई तक परम्परागत रूप से मनाया जायेगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा के निर्देशन में मेला को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जनपद मथुरा को नोडल अधिकारी नामित करते हुए मेला सेल को गठित कर लिया गया है। मेला क्षेत्र को 09 सुपर जोन, 21 जोन, 62 सेक्टर में विभाजित कर पुलिस बल



**कंट्रोलरूम में एसएसपी श्लोक कुमार पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए।**

का व्यवस्थापन किया गया है। 10 जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक, 21 पुलिस उपाधीक्षक, निरीक्षक 106, पुरूष एसआई 523, महिला एसआई 57, पुरूष सिपाही 1925, महिला सिपाही 194, निरीक्षक एलआईयू एक, उप निरीक्षक एलआईयू छह, आरक्षी एलआईयू 36, रेडियो निरीक्षक दो, रेडियो उप निरीक्षक 14, प्रधान परिचालक यात्रिंक 18, प्रधान परिचालक सहायक परिचालक 50, कर्मशाला कर्मचारी सन्देश वाहक पांच, स्टैटिक मोबाइल 35, हैण्ड हेल्ड सैट 230, पीएसी दो कम्पनी, पीएसी फ्लड दो प्लाटून, आरआरएफ एक कम्पनी, एसडीआरएफ की एक टीम के अलावा 400 होमगार्डस की ड्यूटी लगाई गयी है। पुलिस बल को मेले के विभिन्न ड्यूटी स्थानों पर व्यवस्थापित किया गया है।

**24 घंटे काम करेगा कंट्रोलरूम**

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने अवगत कराया है कि विश्व प्रसिद्ध राजकीय मुड़िया पूर्णिमा मेला (दिनांक 4 से 11 जुलाई 2025) में श्रद्धालुओं, दर्शनार्थियों, पर्यटकों तथा आम जनमानस की सुविधाओं हेतु कलेक्ट्रेट परिसर स्थित नागरिक सुरक्षा कार्यालय में मेला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका फोन नंबर 0565- 2974305 है। उक्त मेला नियंत्रण कक्ष 24 घंटे संचालित रहेगा। किसी भी प्रकार की समस्या, परेशानी तथा जानकारी हेतु आप दिए गए नंबर पर संपर्क कर सकते है।

# मथुरा के शाही ईदगाह पर हिंदू पक्ष को हाईकोर्ट से झटका, मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित करने से इनकार

**स्वतंत्र प्रभात**



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के मथुरा में शाही ईदगाह मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट का बड़ा फैसला आया है। कोर्ट ने मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित करने से इनकार कर दिया है। हिंदू पक्ष को झटका लगा है। जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्र की बेंच ने आज यह फैसला सुनाया है। हिंदू पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने कोर्ट से मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित करने की मांग की थी, जिस पर कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा शाही ईदगाह और श्रीकृष्णजन्मभूमि विवाद मामले में आज फैसले पर सबकी नजर थी। अदालत ने हिंदू पक्ष को झटका देते हुए अर्जी खारिज कर दी है। इसमें मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित करने की याचिका खारिज कर दी गई है। हिंदू पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह ने मासरे आलम गिरी से लेकर मथुरा के कलेक्टर रहे एफएस ग्राउस तक के समय में लिखी गई इतिहास की पुस्तकों का हवाला दिया था। उन्होंने कहा था कि वहां पहले मंदिर था और मस्जिद होने का कोई साक्ष्य शाही ईदगाह मस्जिद पक्ष न्यायालय में पेश नहीं कर सका है।

हिंदू पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने इतिहास की पुस्तकों का हवाला देते हुए कहा था कि वहां पहले मंदिर था। उन?होंने कहा, वहां पर मस्जिद होने का कोई साक्ष्य आज तक शाही ईदगाह मस्जिद पक्ष न्यायालय में पेश नहीं कर सका। न खसरा खतौनी में मस्जिद का नाम है, न नगर निगम में उसका कोई रिकॉर्ड। न कोई टैक्स दिया जा रहा, बिजली चोरी की रिपोर्ट भी शाही ईदगाह प्रबंध कमेटी के खिलाफ भी हो चुकी है, फिर इसे मस्जिद क्यों कहा जाए। इसलिए मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित किया जाए। श्रीकृष्ण जन्मभूमि एवं शाही ईदगाह मस्जिद केस के मंदिर पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने हाई कोर्ट में 5 मार्च 2025 को मथुरा स्थित शाही ईदगाह मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित किए जाने की मांग करते हुए प्रार्थना पत्र दाखिल किया था। न्यायाधीश राम मनोहर नारायण मिश्र के न्यायालय में इस प्रार्थना पत्र पर बहस पूरी हो चुकी है।बहस के दौरान सभी हिन्दू पक्षकारों ने महेंद्र प्रताप सिंह की दलीलों का समर्थन किया। यह विवाद मथुरा में मुगल बादशाह औरंगजेब के समय की शाही ईदगाह मस्जिद से संबंधित है, जिसके बारे में कहा जाता है कि इसे भगवान कृष्ण के जन्मस्थान पर स्थित मंदिर को ध्वस्त करके बनाया गया था। 1968 में श्री कृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान, जो मंदिर प्रबंधन प्राधिकरण है, और ट्रस्ट शाही मस्जिद ईदगाह के बीच एक 'समझौता समझौता' हुआ था, जिसके तहत दोनों पूजा स्थलों को एक साथ संचालित करने की अनुमति दी गई थी। हालाँकि, इस समझौते की वैधता को अब कृष्ण जन्मभूमि के संबंध में अदालतों में विभिन्न प्रकार की राहत की मांग करने वाले पक्षों द्वारा नए मुकदमों में चुनौती दी गई है। वादियों का तर्क है कि समझौता समझौता धोखाधड़ी से किया गया था और कानून में अमान्य है। विवादित स्थल पर पूजा करने के अधिकार का दावा करते हुए, उनमें से कई ने शाही ईदगाह मस्जिद को हटाने की मांग की है।

मई 2023 में, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने विवाद से संबंधित विभिन्न राहतों के लिए मथुरा न्यायालय में लंबित सभी मुकदमों को अपने पास स्थानांतरित कर लिया।इस स्थानांतरण आदेश को मस्जिद समिति और बाद में उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई। दिसंबर 2023 में, हाईकोर्ट ने शाही ईदगाह मस्जिद के निरीक्षण के लिए कोर्ट कमिश्नर की नियुक्ति की मांग वाली याचिका को स्वीकार कर लिया । जनवरी 2024 में, सुप्रीम कोर्ट ने आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी । इसके बाद, इस रोक को बढ़ा दिया गया।

# संक्षिप्त खबरें

## चकेरी पुलिस ने चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार



**कानपुर ।** प्रभारी निरीक्षक चकेरी के कुशल नेतृत्व में थाना पर पंजीकृत मुकदमे से संबंधित अभियुक्त को चोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। चकेरी पुलिस ने बताया कि वांछित अभियुक्त अंकित गुप्ता पुत्र स्व शिव कुमार गुप्ता नि0 33/8 कांशीराम कालोनी फेस 1, सनिगवां थाना चकेरी कानपुर नगर उम्र करीब 25 वर्ष को नियमानुसार विवेचक उ0नि0 सलमान खान मय हमराह द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक ई-रिक्शा आटो बरामद किया है जो कि बजाज कंपनी का है।

## आईएएस में चयन के बाद सौम्य शर्मा के प्रतापगढ़ प्रथम आगमन पर स्वागत की तैयारी



**प्रतापगढ़।** जनपद प्रतापगढ़ के रूपापुर नगर क्षेत्र के मूल निवासी भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित सौम्य शर्मा अपने चयनित होने के पश्चात 06जुलाई रविवार को अपने गृह जनपद में पधार रहे हैं।इनका आगमन दिन में 11:30बजे चिलबिला बाजार में श्री हनुमान जी मंदिर प्रांगण में होगा। इनके आगमन पर श्री भट्ट ब्राह्मण सभा, प्रतापगढ़ सहित अनेक शैक्षिक और सामाजिक संगठनों ने चिलबिला बाजार पहुंचकर इनका जोरदार स्वागत और अभिनन्दन कार्यक्रम करने की योजना बनाई है। इस कार्यक्रम की तैयारी के लिए एक बैठक रूपापुर गांव में हुई जिसमें कैप्टन ओंकार नाथ शर्मा, रूप नारायण शर्मा एडवोकेट, अशोक राय शिक्षक नेता ,जय प्रकाश पाण्डेय, अजय तिवारी, अरूण शर्मा शिक्षक, राजेश शर्मा, पंडित, विजय शर्मा, शिक्षक, उदय राज तिवारी (मुन्ना), मदन पाण्डेय , प्रवक्ता, बसन्त गुप्ता सभासद, पं.राम लौट शर्मा, पुनीत पाण्डेय, केके यादव एडवोकेट आदि शामिल रहे।

## कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 25,000 रूपये का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।**102/108 इमरजेसी सेवा (ई0एम0आर0आई0) ग्रीन हेल्प सर्विसेज में भर्ती प्रक्रिया पुलिस लाइन प्रतापगढ़ में चल रही थी जिसमें आरोपी द्वारा योजना बध्य तरीके से फर्जी दस्तावेज तैयार करने के प्रकरण में थाना कोतवाली नगर में एक अभियुक्त पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। इस क्रम में थाना कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार यादव मय हमराह उ0नि0 अंकित श्रीवास्तव, का0 विनोद सोनकर व वसीम अकरम खान, चालक कां0 ओम प्रकाश यादव द्वारा शुक्रवार को संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली नगर में दर्ज मुकदमे में वांछित 25,000 रूपये का इनामियां अभियुक्त बबलू कुमार पुत्र भगवान सिंह निवासी जादेपुर थाना अतरौली जनपद अलीगढ़ को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत रेलवे स्टेशन फुट ओवर ब्रिज से गिरफ्तार किया गया और जेल भेज दिया गया है।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ अनिल कुमार द्वारा शातिर अभियुक्त बबलू कुमार पुत्र भगवान सिंह निवासी जादेपुर थाना अतरौली जनपद अलीगढ़ की गिरफ्तारी के लिए 25,000 रूपये का पुरस्कार घोषित किया गया था।

## महिला ने लगाई गंगा नदी में छलांग

**चुनार, मिर्जापुर ।** कोतवाली क्षेत्र के बालू घाट स्थित पक्का पुल से सुबह 11 . 30 बजे महिला ने गंगा में छलांग लगा दी।महिला द्वारा छोड़ा गया एक झोला पुल पर लावारिश हाल में मिला,जिसमें महिला का आधार कार्ड पासबुक आदि था।आधार कार्ड से उसकी पहचान बाराडीह निवासी शंकर कि पत्नी 45 वर्षीय बैजन्ती के रूप हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसके घर सूचना दिया । परिजन कोतवाली पहुंच कर पुलिस को तहरीर देकर महिला को खोजने कि गुहार लगाई। शाम पांच बजे तक महिला कि तलाश शुरू नहीं किया जा सका था। कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य ने कहा कि पानी का बहाव तेज होने से स्थानीय गोताखोर तलाश करने में असमर्थता व्यक्त कर दिए जिसके बाद एनडीआरएफ कि टिम बुलाई गई है।

# रैन बसेरों में नगर निगम मजदूर को बरसात की रात बिताने नहीं दे रही - हाजी फजल महमूद

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी के पीडीए मिशन के उडन दस्ता टीम की पंचायत बैठक शाम 3:00 बजे परेड में सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में सपा कार्यालय साथ नवीन मार्केट में आरंभ हुई। बैठक को महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने संबोधित करते हुए कहा कि बरसात के दिनों में नगर निगम के रैन बसेरों में मजदूरों को रात बिताने नहीं दे रही जिसे सपा पीडीए मिशन ने गंभीरता से लिया क्योंकि रैन बसेरों में अनाधिकृत लोगों द्वारा उसका दुरुपयोग तथा कहीं-कहीं तालाबंदी भी नजर आने से मजदूरों को रैन बसेरों से वंचित रखा जा रहा है जबकि भाजपा सरकार ढिंढोरा पीट रही है कि मजदूरों को कोई कठिनाई होने नहीं दी जाएगी।

महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में आगे कहा कि 50हजार से अधिक मजदूर कामगार आसपास के दूर ग्रामीण क्षेत्रो से महानगर में दैनिक मजदूरी के लिए आते हैं लेकिन उनको बरसात के दिनों में उन्हें रात में रुकने की परेशानी हो जाती है। महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में आगे कहा कि सरकार कुछ लोगों को आवास हेतु ढाई से 3लाख रूपये देती है लेकिन उक्त रकम से ईडब्ल्यूएस का निर्माण नहीं हो सकता क्योंकि 300 से 400 फिट के निर्माण की लागत 2700 से 2900 प्रति फिट आती है उसमें भूमि की कीमत नहीं जुड़ी है इस प्रकार सरकार गरीबों के साथ अन्याय कर खिलवाड़ कर रही है क्योंकि उनको निर्माण की पूरी रकम तक नहीं मिल पाती है महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन आगे कहा कि नगर निगम रैन बसेरो को कामगारों को रात्रि निवास में स्थान दे तथा आवास सुविधा के लिए सब्सिडी दे अन्यथा पीडीए मिशन भावी रणनीति तय करके मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए आंदोलनात्मक कदम उठाएगी।। बैठक मे प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, प्रदेश सचिव के के शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, नंदलाल जयसवाल, मुमताज मंसूरी, दीपक खोटे, शादाब आलम, सौरभ सिंह, साहेबे आलम, चंदन कोरी, शहाबुद्दीन कुरैशी,निशांत गुप्ता, वसीम रजा आदि लोग मौजूद रहे।



# ई-रिक्शा चालकों के साथ डीएम ने की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

**●20 स्थानों पर चिन्हित ई-रिक्शा स्टैंड में होंगी मूलभूत सुविधाएं**

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ई-रिक्शा संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में ई-रिक्शा संचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में डीएम ने कहा कि ई-रिक्शा चालकों को लाइसेंस एवं अन्य जरूरी कागजात बनवाने के कार्य में पूरी तरह से पारदर्शिता बरती जाए। उन्होंने एआरटीओ प्रवर्तन राहुल श्रीवास्तव को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। डीएम ने ई-रिक्शा संचालकों से रूट निर्धारण के संबन्ध में प्रस्ताव मांगे तथा डीसीपी ट्रैफिक से अपेक्षा की कि सुझाव तार्किक एवं यातायात व्यवस्था के अनुकूल होने पर ही स्वीकारे जाएं।

ई-रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधि विकास कुमार ने सुझाव दिया कि प्रमुख स्थलों पर ई-रिक्शा स्टैंड बनाए जाएं, जिससे अनावश्यक जाम से राहत मिल सके। इस पर नगर निगम ने अवगत कराया कि उनकी सीमा में आने वाले 20 स्थानों को ई-रिक्शा पार्किंग हेतु चिन्हित किया जा चुका है। डीएम ने 13 जुलाई से पूर्व चिन्हित पार्किंग स्टैंड पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

बैठक में शहर में सिटी बसों की उपलब्धता पर भी चर्चा हुई। बताया गया कि फिलहाल 90 सीएनजी और 75 इलेक्ट्रिक बसें संचालित हैं। माह के अंत तक 100 और 28-सीटर इलेक्ट्रिक बसें मिलने की संभावना है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी बसें निर्धारित स्टॉप पर ही रुकें, जिससे यात्रियों को सुविधा हो और यातायात व्यवस्था भी सुचारु बनी रहे। बैठक में डीसीपी ट्रैफिक रविंद्र कुमार, आरटीओ प्रवर्तन राहुल श्रीवास्तव, एआरटीओ कहकशां, एआरएम रोडवेज रामलवट, तथा ई-रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार वाजपेयी, कपिलदेव, देवेंद्र पाल और राजकुमार उपस्थित रहे।

## रेस्क्यू कर चौकी इंचार्ज ने आधा दर्जन मवेशियों को बचाया



**सीखड़, मीरजापुर ।** चुनार थाना क्षेत्र के अन्तर्गत रूदौली गंगा घाट पर शुक्रवार को घास चरने निकली करीब आधा दर्जन मवेशी गंगा घाट पर भीटे पर फंस गई।जिस भीटे पर मवेशी घास चर रही थी उसके चारों तरफ अचानक गंगा का पानी हो गया और मवेशी चारों तरफ से पानी से घिर गए।इसकी बीडीओ बना कर किसी ने सोशल मीडिया पर डाल दिया।जिस पर अदलपुरा चौकी इंचार्ज सुरेश सिंह की नजर पड़ी तो उन्होंने तत्काल अदलपुरा शीतला घाट से मोटर बोट लेकर रूदौली गंगा घाट पर पहुंच कर मवेशियों को सुरक्षित निकलवा लिया। अदलपुरा चौकी इंचार्ज सुरेश सिंह के मानवीय कार्यवाही की हर किसी ने प्रसंशा की।

## डीएम के कहने पर ई-रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष विनोद ने छोड़ा पान-मसाला, छह अन्य चालकों का भी छुड़ाया

**● पान-मसाला छोड़ने से बेटी सहित सभी परिजन हैं खुश**

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** ई-रिक्शा नियमितीकरण बैठक के दौरान एक रोचक प्रसंग सामने आया, जब ई-रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि उन्होंने जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह के कहने पर पान मसाला खाना पूरी तरह छोड़ दिया है। लगभग दो माह पूर्व जनता दर्शन में विनोद कुमार ने अपनी निजी समस्या जिलाधिकारी के समक्ष रखी थी। जिलाधिकारी ने समस्या सुनने के बाद गंभीर स्वर में कहा था 'पहले पान मसाला छोड़िए, फिर बात होगी।' यह एक वाक्य विनोद कुमार के जीवन की दिशा तय करने वाला बन गया और उसी दिन से उन्होंने पान मसाला खाना छोड़ दिया।

विनोद कुमार ने न केवल स्वयं यह लत छोड़ी, बल्कि अपने आसपास के छह अन्य ई-रिक्शा चालकों को भी इसके दुष्परिणाम समझाकर उन्हें भी छुड़वा दिया। उन्होंने बताया कि इस परिवर्तन से उनकी बेटी बहुत खुश है और घर में अब पहले से कहीं अधिक सकारात्मक माहौल है। बैठक में जिलाधिकारी श्री जितेन्द्र प्रताप सिंह ने विनोद कुमार के संकल्प की सराहना करते हुए कहा कि जब कोई व्यक्ति खुद को बदलता है, तो उसका असर केवल उस तक सीमित नहीं रहता बल्कि वह समाज को भी दिशा देता है। इच्छाशक्ति से किसी भी बुरी आदत से छुटकारा पाया जा सकता है।

# पंजीकृत अमान्यता प्राप्त भारतीय समाज दल को कारण बताओ नोटिस जारी

स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** जिला निर्वाचन अधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने बताया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29ए के प्राविधानों के अन्तर्गत भारत निर्वाचन आयोग में पंजीकृत उत्तर प्रदेश राज्य के 119 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा वर्ष 2019 से वर्ष 2024(6 वर्ष) के मध्य अयोग द्वारा आयोजित निर्वाचनों में एक भी चुनाव नहीं लड़े जाने के फलस्वरूप भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा निर्देश के क्रम में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 द्वारा जनपद की भारतीय समाज दल पार्टी (पार्टी स्थल पता-85 चौक मकन्दूगंज प्रतापगढ़) को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होने बताया है कि कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दल को जारी कारण बताओ नोटिस पार्टी के पंजीकृत पते पर रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित किया गया है। कारण बताओ नोटिस के सम्बन्ध में पार्टी के अध्यक्ष/महासचिव अपना प्रत्यावेदन हलफनामा एवं सुसंगत अभिलेखों के साथ 14 जुलाई तक कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 चतुर्थ तल विकास भवन लखनऊ को उपलब्ध करा सकते है एवं सुनवाई हेतु नियत 21 जुलाई को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के समय के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष उपस्थित हो सकते है। यदि पार्टी की ओर से कारण बताओ नोटिस के सम्बन्ध में निर्धारित तिथि के भीतर प्रत्यावेदन उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो यह माना जायेगा कि पार्टी को इस मामले में कुछ नहीं कहना है और पार्टी को राजनैतिक दलों की सूची में हटाये जाने के सम्बन्ध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ की ओर से संस्तुति सहित प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित कर दिया जायेगा।

# स्टेडियम में संपन्न क्रिकेट टूर्नामेंट में राइजिंग स्टार टीम विजयी

स्वतंत्र प्रभात



**प्रतापगढ़।** स्टेडियम में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार छठे दिन स्टेडियम बॉयज और राइजिंग स्टार के बीच मैच हुआ जिसमें स्टेडियम बॉयस ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी की और निर्धारित 20 ओवर 5 विकेट खोकर 89 रन बनाई जिसमें गौरव ने 20 रन बनाए अंशु ने 5 रन बनाए आयुष ने 25 रन बनाए। राइजिंग स्टार की तरफ से अद्विक ने 2 विकेट और कृष्ण 3 विकेट लिए जवाब देने उतरी राइजिंग स्टार की टीम ने यह मैच 15.4 ओवर में 90 रन बनाकर जीत लिया जिसमें आदित्य ने 35 रन और श्रेयांश ने 25 रन बनाए स्टेडियम बॉयज की तरफ से गौरव ने 2 विकेट शाहनवाज ने 1 विकेट लिया और यह मैच राइजिंग स्टार की टीम ने यह मैच जीत लिया।इस मैच के मैन ऑफ द मैच आदित्य रहे राइजिंग स्टार की टीम ने तीन विकेट खोकर या मैच जीता हैइस मौके पर उप जिला खेल अधिकारी और ताइक्कांडो प्रशिक्षक रंजीत यादव,जिला क्रिकेट के आयोजन सचिव दुर्गेश तिवारी उर्फ मुन्ना,अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक सचिन शुक्ला ,जिम ट्रेनर विक्रम प्रताप सिंह,एथलेटिक्स प्रशिक्षक शोभनाथ यादव,कुश्ती प्रशिक्षक अरविंद कुमार,खेलो इंडिया हॉकी प्रशिक्षक आशुतोष सिंह, फुटबॉल प्रशिक्षक बुद्ध प्रकाश, कंप्यूटर ऑपरेटर निखिल राणा और विनीत मिश्रा उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी और क्रिकेट प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला ने किया ,अंत में जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ने आए हुए सभी गणमान्य अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## 'आगामी बिहार विधानसभा सत्र NDA का आखिरी सत्र होगा', कांग्रेस बोली- ईंडिया 'गठबंधन की सत्ता में वापसी तय

कांग्रेस की महिला इकाई ने शुक्रवार को दावा किया कि आगामी बिहार विधानसभा सत्र (Bihar Assembly Session) सत्तारूढ़ राजग (NDA) का आखिरी सत्र होगा, क्योंकि इस साल के आखिर में होने वाले चुनाव के बाद ईंडिया 'गठबंधन का सत्ता में वापस आना तय है। यह बात अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने कही, जिन्होंने राज्य की राजधानी पहुंचने पर यहां हवाई अड्डे पर पत्रकारों से संक्षिप्त बातचीत की। लांबा ने कहा, "राजग अपने आखिरी विधानसभा सत्र का सामना करने जा रहा है (सत्तारूढ़ गठबंधन के रूप में)। ईंडिया 'गठबंधन की बिहार में सत्ता में वापसी तय है।" राज्य में विधानमंडल का मानसून सत्र 21 जुलाई से 25 जुलाई के बीच निर्धारित है। वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल नवंबर में समाप्त हो रहा है।

# मां काली की प्रतिमा खंडित कर कानपुर में माहौल बिगड़ने की कोशिश, दो गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** यहां सांप्रदायिक सद्भाव के दुश्मन अराजक तत्व माहौल बिरने की कोशिश से बाज नहीं आ रहे हैं। उन्होंने मां काली की प्रतिमा खंडित करके माहौल बिगड़ने की कोशिश की। मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यह मामला महाराजपुर थाना क्षेत्र के भेवली गांव का है। जहां मां काली मंदिर में भोर पहर लगभग चार बजे काली प्रतिमा को खंडित कर दिया गया। मंदिर के पुजारी और ग्रामीणों द्वारा दो अधेड़ व्यक्तियों को मंदिर के अंदर से ही पकड़ा गया, जिसमें से एक गैर समुदाय का है। मौके पर पहुंची पुलिस को जानकारी देते हुए मंदिर के पुजारी पारस ने बताया कि मध्य रात्रि दो अधेड़ व्यक्ति मंदिर के पास मोटरसाइकिल खड़ी करके अंदर चले गए और भगवान श्रीराम और अन्य देवी-देवताओं को गालियां देते हुए तोड़फोड़ कर रहे थे। आवाज सुनकर पुजारी ने अपने साथ रह रहे एक बच्चे लवकुश पुत्र



रामगोपाल को गांव के अंदर भेजा। इसके बाद शोर मचाकर अन्य लोगों को बुलवाया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तोड़फोड़ कर रहे दोनों अधेड़ व्यक्तियों को मंदिर के अंदर ही बंद कर दिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों शीतला प्रसाद निषाद (50) पुत्र शत्रुघ्न निवासी 112 श्यामनगर कानपुर और शाहिद (45) निवासी बासमंडी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस ने बताया कि दोनों ने ऐसा क्यों किया इस बारे में पूछताछ की जा रही है ,जिसके बाद निकले नतीजे के आधार पर दोनों को जेल भी भेजा जाएगा।

# जिला बदर की कार्रवाई - 7 शातिर अपराधी निष्कासित

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** लोक परिशान्ति बनाए रखने एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नरेट, कानपुर नगर द्वारा निरंतर सतर्कता बरती जा रही है। कमिश्नरेट पुलिस ने इसी क्रम में 7 आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर जिला बदर की कार्रवाई की है। इसी क्रम में पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर में न्यायालय संयुक्त पुलिस? आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था)/ कार्यपालक मजिस्ट्रेट के समक्ष वाद संख्या- 96/2025, 56/2025, 67/2025, 70/2025, 71/2025, 81/2025 व 87/2025 विचाराधीन थे। राज्य सरकार की ओर से उपस्थित विद्वान अभियोजन अधिकारी डॉ. लवलेश कुमार एवं विपक्षीगण के अधिवक्ताओं द्वारा प्रस्तुत तथ्यों, साक्ष्यों एवं तर्कों को सुनने के पश्चात आशुतोष कुमार, संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था)/ कार्यपालक मजिस्ट्रेट, पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1970 की धारा-03 के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए निम्नलिखित 07 अपराधियों को पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर की सीमा से जिला बदर (निष्कासित) किये जाने का आदेश पारित किया गया। जिला बदर किये गये अपराधी 1-राजा रब्बानी पुत्र स्व. रब्बानी निवासी - बुढ़ियाघाट, थाना जाजमऊ, कानपुर नगर 2- गब्बर पुत्र स्व. रब्बानी निवासी - बुढ़ियाघाट, थाना जाजमऊ, कानपुर नगर 3- सोनू गुप्ता उर्फ बोतल पुत्र किशोर गुप्ता निवासी - 1058 बाबा की बगिया, थाना गोविन्दनगर टुनटुनिया फाटक के पास, साईपुरवा, थाना जूही, कानपुर नगर 4- पीयूष उर्फ समर्थ दीक्षित पुत्र राम आधार दीक्षित निवासी - 206 कच्ची बस्ती, जूही लाल कॉलोनी, थाना किदवई नगर, कानपुर नगर 5- मोनू यादव पुत्र अजय यादव निवासी - वरुण विहार, कच्ची बस्ती, बर्रा-8, थाना गुजैनी, कानपुर नगर 6- दीपक तिवारी पुत्र दिनेश तिवारी निवासी मोहल्ला आछी मोहाल, कस्बा व थाना घाटमपुर, कानपुर नगर 7- सोमदेव पुत्र ननलाल निवासी - ग्राम टिकवापुर, थाना सजेती, कानपुर नगर हैं।

# सूची से हटाए जाएंगे अमान्यता प्राप्त पार्टियों के नाम

**● वो अमान्यता प्राप्त पार्टियां जो सूचीबद्ध तो हैं लेकिन एक भी चुनाव नहीं लड़ा है**

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने सूचित किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के प्राविधानों के अन्तर्गत भारत निर्वाचन आयोग में पंजीकृत उत्तर प्रदेश राज्य के 119 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा वर्ष 2019 से वर्ष 2024 (06 वर्षों) के मध्य आयोग द्वारा आयोजित निर्वाचनों में एक भी चुनाव नहीं लड़े हैं। इसके फलस्वरूप भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्र संख्या-56/2025/पी.पी.एस.-।।।, दिनांक 20 जून, 2025 द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के क्रम में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ.प्र. द्वारा भारतीय जन सहयोग पार्टी पता-8/6 जूही सफेद कालोनी कानपुर उ.प्र.-208014, सामतावादी रिपब्लिकन पार्टी पता-108 रामपुरम् पी.ए.सी. रोड कानपुर उ.प्र., निर्धन समाज पार्टी ऑफ इण्डिया पता-11 ए राजीव विहार नियर बन्दी बाबा मंदिर मछरिया नौबस्ता कानपुर नगर उ.प्र.-208011, भ्रष्टाचार का अंत पार्टी पता- 64/189 गदरिया महौल कानपुर उ.प्र.-208001 तथा भारत नव निर्माण वोटर सेना पता- 1255 एफ बंसत विहार कानपुर उ.प्र.-208021 पार्टियों को "कारण बताओ नोटिस"जारी किया गया है।

उन्होंने बताया कि कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा उपरोक्त पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को जारी ÷कारण बताओ नोटिस÷ पार्टी के पंजीकृत पते पर रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित किया गया है। ÷कारण बताओ नोटिस÷ के सम्बन्ध में उक्त पार्टी के अध्यक्ष/महासचिव अपना प्रत्यावेदन हलफनामा एवं सुसंगत अभिलेखों के साथ दिनांक 14 जुलाई, 2025 तक कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ.प्र., चतुर्थ तल विकास भवन, जनपथ मार्केट, लखनऊ-226001 को उपलब्ध करा सकते है एवं सुनवाई हेतु नियत दिनांक 21 जुलाई, 2025 को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के समय के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष उपस्थित हो सकते है। यदि पार्टी की ओर से कारण बताओ नोटिस के सम्बन्ध में निर्धारित तिथि के भीतर प्रत्यावेदन उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो यह माना जायेगा कि पार्टी को इस मामले में कुछ नहीं कहना है और पार्टी को राजनैतिक दलों की सूची से हटाए जाने के सम्बंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ.प्र. की ओर से संस्तुति सहित प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित कर दिया जायेगा।

# अमेठी पुलिस द्वारा चोरी का खुलासा

**●चोरी की 01 अदद मोटरसाइकिल व 01 बैटरी के साथ 02 शातिर चोर गिरफ्तार**

स्वतंत्र प्रभात



**अमेठी ।** पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में थाना अमेठी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर बिना नंबर प्लेट मोटरसाइकिल पर बैटरी रख कर लिये जा रहे 02 संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की गई । पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम अब्दुल रकीब पुत्र लाल मोहम्मद खान उम्र करीब 21 वर्ष व अकरम खान पुत्र मोहम्मद असलम उम्र करीब 20 वर्ष निवासीगण ग्राम भैसना थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ बताया । बिना नंबर प्लेट मोटरसाइकिल के संबंध में पूछताछ में बताया कि "हम लोगों ने दिनांक 25.05.2025 को यह मोटरसाइकिल ग्राम श्रीरामपुर मजरे उमापुर गाना पट्टी में आयी बारात से चुराई थी । इसकी नंबर प्लेट हम लोगों ने निकालकर फेंक दिया था एवं मोटरसाइकिल पर रखी बैटरी को हम लोगों ने दिनांक 30.06.2025 को ग्राम बरियापुर में खड़े ट्रैक्टर से खोलकर चुरा लिया था ।"उक्त दोनों चोरियों के संबंध में थाना अमेठी पर अभियोग पंजीकृत है । बरामदगी के आधार पर दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना अमेठी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

## एकमुश्त समाधान योजना में डिफाल्टर हुये पंजीकृत उपभोक्ताओं को मिलेगी छूट-डीएम

**बिजली बिल का भुगतान न करने वाले डिफाल्टर उपभोक्ता 31 जुलाई तक एकमुश्त भुगतान करें**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने बताया है कि एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) 2024-25 में बिजली बिल का भुगतान न कर पाने वाले डिफाल्टर उपभोक्ता बिजली बिल का पूरा भुगतान करें और एलपीएससी (ब्याज) में छूट पायें। उन्होने बताया है कि उपभोक्ता 31 जुलाई तक एक मुश्त पूरा भुगतान कर सकते है। उन्होने बताया है कि बकाये के साथ रूपये 1000 या मिलने वाली छूट का 10 प्रतिशत, जो ज्यादा हो, जोड़कर भुगतान करना होगा। नये रजिस्ट्रेशन की जरूरत नही, पुराना वाला ही प्रभावी माना जायेगा। भुगतान यूपीपीसीएल वेबसाइट, जनसेवा केन्द्र, मीटर रीडर, विद्युत सखी, फिनटेक प्रतिनिधि या कैश काउंटर से करें। 31 जुलाई तक भुगतान न करने की स्थिति में दी गयी छूट को पुनः बिल में जोड़ दिया जायेगा।

# प्रधानमन्त्री फसल बीमा योजना खरीफ की कार्यशाला का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** फसल बीमा सप्ताह के अन्तर्गत उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव की अध्यक्षता में उप कृषि निदेशक कार्यालय के सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य योजना के अन्तर्गत अधिक से कृषकों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। प्रधानमन्त्री फसल बीमा योजना खरीफ 2025 के एवं फसल बीमा सप्ताह (01 जुलाई से 07 जुलाई) के बारे में अवगत कराया गया व कहा गया कि योजना के अनुसार समस्त पात्र किसानों का फसल बीमा अंतिम तिथि 31 जुलाई से पूर्व अधिसूचित फसल का बीमा कर लिया जाय, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप बीमित कृषकों को योजना का लाभ मिल सके। बैठक में अग्रणी जिला प्रबन्धक गोपाल शेखर झा द्वारा समस्त बैंकों की समीक्षा की गई जिसके दौरान खरीफ 2025 में कृषक ऋण पोर्टल पर अपलोड कृषकों का बीमा समय से किया जाय।बैठक में जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार द्वारा बैंक अधिकारी गण एवं उपस्थित समस्त कृषकों को योजना की विस्तृत जानकारी दी गई।कार्यशाला में बीमा कंपनी यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कम्पनी मनोज कुशवाहा, क्लस्टर प्रभारी एवं जिला प्रबंधक अभिज्ञान सिंह द्वारा उपस्थित बैंकों के जिला समन्वयक को पोर्टल में हुए नवीनीकरण का प्रशिक्षण एवं समय से प्रीमियम कटौती के साथ-साथ समय से कृषकों का विवरण पोर्टल में दर्ज करने हेतु अनुरोध किया ताकि दैवीय आपदा की स्थिति में कृषकों की आय को स्थिर रखा जा सके। बैठक में अध्यक्ष द्वारा जनपद में रबी-2024 में सर्वाधिक कृषकों को बीमित करने वाली बैंक उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा दिलीपपुर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसी क्रम में जनपद में सर्वाधिक क्षति पूर्ति का लाभ पाने वाले पांच कृषकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### कई वर्षों से बन्द पड़ी गोंडा-लखनऊ पैसेंजर ट्रेन सेवा पुनः शुरू करने की मांग



**कर्नलगंज, गोंडा।** तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत सरयू रेलवे स्टेशन के आसपास के ग्रामवासियों ने पूर्वोत्तर रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक, लखनऊ को पत्र लिखकर गोंडा-लखनऊ पैसेंजर ट्रेन सेवा पुनः शुरू करने की मांग की है। पत्र में कहा गया कि मार्च 2020 में कोविड-19 के कारण यह ट्रेन सेवा बंद हो गई थी, जो पिछले पांच वर्षों से बंद है। इस ट्रेन से सरयू और आसपास के दूरदराज के गांवों के हजारों लोग लखनऊ की यात्रा करते थे। ट्रेन बंद होने से स्थानीय निवासियों को भारी असुविधा हो रही है। वैकल्पिक परिवहन साधनों पर निर्भरता बढ़ी है,जो महंगा और समय लेने वाला है। ग्रामवासियों ने बताया कि यह ट्रेन उनकी दैनिक जरूरतों, जैसे नौकरी, शिक्षा और चिकित्सा के लिए महत्वपूर्ण थी। स्थानीय लोगों ने मंडल रेल प्रबंधक से अनुरोध किया है कि इस ट्रेन सेवा को जल्द से जल्द बहाल किया जाए, ताकि उनकी यात्रा सुगम हो सके। इस मांग को लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामवासियों में भी चर्चा जोरों पर है। रेलवे प्रशासन से इस दिशा में त्वरित कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है।

### महापौर विनोद अग्रवाल ने मानेसर में राष्ट्रीय सम्मेलन में रखा मथुरा का दृष्टिकोण

**-देशभर के नगर निकाय प्रतिनिधियों से हुआ विचार-विमर्श, केंद्रीय मंत्रियों ने किया मार्गदर्शन**

**मथुरा।** नगर निगम मथुरा वृंदावन के महापौर विनोद अग्रवाल ने हरियाणा के मानेसर (गुरुग्राम) में शुक्रवार को आयोजित दो दिवसीय शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के राष्ट्रीय सम्मेलन में सहभागिता की। इस सम्मेलन में देशभर से आए महापौरों, नगरपालिका अध्यक्षों और अन्य निकाय प्रतिनिधियों ने भाग लिया।सम्मेलन का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा किया गया। मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अपने संबोधन में कहा शहरी विकास को 'विकसित भारत' के निर्माण की नींव बताया और स्थानीय निकायों की भूमिका को निर्णायक करार दिया।महापौर विनोद अग्रवाल ने बताया कि इस सम्मेलन में देश के विभिन्न शहरों से आए प्रतिनिधियों के साथ अनुभव साझा करने का अवसर मिला। शहरी सुविधाओं, स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, स्मार्ट सिटी परियोजनाओं और डिजिटल गवर्नेंस जैसे विषयों पर सार्थक विमर्श हुआ। उन्होंने कहा कि आज भारत तीव्र गति से प्रगति की ओर बढ़ रहा है और इसमें स्थानीय निकायों की भूमिका बेहद अहम है। मथुरा-वृंदावन नगर निगम भी सरकार की नीतियों के अनुरूप शहर को आधुनिक, स्वच्छ और सुविधासंपन्न बनाने की दिशा में सतत कार्य कर रहा है। महापौर के साथ नगर निगम प्रतिनिधि अंकुर अग्रवाल भी उपस्थित रहे। सम्मेलन में विभिन्न राज्यों के महापौरों के बीच मथुरा की सांस्कृतिक विशेषता एवं विकास कार्यों को भी सराहा गया।

### आराधना मिश्रा पहुंची वृंदावन, सेवायतों से की बात




**-आराधना से गोस्वामी समाज ने की न्यास और कॉरिडोर को लेकर की चर्चा**

**मथुरा।** बांके बिहारी कॉरिडोर और न्यास के विरोध के बीच शुक्रवार को कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा वृंदावन पहुंचीं। आराधना मिश्रा ने कहा कि वह वृंदावन बिहारी जी मंदिर के मुद्दे को विधानसभा में उठाएंगी क्योंकि वृंदावन मंदिर नहीं बल्कि सदियों से चली आ रही परंपरा है। जहां उनका पूर्व सीएलपी लीडर प्रदीप माथुर सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने स्वागत किया। पश्चात वह बांके बिहारी मंदिर पहुंचीं। जहां उन्होंने भगवान बांके बिहारी जी के दर्शन किए। बांके बिहारी जी के दर्शन करने पहुंचीं सीएलपी लीडर आराधना मिश्रा से गोस्वामी समाज ने कॉरिडोर और न्यास के बारे में उनसे चर्चा की। आराधना ने कहा कि आज बहुत दुख हुआ वृंदावन आकर।आज सरकार मनमानी करके बृज के स्वरूप को समाप्त करना चाहती है। उन्होंने कहा वृंदावन कोई मंदिर नहीं है। यह कृष्ण की हृदयस्थली है।

## उत्तर भारत में बारिश के कहर से सब्जियों के दाम आसमान पर, रसोई का बिगड़ा बजट

**स्वतंत्र प्रभात**

**गोंडा।** मानसून की पहली बारिश ने गर्मी से राहत तो दी,लेकिन आम आदमी की जेब पर भारी बोझ डाल दिया। लगातार बारिश के कारण स्थानीय सब्जियों की पैदावार ठप हो गई या खराब हो चुकी है,जिससे मंडियों में सब्जियों के दाम बेकाबू हो गए हैं। छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों से सब्जियों की आपूर्ति पर निर्भरता बढ़ने से कीमतों में भारी उछाल आया है,जिससे रसोई का बजट बिगाड़ दिया है टमाटर, भिंडी और करेले की कीमतों में उछाल सब्जियों में सबसे ज्यादा तेजी टमाटर के दामों में देखी गई। पिछले हफ्ते 30 रुपये प्रति किलो बिकने वाला टमाटर अब 40 रुपये प्रति किलो हो गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि फुटकर बाजार में इसके दाम और बढ़ सकते हैं। भिंडी जो पहले 20 रुपये प्रति किलो थी, अब 30-35 रुपये प्रति किलो बिक रही है। करेला भी 45-50 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है, जो आम आदमी की थाली से दूर होता जा रहा है। लहसुन, अदरक और धनिया भी महंगे सब्जियों के साथ मसालों ने भी उपभोक्ताओं को परेशान किया। लहसुन के दाम दो दिनों में 20 रुपये बढ़कर 110 रुपये प्रति किलो हो गए। अदरक 45 रुपये प्रति किलो और धनिया की कीमतों में भी तेजी देखी जा रही है। थोक कारोबारियों का अनुमान है कि अगले हफ्ते तक कीमतें और बढ़ेंगी बाहरी राज्यों से आपूर्ति, परिवहन लागत का बोझ जबलपुर में टमाटर की आपूर्ति मुख्य रूप से कर्नाटक से हो रही है। थोक में 24-26 रुपये प्रति किलो के बावजूद, फुटकर बाजार में यह 35-45 रुपये तक बिक रहा है। परिवहन लागत और बिचौलियों का मुनाफा कीमतों को और बढ़ा रहा है। आलू और प्याज की कीमतों में भी 5-10 रुपये प्रति किलो की तेजी आई है। दोनों



20-25 रुपये प्रति किलो बिक रहे हैं, और अगले कुछ दिनों में 5 रुपये की और बढ़ोतरी संभावित है। मंडी में प्याज की 20 गाड़ियां मैहर और खंडवा से,जबकि आलू की 20-22 गाड़ियां प्रयागराज और आगरा से आ रही हैं। बढ़ती कीमतों ने आम लोगों की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। थोक कारोबारी और विशेषज्ञ मानते हैं कि बारिश का असर कम होने तक सब्जियों के दाम स्थिर होने की उम्मीद कम है।

## उपायुक्त खाद्य के आदेश से बहुवन मदार मांझा के उचित दर दुकान आवंटन पर लगी रोक अगले आदेश तक रासन वितरण पर लगी रोक

**स्वतंत्र प्रभात**

**गोंडा।** देवीपाटन मंडल की खाद्य उपायुक्त ने करनैलगंज तहसील क्षेत्र की बहुचर्चित उचित दर दुकान आवंटन प्रक्रिया पर फिलहाल रोक लगा दी है। न्यायालय उपायुक्त खाद्य,देवीपाटन मंडल में लंबित अपील पर सुनवाई करते हुए आदेश पारित किया गया है,जिसमें उप जिलाधिकारी करनैलगंज द्वारा जारी दुकान आवंटन आदेश के क्रियान्वयन एवं प्रभाव को आगामी सुनवाई तक स्थगित कर दिया गया है प्राप्त जानकारी के अनुसार नीलम बनाम सरकार आदि शीर्षक से दायर अपील में याचिकाकर्ता नीलम ने यह आरोप लगाया था कि 20 जून 2025 को साधना सिंह पत्नी चन्द्रहास सिंह, अध्यक्ष सम्मान महिला स्वयं सहायता समूह के पक्ष में जारी उचित दर दुकान की नियुक्ति आदेश नियमों के विरुद्ध है। यह अपील उत्तर प्रदेश आवश्यक वस्तु (विक्रय एवं वितरण नियंत्रण का विनियमन) आदेश 2016 की धारा 13 (3) के अंतर्गत दाखिल की गई थी। खाद्य उपायुक्त विजयप्रभा की ओर से 30 जून को पारित आदेश में स्पष्ट किया गया है कि अपील समयबद्ध है और सुनवाई के लिए स्वीकार कर ली गई है। इस क्रम में उप जिलाधिकारी करनैलगंज द्वारा पारित नियुक्ति आदेश का क्रियान्वयन व प्रभाव अगली सुनवाई तक स्थगित कर दिया गया है। मामले की अगली सुनवाई हेतु पत्रावली 7 जुलाई 2025 को पेश की जाएगी। उधर, ग्राम पंचायत बहुवन मदारमांझा में उचित दर दुकान चयन को लेकर उत्पन्न विवाद पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा भी पहले ही रोक लगा चुकी हैं। ग्रामवासी रिंकी यादव द्वारा



जनता दर्शन में दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी व उप जिलाधिकारी करनैलगंज को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी प्रक्रिया के साथ पुनः खुली बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए थे। आरोप है कि 24 मई को प्रस्तावित बैठक को पश्चिमी क्षेत्र के स्थान पर पूर्वी छोर पर कराया गया और नोडल अधिकारी द्वारा विरोध के चलते बैठक स्थगित कर दी गई थी।

## श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा में विष्णुप्रिया मणिपुरी समुदाय के हजारों लोगों की उपस्थिति में श्री श्री जगन्नाथ महाप्रभु की रथ यात्रा महोत्सव मनाया गया

● **प्रभु जगन्नाथ के समक्ष सभी की मंगलकामनाएँ- रामकृष्णनगर विधायक विजय की**

● **राताबाड़ी पुलिस प्रशासन और सीआरपीएफ बल की सक्रिय भूमिका।**

**स्वतंत्र प्रभात**

**श्रीभूमि-** हर साल की तरह इस बार भी श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा हायर सेकेंडरी रोड पर शताब्दी पुरातन सनातनी धर्मावलंबियों के श्री श्री जगन्नाथ महाप्रभु मंदिर में 3 जुलाई (गुरुवार) को महाप्रभु की रथयात्रा का मिलन उत्सव मनाया गया। लेकिन 2005 ई. से स्थानीय हेमचंद्र चाटर्जी की कोशिशों से रथ यात्रा का मिलोत्सव की शुभारंभ हुआ। इसमें विभिन्न गांवों से श्री श्री जगन्नाथ महाप्रभु को प्रकाश सज्जा के साथ सुसज्जित करके एक ही स्थान पर मिलना दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। सुबह से ही दुल्लभछड़ा में श्री श्री जगन्नाथ महाप्रभु के उत्सव आनंद उत्तेजना के माध्यम से रथ यात्रा में भक्तों की भीड़। विष्णुप्रिया मणिपुरी समुदाय के सातवें दिन के इस रथयात्रा महोत्सव में दुल्लभछड़ा के पास स्थित आदर्श कृष्णनगर गांव के रामकृष्ण मंडप (भीटीआला मंडप), प्राचीन श्री श्री जगन्नाथदेव मंदिर और राधाश्याम मंडप सहित विष्णुपुर गांव, फेटीपात गांव, हरिणटिला गांव, बाखलटिला गांव, रुपाग्राम, पातिआला गांव, श्यामनगर गांव और जयनगर गांव के विभिन्न गांव एक साथ मिलकर रथयात्रा मिलन उत्सव में भाग लेते है। लेकिन पिछले साल की तुलना में इस बार रथों की संख्या कम थी, सिंगला नदी के आरसीसी पुल के खस्ता हालत के कारण। फिर भी विष्णुप्रिया मणिपुरी समुदाय के विभिन्न गांवों से महिलाएं और पुरुष नए कपड़े पहनकर ढाक ढोल बजाते हुए, नित्य सेवा के माध्यम से रस्सी खींचते हुए 'जयगबिंद जयगबिंद गोपाल गोपी हबी प्राणों के दई गोपाल' गाना गाते हुए रथ लाते हैं। इस रथयात्रा उत्सव में रामकृष्णनगर विधायक विजय मालाकार प्रत्येक रथ के नित्य सेवा करने वालों के साथ शामिल होकर रथ की रस्सी खींचते हैं, आनंदित होकर ढाक ढोल बजाते हैं और नृत्य करते हैं, श्री श्री जगन्नाथ के चरणों में प्रणाम करते हैं, फिर आयोजित पवित्र रथयात्रा में प्रभु जगन्नाथ से समस्त के लिए मंगल की कामना की। उपस्थित थे दुल्लभछड़ा सीवीपीएचएस स्कूल के प्रधान देवाशीष सिन्हा, दरगारबंद एपी के नव निर्वाचित सदस्य सुरेंद्र सिन्हा, दरगारबंद गांव पंचायत की नव निर्वाचित अध्यक्ष माला सिन्हा, वार्ड सदस्य श्याम कुमार सिन्हा, दुल्लभछड़ा मंडल भाजपा के अध्यक्ष चंदन



भर, लालछड़ा गांव पंचायत के अध्यक्ष संजय कुमार गोस्वामी, लालछड़ा ग्राम पंचायत के एपी सदस्य मतिलाल राय, वार्ड सदस्य विमल सिन्हा, एवं अन्य लोग मौजूद थे। सुबह से ही नगर क्षेत्र के व्यापारी सहित स्थानीय लोग विभिन्न प्रकार के सामान की दुकानों को सजाकर रखा जिससे पूरा क्षेत्र व्यस्त था। भारी जनसमागम के बीच महारथयात्रा उत्सव समिति द्वारा विशिष्ट व्यक्तियों का स्वागत किया गया। इस बीच शांति, व्यवस्था और लोगों की भारी भीड़ को संभालने के लिए राताबाड़ी पुलिस प्रशासन और सीआरपीएफ बलों की तत्परता से शांति पूर्ण तरीके से यह आयोजन संपन्न हुआ। उनके कठोर कदमों के लिए महारथयात्रा उत्सव समिति के सचिव और समाजसेवी दीपन सिन्हा, दुल्लभछड़ा जिला परिषद सदस्य तथा महारथयात्रा उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रनब मुखर्जी सहित दरगारबंद जीपी के पूर्व अध्यक्ष हेमचंद्र चाटर्जी, मृणाल सिन्हा, मनरंजन सिन्हा (रानू) और जगदानंद सिन्हा ने प्रत्येक रथ यात्रा की समिति और प्रशासन के लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दिन दुल्लभछड़ा विद्युत विभाग के कर्मियों ने रथ में बिजली के तार लगे होने पर किसी प्रकार की घटना न हो, इस पर ध्यान रखते हुए सहयोग किया।

## कॉरिडोर पर अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा ने किया सांकेतिक विरोध

● **-प्रशासन की ओर से नहीं मिली थी महासभा को विरोध प्रदर्शन की अनुमति**

**स्वतंत्र प्रभात**



**मथुरा।** वृंदावन में प्रस्तावित कॉरिडोर के विरोध में अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा ने सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। जिला प्रशासन की ओर से महासभा के विरोध प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिली थी। इसके बाद महासभा की ओर से सांकेतिक विरोध करने का फैसला किया गया और मुख्य कार्यक्रम को स्थगित कर दिया। अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के नेतृत्व में शुक्रवार को एक बार फिर महेश पाठक की अगुवाई में बांके बिहारी मंदिर के गेट संख्या एक पर सांकेतिक धरना दिया गया। जिस धरने में अन्य राज्य से भी पुरोहित महासभा के अधिकारी मौजूद थे। महेश पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री ने पूर्व में दिए गए बयान में कहा गया था कि पूजा पाठ, मंदिर मठ का अधिकार सभी को प्राप्त है और उनका अधिग्रहण नहीं होना चाहिए तो अब मुख्यमंत्री स्वयं बांके बिहारी मंदिर का अधिग्रहण करवाना चाहते हैं। अगर कॉरिडोर बनवाना ही चाहते हैं तो मंदिर का अधिग्रहण आखिर क्यों किया जा रहा है। वहीं विकल्प के तौर पर गोस्वामियों को 25 एकड़ की भूमि इस क्षेत्र में दी जाए।

जहां बांके बिहारी मंदिर का निर्माण किया जा सके, साथ ही पार्किंग की सुविधा भी मिल सके। इस विकल्प को अपनाने के बाद वृंदावन की कुंज गली और स्थानीय लोगों की भवन की स्थिति जस की तरह रहेगी। अधिग्रहण के संदर्भ में भारतवर्ष के तीर्थ पुरोहितों ने निर्णय लिया है कि अगर ऐसी कोई विकल्प सरकार तलाशे जिससे सभी के हित में कार्य हो। महेश पाठक ने यह भी कहा कि आज प्रदेश के साथ साथ कई राज्यों के पुरोहित शामिल होने वाले थे लेकिन प्रशासन ने अनुमति नहीं दी। पुरोहित समाज यह ऐलान करती है कि अगर सरकार अपना निर्णय नहीं बदलता है तो आंदोलन तेज होगा और उसकी जवाब दे ही सरकार की होगी। दूसरी तरफ गोस्वामी समाज की महिलाओं का भी धरना प्रदर्शन जारी रहा उन्होंने हस्ताक्षर अभियान चलाकर इस मुहिम को रंग देने का प्रयास किया है। धरने में कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष भगवान सिंह वर्मा, रामकृष्ण तिवारी, सुधीर उपाध्याय अमर, श्रीकांत वशिष्ठ, आर गवाड़े, आशुतोष द्विवेदी, देव गोस्वामी, दीपक पाराशर, भगवान सिंह आदि मौजूद थे।

## आम आदमी पार्टी ने परिषदीय विद्यालयों को बंद करने की निंदा की

**स्वतंत्र प्रभात**

**मथुरा।** आम आदमी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि प्रकाश भारद्वाज ने उत्तर प्रदेश सरकार के 16 जून के आदेश के तहत प्रदेश में 27 हजार परिषदीय विद्यालयों को बंद करने की साजिश का घोर विरोध करते हुए आदेश को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की है। इस संबंध में आम आदमी पार्टी पूरे प्रदेश भर में अपना आंदोलन चल रहा है तथा जहां-जहां स्कूल बंद हो रहे हैं वहां की जनता के साथ संवाद, संबंध स्थापित करके विरोध को तेज करने का काम कर रही है। मथुरा में 68 विद्यालयों को बंद करने का निर्देश प्रभारी बीएसए द्वारा दिया जा चुका है जो कि बेहद ही चिंतनीय है तथा शिक्षा के अधिकार के विरुद्ध है। भारत में शिक्षा का संवैधानिक अधिकार है जिसे उत्तर प्रदेश सरकार असंवैधानिक रूप से षड्यंत्र करके छीनने का काम कर रही है। जिस देश में 80 करोड लोग 5 किलो राशन पर निर्भर करते हो वहां पर शिक्षा के अधिकार को छीनने का षड्यंत्र करना भी गरीबों के प्रति घोर अन्याय है। दुर्भाग्य की बात यह है कि उत्तर प्रदेश सरकार का ज्यादा जोर प्रदेश भर में पाठशाला बंद करके मधुशाला खोलने पर लगा हुआ है। उत्तर प्रदेश के अंदर आज भी अशिक्षितों की संख्या बड़े पैमाने पर है यहां सरकारी शिक्षा को बढ़ावा देकर ही निरक्षरता जैसे अंधेरे को मिटाया जा सकता है।

## एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र मे इंटक यूनियन के कल्याण समिति के सदस्य रहे कामरेड सोनू पटेल ने थामा एटक का दामन

**स्वतंत्र प्रभात**



**शहडोल-** बीते कल दिनांक 04.07.2025 दिन बुधवार को संयुक्त कोयला मजदूर संघ (एटक) एसईसीएल के केंद्रीय सचिव एवं कुसमुण्डा क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कामरेड बी.एल. महंत (राजवीर) के नेतृत्व में एटक क्षेत्रीय कार्यालय विकासनगर कुसमुण्डा में इंटक यूनियन के कल्याण समिति के सदस्य रहे कामरेड सोनू पटेल, क्षेत्रीय आवास आवंटन समिति के सदस्य रहे कामरेड योगेश राय सहित कामरेड रामेश्वर खंडेलवाल, कामरेड मनोज कुमार नारंगे, कामरेड देवेश गभेल, कामरेड ललित कुमार, कामरेड रमेश प्रसाद, कामरेड सोनू सिंह, कामरेड अयोध्या, कामरेड दिलीप सिंह, कामरेड उत्तम सिंह, कामरेड अमर सिंह राठौर, कामरेड कैलाश, कामरेड प्रकाश बैगा, कामरेड मनीष साहू, कामरेड रामसुजान प्रजापति, कामरेड रमेश भारती, कामरेड गुलशाद रजक, कामरेड आदित्य सिंह, कामरेड सुशील सिंह, कामरेड लवकेश सिंह, कामरेड रवि, कामरेड कन्हैया सिंह, कामरेड आदित्य पटेल, कामरेड प्रमोद पटेल, कामरेड अजय कोल, कामरेड प्रकाश कोल, कामरेड किशन, कामरेड ललमन सिंह, कामरेड विशेश्वर गिरी, कामरेड रुपेश रावत, कामरेड हरीश, कामरेड सतेंद्र, कामरेड विष्णु, कामरेड योगेंद्र सहित लगभग 40 साथियों ने एटक यूनियन में प्रवेश किया। इस अवसर पर एसकेएमएस (एटक) के केंद्रीय सचिव एवं कुसमुण्डा क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कामरेड बी.एल. महंत (राजवीर) ने सभी साथियों को पुष्प माला एवं गमछा पहनाकर तथा सदस्यता पत्रक भरकर यूनियन में प्रवेश कराया। उक्त कार्यक्रम में एटक से कामरेड नरेश साहू, कामरेड महेंद्र पाल यादव, कामरेड मंतोष कुमार, कामरेड शैलेन्द्र सिंह, कामरेड दिल चंद, कामरेड अंकित तिवारी, कामरेड संजय कुमार गुप्ता, कामरेड पारस तिवारी, कामरेड गोबिंदा सिंह, कामरेड लवकेश एवं कामरेड रमेश मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## कटराबाजार, परसपुर, पंडरीकृपाल और छपिया में यूनिट प्लास्टिक मुक्त बनाने की मंजूरी

● **प्लास्टिक मुक्त गोंडा की ओर एक ठोस कदम- वजीरगंज की सफलता के बाद अब चार और विकासखंडों में बनेंगी प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट्स**

**स्वतंत्र प्रभात**

**गोण्डा।** जिला प्रशासन गोंडा ने ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरणीय संतुलन और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में उल्लेखनीय पहल करते हुए प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट्स (PWMU) के विस्तार की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वजीरगंज में स्थापित जनपद की पहली प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट के सफल संचालन के बाद अब जिले के अन्य क्षेत्रों में भी इस पहल को विस्तार दिया जा रहा है। वजीरगंज यूनिट अब पूर्णतः संचालित है,जहाँ वजीरगंज, नवाबगंज और तरबगंज विकासखण्डों से इकट्ठा किए गए प्लास्टिक कचरे का वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करण किया जा रहा है। इस यूनिट के माध्यम से जहां एक ओर पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित हो रहा है,वहीं दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हो रहे हैं। इस सफलता को देखते हुए जिला प्रशासन ने शेष चार PWMU यूनिट्स के निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) कार्यालय को भेजने की प्रक्रिया तेज कर दी है। स्वच्छता समिति की हाल ही में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी नेहा शर्मा द्वारा विस्तार प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया। उन्होंने इस दिशा में तत्परता दिखाते हुए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक चयनित विकासखण्ड समूह में निर्धारित समयसीमा के भीतर यूनिट स्थापना की प्रक्रिया पूरी की जाए। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया, "ग्राम स्तर पर प्लास्टिक कचरे का नियमित और वैज्ञानिक ढंग से निस्तारण हमारी प्राथमिकता है। वजीरगंज यूनिट ने यह दिखाया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी यदि सही संसाधन और योजना के साथ कार्य किया जाए तो उल्लेखनीय परिणाम सामने आ सकते हैं। हमारा उद्देश्य है कि गोंडा जल्द ही 'प्लास्टिक मुक्त जनपद' के रूप में स्थापित हो यहां बनेंगी यूनिट्स परसपुर विकासखण्ड



को बेलसर, कर्नलगंज समूह के लिए यूनिट निर्माण हेतु चयनित किया गया है। कटरा बाजार यूनिट प्रस्ताव तैयार कर मिशन कार्यालय को भेजा जा रहा है, जो हलधरमऊ और रुपईडीह ब्लॉक को कवर करेगा। वहीं इटियाथोक, पंडरीकृपाल, झंझरी और मुजेहना समूह के लिए पंडरीकृपाल और मनकापुर, छपिया, बभनजोत समूह के लिए छपिया का चयन किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन ने बताया कि प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट्स परियोजना के अंतर्गत प्रत्येक यूनिट में प्लास्टिक कचरे की छंटाई, संकलन, प्रसंस्करण और पुनर्चक्रण की प्रक्रिया को आधुनिक मशीनों और प्रशिक्षित मानव संसाधनों की सहायता से संपन्न किया जाएगा। यह पहल न केवल स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को साकार कर रही है, बल्कि जनपद में स्थायी पर्यावरणीय विकास की ओर एक बड़ा और महत्वपूर्ण कदम है।

## गौशालाओं से 20 लाख रोजगारों का हुआ सृजन, केन्द्रीय रोजगार मंत्री ने की सराहना

● **राष्ट्रीय गौधन समिट 2025 में गौउत्पादों के 600 काउंटर लगेंगे**

**स्वतंत्र प्रभात**



**नई दिल्ली -** गोबर से बनी लकड़ी का प्रयोग शमशान स्थलों पर करके 5 करोड़ पेड़ बचाए गौमाता से शापित इस देश की केन्द्र सरकार गौरक्षा को जल्द से जल्द मजबूत कानून लाये भूपू सीजेआई ने कहा था देशी गाय का गोबर कोहिनूर से भी मूल्यवान है लगभग 5 लाख गौभक्तों का राजधानी दिल्ली में होगा समागम 5 से 10 नवम्बर में मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में होगी नेशनल समिट दिल्ली। 3 जुलाई। देश भर में फैली 22 हजार से ज्यादा गौशालाओं के जरिए 20 लाख से अधिक रोजगारों का सृजन हो रहा है। पंचगव्य निर्माण, औषधि निर्माण, खाद निर्माण सहित विभिन्न उत्पाद यह रोजगार प्रदान कर रहे हैं। दुग्ध उत्पादन से होने वाला रोजगार इससे अलग है। साथ ही ये गौशालाएं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी बड़ी भूमिका निभा रही हैं। गोबर से बनी लकड़ी का उपयोग श्मशान स्थलों पर होने से करोड़ों पेड़ों को कटने से बचाने में सफलता मिल रही है। पहले साढ़े नौ लाख टन गोबर सड़कों व नालियों के लिए समस्या बनता था, आज गोबर से लकड़ी बनाकर उसका सदुपयोग किया जा रहा है।

यह जानकारी राष्ट्रीय गौधन महासंघ के मुख्य संयोजक विजय खुराना ने आज यहां पत्रकारों को दी। वह महासंघ के हौजखास स्थित कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने बताया कि मुगल काल में गाय नहीं कटी, 190 बरस पहले अंग्रेजी शासनकाल में यह महापाप शुरू हुआ। जब केवल 8 करोड़ गाएं बचीं, तब राष्ट्रीय गौधन महासंघ का जन्म 7 नम्बर 2005 को हुआ। आज गौमाताओं की संख्या 20 करोड़ है। उन्होंने बताया कि महासंघ के प्रयासों से भारत में गौशालाओं की संख्या 9 हजार से बढ़कर 22 हजार हो गई है। उन्होंने चिन्ता व्यक्त की कि अभी केन्द्र सरकार के पास गौरक्षा के लिए कोई कानून नहीं है। राज्यों ने अपने हिसाब से कानून बनाए हैं। कहा कि गौशाला प्रबंधकों तथा गौपालकों का अब तक का यह सबसे बड़ा समागम होगा। समिट में भारत के विभिन्न राज्यों से आए लगभग 5 लाख लोग भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय गौधन समिट 2025 में अनेक गणमान्य व्यक्तियों के भाग लेने की संभावना है, जिसकी स्वीकृतियां आना शुरू हो गई हैं। उनमें भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख लाल मांडविया तथा वरिष्ठ सांसद एवं पूर्व पशुपालन मंत्री पुरुषोत्तम खोडाभाई रुपाला शामिल हैं।समिट में विश्व हिन्दू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक देवी चन्द चोपड़ा सहित अनेक राष्ट्रवादी पुरुषों की भी भागीदारी होगी। राष्ट्रीय गौधन समिट 2025 की संयोजक पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने बताया कि कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर 5 नवम्बर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी आमंत्रित किया गया है। कहा कि 10 नवंबर को आहूत समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से पधारने का आग्रह किया गया है। श्रीमती दुग्गल ने कहा कि कृष्ण की गाय और शिव के नन्दी को बचाए बिना इस देश का कल्याण सम्भव नहीं है। यह बात सरकार और समाज सभी को बिना देर किए समझनी और समझानी होगी। उन्होंने इस नेशनल समिट के प्रेरणाकार प्रख्यात संत श्रीश्री रविशंकर को साधुवाद कहा।

राष्ट्रीय गौधन समिट 2025 के मुख्य प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी राम महेश मिश्र के अनुसार देश भर में फैली गौशालाओं के द्वारा अपने-अपने काउंटर भी स्टेडियम में नियत स्थान पर लगाए जाएंगे, जिन पर गौशालाओं के द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि हमारी गौशालाएं देश की अर्थव्यवस्था में सुधार की दिशा में बड़ी भूमिका निभा रही हैं। 20 लाख से ज्यादा रोजगारों का सृजन इस दिशा में एक बड़ा प्रयास है। उन्होंने बताया कि आज सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश संघीशे में श्री खुराना द्वारा भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश की उस टिप्पणी की सराहना की जिसमें उन्होंने कहा था कि हिंदुस्तान की देशी गाय का गोबर कोहिनूर हीरे से भी ज्यादा मूल्यवान है।जीवन के 100वें बसन्त की ओर बढ़ रहे बुजुर्ग देवी चन्द्र चोपड़ा ने भारत की सम्पदा और संपन्नता की माप एवं पहचान गायों की संख्या से होने की ओर देश का ध्यान खींचा और चिन्ता व्यक्त की कि उस मेरे देश में गायों की संख्या तेजी से कम हो रही है। भारत के भविष्य के लिए उन्होंने इस स्थिति में जल्द से जल्द सुधार लाने का आह्वान समाज व सरकार दोनों से किया। प्रेस वार्ता में दिल्ली विधानसभा के पूर्व विधायक मदन लाल, श्री सनातन धर्म महासभा के प्रमुख प्रतिनिधि एवं सनातन धर्म मंदिर जनकपुरी के चेयरमैन भूषण लाल पाराशर, भारत विकास परिषद के महेश शर्मा, वैद्य ज्ञानेन्द्र प्रकाश, समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।